भोपाल
रविवार, 13 जुलाई 2025
श्रावण मास कृष्ण पक्ष-03
वर्ष : 12, अंक : 103
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 25
न्यून. 23

# हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

## लाड़ली बहनों को मिला तोहफा

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 1.27 करोड़ लाड़ली बहनों को 1543.16 करोड़ रुपए अंतरित किए



***30 लाख बहनों को उज्ज्वला योजना की सब्सिडी के रूप में मिले 46.34 करोड़ रुपए***

***सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना के 56.74 लाख हितग्राहियों को मिले 340 करोड़ रुपए***

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने प्रदेश की 1.27 करोड़ लाड़ली बहनों को 26वीं किश्त के रूप में 1543.16 करोड़ रुपए की सहायता राशि उनके बैंक खातों में अंतरित की। मुख्यमंत्री ने 30 लाख से अधिक बहनों को प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत सिलेंडर रिफिलिंग के लिए 46.34 करोड़ रुपए सब्सिडी राशि तथा 56.74 लाख सामाजिक सुरक्षा पेंशन हितग्राहियों को 340 करोड़ रुपए की ▶▶ शेष पेज 6 पर ▶▶ पढ़ें पेज 05 भी

उज्जैन के कालिदास संस्कृत अकादमी परिसर में राज्य स्तरीय निषादराज सम्मेलन सीएम ने किए ऐलान

# मत्स्य पालन को उद्योगों की तरह मिलेंगी सुविधाएं... 92 करोड़ के 3360 केज परियोजना का वर्चुअल भूमिपूजन



विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मछली पालन भी एक उद्योग है, इसे भी अन्य उद्योगों की तरह सभी सुविधाएं मिलेंगी। उन्होंने 22 करोड़ 65 लाख रुपए की लागत से 453 स्मार्ट फिश पार्लर का भूमि-पूजन और इंदिरा सागर बांध में लगभग 92 करोड़ लागत से 3360 केज परियोजना का वर्चुअल भूमि-पूजन भी किया। डॉ. यादव शनिवार को उज्जैन स्थित कालिदास संस्कृत अकादमी परिसर में राज्य स्तरीय निषादराज सम्मेलन एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम को ▶▶ शेष पेज 6 पर

» अब मछली पालन में निवेश बढ़ेगा, उत्पादन बढ़ेगा और युवाओं को रोजगार मिलेगा

» सीएम ने 22.65 करोड़ की लागत से 453 स्मार्ट फिश पार्लर का भूमिपूजन किया, आईस बॉक्स लगी 430 मोटर साइकिलें बांटी




### मत्स्य पालन के लिए अनुदान देगी सरकार

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अब मछली पालन में निवेश बढ़ेगा, उत्पादन बढ़ेगा और युवाओं को रोजगार मिलेगा। उन्होंने कहा कि सरकार मस्त्य पालन के लिए मछुआरों को अनुदान देगी। राज्य सरकार ने प्रदेश में सिंचाई का रकबा बढ़ाया है, जिसका लाभ मछुआरों को भी मिल रहा है। पिछली सरकार में प्रदेश की सिर्फ 7 लाख हेक्टेयर भूमि पर सिंचाई होती थी, यह रकबा हमारी सरकार में बढ़कर 55 लाख हेक्टेयर तक पहुंच ▶▶ शेष पेज 6 पर

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### भारत में 48 प्रतिशत सस्ती हुई एक्स की सदस्यता

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' ने भारत में खाताधारकों के लिए सदस्यता शुल्क में 48 प्रतिशत तक की कटौती की है। सोशल मीडिया फर्म ने मोबाइल एप के लिए प्रीमियम अकाउंट सब्सक्रिप्शन शुल्क में लगभग 48 प्रतिशत की कटौती कर इसे 470 रुपए कर दिया है, जो पहले मासिक आधार पर 900 रुपए लिया जाता था।

### राजा हत्याकांड के 2 सह-आरोपियों को दी जमानत



**शिलॉन्ग।** इंदौर के राजा रघुवंशी मर्डर केस में कोर्ट ने दो सह-आरोपियों लोकेंद्र सिंह तोमर और बलबीर अहिरवार को जमानत दे दी है। दोनों की न्यायिक हिरासत खत्म होने के बाद प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट डीकेके मिहसिल्ल की अदालत ने बुधवार को दोनों को जमानत दी। सुनवाई वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हुई।

### बस ने ऑटो को मारी टक्कर, दो की मौत



**उज्जैन।** इंदौर की ओर जा रही एक बस ने ओवरटेक करने के चक्कर में त्रिवेणी पुल पर एक ऑटो को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में ऑटो में सवार दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। बस चालक घटनास्थल से फरार हो गया। हादसे के कारण इंदौर रोड पर 5 किमी लंबा जाम लग गया, जिससे एंबुलेंस को भी घटनास्थल तक पहुंचने में मुश्किल हुई।

अहमदाबाद प्लेन क्रैश- 15 पेज की रिपोर्ट में हुआ खुलासा

# अनुत्तरित सवाल: फ्लाइट के दोनों इंजनों का फ्यूल किसने बंद किया था, जिससे हादसा... !

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अहमदाबाद प्लेन हादसे के एक महीने बाद शुरुआती जांच रिपोर्ट आ गई है। एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो (एएआईबी) ने शनिवार को 15 पेज की रिपोर्ट सार्वजनिक की। प्रारंभिक जांच के मुताबिक यह हादसा विमान के दोनों इंजन बंद होने की वजह से हुआ था। टेकऑफ के तुरंत बाद एक-एक करके दोनों फ्यूल स्विच बंद हो गए थे, इस वजह से दोनों इंजन भी बंद हो गए। इस दौरान कॉकपिट की रिकॉर्डिंग से पता चला है कि एक पायलट ने दूसरे से पूछा था कि क्या तुमने स्विच बंद किया है? दूसरे ने जवाब दिया, नहीं। इसके बाद अनुत्तरित सवाल उठा कि आखिर फ्लाइट के दोनों इंजनों का फ्यूल किसने बंद किया था, जिसकी वजह से हादसा हो गया।

रिपोर्ट के मुताबिक, हादसे वाले विमान में दोनों इंजनों के फ्यूल स्विच बंद थे, जिसके बाद पायलटों ने इसे चालू किया और दोनों इंजन को दोबारा शुरू करने की कोशिश की थी। लेकिन विमान बहुत कम ऊंचाई पर था, इसलिए इंजनों को दोबारा ताकत पाने का समय नहीं मिल सका और विमान क्रैश हो गया। हालांकि ये सामने नहीं आया है कि फ्यूल स्विच बंद कैसे हुए थे। 15 पन्नों की रिपोर्ट के मुताबिक, टेकऑफ ▶▶ शेष पेज 6 पर

12 जून को एयर इंडिया की फ्लाइट टेकऑफ के कुछ ही देर बाद क्रैश हो गई थी। इसमें 270 लोगों की हुई थी मौत





रिपोर्ट में मौसम, बर्ड-हिट और सबोटाज जैसे किसी भी कारण का जिक्र नहीं

### प्लेन क्रैश रिपोर्ट की प्रमुख बातें

- उड़ान भरने के कुछ सेकंड बाद ही दोनों इंजन बंद हो गए
- कॉकपिट की रिकॉर्डिंग में एक पायलट ने पूछा, तुमने इंजन क्यों बंद किया? दूसरे ने कहा, मैंने नहीं किया
- इंजन को फिर से चालू करने की कोशिश की गई। इंजन 1 थोड़ा ठीक हुआ, लेकिन इंजन 2 चालू नहीं हो सका
- प्लेन सिर्फ 32 सेकंड तक हवा में रहा। फिर रनवे से 0.9 नॉटिकल मील दूर एक हॉस्टल से टकराकर गिर गया
- ईंधन की जांच में सब साफ निकला, कोई खराबी या गंदगी नहीं मिली
- टेकऑफ के समय फ्लैप और लैंडिंग गियर सही स्थिति में थे

### ये अंतिम रिपोर्ट नहीं, शुरुआती रिपोर्ट है: मंत्री नायडू



केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री राम मोहन नायडू ने इस रिपोर्ट पर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि ये एक शुरुआती जांच रिपोर्ट है और एएआईबी की अंतिम रिपोर्ट आने तक कोई भी आधिकारिक निष्कर्ष नहीं निकाला जाएगा। उन्होंने कहा कि यह रिपोर्ट फिलहाल प्रारंभिक स्तर की है और मंत्रालय इसमें सामने आई बातों का विश्लेषण कर रहा है। नायडू ने कहा कि एएआईबी एक स्वतंत्र संस्था है और हम उन्हें हर संभव सहयोग दे रहे हैं। ▶▶ शेष पेज 6 पर

### रिपोर्ट की अमेरिका ने की तारीफ

दूसरी ओर रिपोर्ट पर अमेरिका की नेशनल ट्रांसपोर्टेशन सेफ्टी बोर्ड के पूर्व मैनेजिंग डायरेक्टर पीटर गोएल्ज ने एएआईबी की तारीफ की है। उन्होंने कहा, भारत के विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो की सराहना की जानी चाहिए कि ▶▶ शेष पेज 6 पर

### जांच में कर रहे सहयोग: एयर इंडिया

एयर इंडिया ने रिपोर्ट पर बयान जारी किया है। कंपनी ने कहा है कि वह 'हादसे में प्रभावित परिवारों के साथ खड़ी है' और जांच कर रहीं एजेंसियों के साथ पूरा सहयोग कर रही है। बयान में रिपोर्ट के किसी विशेष विवरण पर टिप्पणी नहीं की गई है। हम इस दुखद समय में शोक में डूबे हैं और हर संभव मदद देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम शनिवार को एयरक्राफ्ट एक्सीडेंट इन्वेस्टिगेशन ब्यूरो (एएआईबी) की ओर से जारी शुरुआती रिपोर्ट को प्राप्त करने की पुष्टि करते हैं। हादसे के बाद एयर इंडिया की मूल कंपनी टाटा संस ने मृतकों के परिजनों को एक करोड़ रुपए का मुआवजा देने की घोषणा की। जबकि एयर इंडिया ने 25 लाख का अंतरिम मुआवजा देना शुरू कर दिया है। साथ ही एयर ▶▶ शेष पेज 6 पर

देशभर के 47 शहरों में रोजगार मेले का आयोजन

## पीएम मोदी ने 51,000 युवाओं को बांटे नियुक्ति पत्र, बोले- अब बिना पर्ची, बिना खर्ची हो रही भर्ती



वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित किया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

देशभर के 47 शहरों में शनिवार को रोजगार मेले का आयोजन हुआ। इस दौरान पीएम नरेंद्र मोदी ने देशभर के युवाओं को एक बड़ी सौगात देते हुए 51,000 से ज्यादा नियुक्ति पत्र बांटे। साथ ही पीएम मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए युवाओं को संबोधित भी किया। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य पारदर्शी और ईमानदार भर्ती प्रक्रिया को आगे बढ़ाना है। पीएम मोदी ने कहा कि देश के लाखों युवाओं को ऐसे रोजगार मेलों के माध्यम से नौकरी मिली है और वे आज राष्ट्र निर्माण में योगदान दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारा मंत्र है.. 'बिना पर्ची, बिना खर्ची'। युवाओं के संबोधन के दौरान पीएम मोदी ने कहा कि अलग-अलग विभागों में नियुक्त हो रहे ये युवा आने वाले समय में देश के विकास की रफ्तार को तेज करेंगे। उन्होंने कहा कि कुछ देश ▶▶ शेष पेज 6 पर

### रोजगार मेले के आयोजन का लक्ष्य

केंद्र सरकार की तरफ से आयोजित रोजगार मेला एक विशेष अभियान है, जिसका उद्देश्य युवाओं को तेज और पारदर्शी तरीके से सरकारी नौकरियों में नियुक्त करना है। इसके तहत अब तक लाखों युवाओं को विभिन्न विभागों में रोजगार मिल चुका है। इस अभियान ने यह विश्वास जगाया है कि सरकारी नौकरी सिफारिश या रिश्वत के बिना भी मिल सकती है, केवल काबिलियत के आधार पर।

### राष्ट्र सेवा ही सबसे बड़ी पहचान- पीएम

पीएम ने यह भी कहा कि भले ही नियुक्ति पाने वाले युवाओं के विभाग अलग-अलग हैं, लेकिन उनका उद्देश्य एक ही है राष्ट्र सेवा। उन्होंने कहा कि आपके विभाग अलग हो सकते हैं, लेकिन आप सब एक ही शरीर के अंग हैं, और वह है- देश की सेवा।

स्वच्छता सर्वेक्षण में इंदौर फिर टॉप

## भोपाल को मिलेगा दूसरा स्थान 17 जुलाई को दिल्ली में 'सम्मान'



दिल्ली से भोपाल महापौर और निगम आयुक्त को मिला आमंत्रण

**भोपाल।** स्वच्छता सर्वेक्षण-2024 की रैंकिंग की घोषणा 17 जुलाई को दिल्ली में की जाएगी। जिसके लिए केटगरी जारी कर दी गई है। टॉप टेन में प्रदेश का इंदौर इस बार भी अव्वल है। जबकि भोपाल ने सातवें स्थान से छलांग लगाकर दूसरे पायदान पर जगह बना ली है। दिल्ली से भोपाल महापौर और नगर निगम कमिश्नर को प्रेसिडेंट अवार्ड के लिए आमंत्रण भी मिल गया है। राजधानी में हुई ग्लोबल ▶▶ शेष पेज 6 पर ▶▶ पढ़ें पेज 03 भी

आगरा-मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग पर घटना

## व्यापारी परिवार से 20 लाख के गहनों की लूट, महिलाएं घायल



पंक्चर टायर को बदलने के लिए रोकी थी कार तभी पांच लुटेरों ने बोला हमला

**खरगोन।** व्यापारी परिवार के साथ आगरा-मुंबई राष्ट्रीय राजमार्ग पर मारपीट कर 20 लाख रुपए के गहनों की लूट हो गई। व्यापारी ने पुलिस को बताया कि आधा मिनट का समय मिल जाता तो वह बच जाते। दरअसल उन्होंने पंक्चर टायर को बदल लिया था और कार में बैठने ही वाले थे। लुटेरों ने व्यवसायी की मां के कान से जेवर खींचने के दौरान उन्हें बुरी तरह घायल कर दिया। यह घटना खरगोन और धार सीमा पर स्थित गुजरी बाईपास ▶▶ शेष पेज 6 पर

मुनादी कराकर ग्रामीणों को अलर्ट किया

## झुंड से बिछड़े हाथी ने मचाया उत्पात, घरों को किया तहसनहस




दहशत में ग्रामीण, वन विभाग को सूचना दी

**शहडोल।** बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व से लगे इलाके में एक गुस्साए हाथी ने पूरी रात जमकर उत्पात मचाया। हाथी अपने झुंड से बिछड़ने से नाराज था। अपने साथियों के तलाश में रिहाशी इलाके में आ गया और जो भी घर सामने दिखाई दिया उसमें तोड़फोड़ कर दी। करीब आधा दर्जन घरों के किसी के दरवाजे उखाड़ दिए तो किसी के कबेलुओं को तहसनहस कर दिया। हाथी के उत्पात से दहशत में आए ग्रामीणों ने वन विभाग को इसकी सूचना ▶▶ शेष पेज 6 पर

कूनो राष्ट्रीय उद्यान से दुखद खबर

## घायल मादा चीता नाभा की इलाज के दौरान मौत

"हड्डियों में फ्रैक्चर के साथ गंभीर चोटें थीं"



हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

कूनो राष्ट्रीय उद्यान से दुखद खबर यह आई है। यहां नामीबिया से लाई गई आठ वर्षीय मादा चीता नाभा की शनिवार को इलाज के दौरान मौत हो गई। कूनो प्रबंधन के अनुसार, मादा चीता एक सप्ताह पहले अपने सॉफ्ट रिलीज बोमा में शिकार के प्रयास के दौरान गंभीर रूप से घायल हो गई थी, जिसके बाद उसका लगातार इलाज चल रहा था। शनिवार को कूनो प्रशासन ने मादा चीता के मरने की पुष्टि कर दी। आधिकारिक जानकारी के अनुसार, नाभा को ▶▶ शेष पेज 6 पर

यूके, जर्मनी और जापान की तरह तलाशेंगे निवेश की संभावना

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव आज से 19 जुलाई तक रहेंगे दुबई और स्पेन की यात्रा पर

***इंडियन बिजनेस एंड प्रोफेशनल कॉउंसिल के साथ होगी बैठक***

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 13 से 19 जुलाई को दुबई और स्पेन की यात्रा पर रहेंगे। यहां वे यूके, जर्मनी और जापान की तरह दुबई और स्पेन से निवेश की अपार संभावनाएं तलाशेंगे।

यह दौरा मध्यप्रदेश की वैश्विक निवेश रणनीति में महत्वपूर्ण कदम होगा। डॉ. यादव ▶▶ शेष पेज 6 पर

### पर्यटन और हेरिटेज हॉस्पिटैलिटी सेक्टर पर फोकस

सीएम डॉ. यादव दुबई के बाद 16 से 19 जुलाई तक स्पेन के प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वे बार्सिलोना में स्पेन की अग्रणी ऑटोमोबाइल कंपनियों और ग्रीन मोबिलिटी टेक्नोलॉजी पर काम कर रहे निवेशकों के साथ संवाद करेंगे। बार्सिलोना में होने वाली बैठकों में टेक्सटाइल, गारमेंट और डिजाइन सेक्टर की अग्रणी कंपनियों से भी चर्चा की जाएगी, जिससे मप्र में पीएम मित्र पार्क, टेक्सटाइल ओडीओपी और वर्धमान सहित टेक्सटाइल क्लस्टर को और गति दी जा सके। सीएम की स्पेन यात्रा का बड़ा फोकस पर्यटन और हेरिटेज हॉस्पिटैलिटी सेक्टर पर भी रहेगा।

### निवेश पर रणनीतिक संवादों की रहेगी प्रमुखता

मुख्यमंत्री डॉ. यादव की इन निवेश यात्राओं की खास बात है कि निवेश पर रणनीतिक संवादों की प्रमुखता रहेगी। उनका उद्देश्य निवेश के ज़रिए न केवल प्रदेश की अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाना है, बल्कि युवाओं को वैश्विक अवसरों से जोड़ना भी है। यह निवेश ▶▶ शेष पेज 6 पर

प्रदेश में अब आफत बनी बारिश, रीवा एयरपोर्ट की दीवार गिरी... भरा पानी

एक दर्जन गांवों से संपर्क टूटा

## शहडोल में बाणसागर डैम के 7 गेट खोले गए, नदी में फंसे 6 लोगों को बचाया, सिलवानी-उदयपुरा स्टेट हाईवे पर 8 फीट पानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रदेश में भारी बारिश से नदी-नालों में उफान की वजह से कई मार्ग बंद हो गए हैं। शहडोल में दोपहर करीब 12 बजे बाणसागर डैम के 2 गेट खोल दिए गए। इसके बाद एक-एक कर सात गेट खोले गए। डैम का जलस्तर 339.13 मीटर तक पहुंच गया है। गेट खोलने के 24 घंटे पहले नर्मदा नदी के किनारे के रहवासी इलाकों में हाई अलर्ट जारी कर दिया गया था। ब्यौहारी क्षेत्र में नदी में आए उफान से एक परिवार के घर के चारों तरफ पानी भर गया।

एसडीआरएफ की टीम ने चार घंटे की मशक्कत के बाद राम सुमन कुशवाहा के परिवार के 6 सदस्यों को सुरक्षित बाहर ▶▶ शेष पेज 6 पर ▶▶ पढ़ें पेज 03भी

शहडोल में मकान गिरने से एक पुजारी की मौत छतरपुर में पांच लोग बाढ़ में फंसे




### दतिया में तीन बच्चियां डूबीं

जिले के इंदरगढ़ में निर्माणाधीन तालाब में डूबने से तीन बच्चियों की मौत हो गई। चार बच्चियां खेलते-खेलते तालाब के किनारे पहुंचीं और नहाने के दौरान गहराई में चली गईं। इसमें तीन की मौत हो गई और ▶▶ शेष पेज 6 पर

### रायसेन में कई मार्ग बंद

रायसेन जिले में शुक्रवार रात से लगातार बारिश हो रही है। जिससे बीना नदी उफान पर आ गई है।



लगातार बारिश से सिलवानी स्टेट हाईवे-44 भी प्रभावित हुआ है। सिलवानी-उदयपुरा मार्ग पर स्थित तेंदोनी नदी पर करीब 8 फीट पानी आ गया है, जिससे इस मार्ग पर यातायात बंद कर दिया गया है। बीना नदी के उफान पर आने से खजूरिया, महुना गूजर, ▶▶ शेष पेज 6 पर

# ड्राइवर्स, क्लीनर्स के लिए कॉर्पोरेट ऑफिसों की तर्ज पर 8 या 9 घंटे की ड्यूटी का बनेगा नियम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र में बस, ट्रक, टैक्सी ड्रायवरों व क्लीनरों को अब कारपोरेट ऑफिसों की तर्ज पर 8 या 9 घंटे की ड्यूटी ही करना होगी। अभी ऐसे ड्राइवर, क्लीनर 12 से 15 घंटे की ड्यूटी करते हैं। इसका असर उनके स्वास्थ्य पर तो पड़ता ही है साथ में परिवार के लोगों को भी समय नहीं मिलने का खामियाजा भुगतना पड़ता है। कई बार तो बीमार पत्नी व बच्चों का इलाज भी यह ड्राइवर, क्लीनर नहीं करा पाते। अत्याधिक काम की वजह से दुर्घटनाएं भी होती हैं। अब राज्य सरकार सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए प्रभावी कदम उठाने जा रही है। परिवहन वाहनों जैसे बस, ट्रक, टैक्सी आदि का संचालन करने वाले ड्रायवरों तथा अन्य स्टाफ जैसे कंडक्टर और क्लीनर के कार्य के घंटे के संबंध में प्रावधानों को प्रभावी रूप से लागू किए जाने की पहल की जा रही है। इसी सिलसिले में मोटर ट्रांसपोर्ट नियोजकों की कार्यशाला शुक्रवार को श्रमायुक्त कार्यालय इंदौर में हुई। इसमें नियोजकों से कई तरह के सुझाव आदि लिए गए।

**खास बातें**

- सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए श्रम विभाग की पहल
- मोटर ट्रांसपोर्ट नियोजकों की कार्यशाला आयोजित
- अत्याधिक काम की वजह से होती हैं दुर्घटनाएं

## ड्राइवर्स और स्टाफ के कार्य के घंटों, विश्राम अवधि की जानकारी दी



कार्यशाला में श्रमायुक्त रजनी सिंह ने मोटर परिवहन कर्मकार अधिनियम, 1961 के अंतर्गत ट्रांसपोर्ट कार्यों में संलग्न ड्राइवरों और अन्य स्टाफ के कार्य के घंटों, विश्राम अवधि और अन्य सुविधाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अधिनियम के तहत ट्रांसपोर्ट वर्कर्स के लिए प्रतिदिन 8 घंटे और साप्ताहिक 48 घंटे कार्य की अवधि निर्धारित है। इन प्रावधानों का गंभीरता से पालन किया जाना आवश्यक है। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि ड्रायवरों और स्टाफ के लगातार लंबी अवधि तक कार्य करने और विश्राम का समय न मिलने से थकान और तनाव की स्थितियां उत्पन्न होती हैं, जिससे सड़क दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है।
श्रमायुक्त ने वाहन चालकों के समय-समय पर नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, विशेषकर नेत्र परीक्षण, सुनिश्चित करने का सुझाव भी दिया। उन्होंने जोर देकर कहा कि विभिन्न तकनीकों और उपकरणों की सहायता से, साथ ही जागरुकता और प्रचार-प्रसार के माध्यम से सड़क दुर्घटनाओं की संभावनाओं को कम किया जा सकता है। इसके लिए ड्रायवरों के कार्य समय और विश्राम अवधि की निगरानी करने तथा अन्य सुरक्षा मानकों को सुनिश्चित करने हेतु मोटर वाहनों में सीसीटीवी कैमरे, जीपीएस प्रणाली जैसे तकनीकी उपकरणों के उपयोग को बढ़ावा दिया जाना चाहिए।

## ड्राइवर और पैसेंजर मैनेजमेंट सिस्टम का भविष्य में उपयोग होगा

कार्यशाला में अटल इंदौर सिटी ट्रांसपोर्ट सर्विसेस लिमिटेड (एआईसीटीएसएल) के अधिकारी अभिनव चौहान ने बताया कि उनके संस्थान में संभावित वाहन दुर्घटनाओं को रोकने के लिए ड्राइवर और पैसेंजर मैनेजमेंट सिस्टम का भविष्य में उपयोग किया जाएगा। इस संबंध में कार्यशाला में एक प्रस्तुति भी दी गई, जिससे सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम में मदद मिलेगी। कार्यशाला में ट्रांसपोर्टर एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने अधिनियम के परिपालन के लिए सकारात्मक सुझाव प्रस्तुत किए और मोटर यातायात श्रमिक अधिनियम के प्रावधानों के अनुपालन में सहयोग देने का आश्वासन भी दिया। कार्यशाला में श्रम विभाग से प्रभात दुबे, आशीष पालीवाल, जिला परिवहन अधिकारी प्रदीप शर्मा, प्राइम रूट बस ऑनर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष गोविंद शर्मा, इंदौर ट्रक ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के सीएल मुकाती एवं अन्य ट्रांसपोर्टर्स उपस्थित थे।

**खबर संक्षेप**

### कलश यात्रा के साथ 20 से शुरू होगी श्रीशिव महापुराण कथा

**भोपाल।** श्री खेड़ापति मां दुर्गा मंदिर कमल नगर कॉलोनी हाउसिंग बोर्ड में 20 से 26 जुलाई तक आयोजित होने वाली श्रीशिव महापुराण कथा की तैयारी को लेकर के बैठक संपन्न हुई। कथा का रसपान शिव शिक्ति धाम के पीठाधीश पंडित सुशील महाराज द्वारा किया जाएगा। पं सुशील महा्राज ने बताया कि श्रीशिव महापुराण कथा कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंत्री विश्वास सारंग को बनाया गया है। पंडित शिवम चौबे को कार्यक्रम व्यवस्थापक, राजेश को विशेष सहयोगी सदस्य, बृजमोहन विश्वकर्मा को स्टेज व्यवस्थापक नियुक्त किया गया है। वहीं मायाराम अटल को मीडिया प्रभारी नियुक्त किया गया है।

### सांची विवि: 27 जुलाई को होगी दूसरे चरण की प्रवेश परीक्षा

**भोपाल।** सांची बौद्ध-भारतीय ज्ञान अध्ययन विश्वविद्यालय में दूसरे चरण में रविवार 27 जुलाई को प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया जाएगा। इसमें सफल छात्रों को एडमिशन दिया जाएगा। केन्द्रीय पात्रता परीक्षा (सीयूईटी) एवं सांची विवि द्वारा आयोजित प्रथम चरण के बाद दूसरे चरण में शेष रही सीटों को भरा जाएगा। वहीं 29 जुलाई से 5 अगस्त के बीच एडमिशन लिया जा सकेगा। प्रवेश परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले छात्र-छात्राएं 29 जुलाई से 5 अगस्त के बीच सांची विवि में एडमिशन ले सकते हैं। विवि में भारतीय दर्शन, वैदिक अध्ययन, भारतीय चित्रकला, योग, संस्कृत, चीनी भाषा, हिन्दी और अंग्रेज़ी में 2025-26 सत्र के स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में दाखिल होने का आखिरी मौका है।

### गोविंदपुरा में निर्माणाधीन भवन का मंत्री ने किया निरीक्षण

# सांदीपनि स्कूल का निर्माण देख सारंग ने कहा अब प्राइवेट से कहीं अच्छे बन रहे सरकारी स्कूल

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

गोविंदपुरा में बन रहे सांदीपनि स्कूल आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा। सांदीपनि स्कूल में सुव्यवस्थित क्लासरूम, आधुनिक प्रयोगशालाएं और बच्चों के लिए खेल मैदान सहित सभी आवश्यक सुविधाओं का ध्यान रखा गया है। यह बात सहकारिता और खेल मंत्री विश्वास सारंग ने सांदीपनि स्कूल के निर्माणाधीन भवन का निरीक्षण करते हुए कही। निरीक्षण दौरान उन्होंने कहा कि सरकार शिक्षा प्रतिष्ठानों की अधोसंरचना को बढ़ाने पर विशेष ध्यान दे रही है। सरकारी स्कूल भी किसी भी निजी स्कूल से ज्यादा व्यवस्थित और उच्च गुणवत्ता वाले बन रहे हैं। सारंग ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बिल्डिंग में क्लासरूम में बच्चों की बैठक व्यवस्था का पुनर्परीक्षण किया जाए। सभी क्लासरूम गाइडलाइन के अनुरूप बनाए जाएं। इसके साथ ही उन्होंने प्रोजेक्ट में हो रही देरी को लेकर नाराजगी जाहिर करते हुए समय पर पूरा करने के निर्देश दिए।

## आधुनिक सुविधाओं से लैस होगा सांदीपनि स्कूल



मंत्री सारंग ने बताया कि इस स्कूल के माध्यम से बच्चों को अच्छी शिक्षा मिल सके, यही सरकार का मुख्य उद्देश्य है। यह सांदीपनि स्कूल एक्सीलेंस और मॉडल स्कूल की वरीयता का होगा, जो क्षेत्र में शिक्षा के स्तर को ऊपर उठाने में सहायक होगा।

## उत्कृष्ट पुस्तक लेखन के लिए दिया जाएगा श्रेष्ठ लेखक पुरस्कार: मंत्री परमार

उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री इन्दर सिंह परमार की अध्यक्षता में शनिवार को राजधानी स्थित सरोजिनी नायडू शासकीय कन्या स्नातकोत्तर (स्वशासी) महाविद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के परिप्रेक्ष्य में उच्च शिक्षा विभाग के तहत भारतीय ज्ञान परंपरा शीर्ष समिति की बैठक हुई। इसमें उच्च शिक्षा मंत्री परमार ने विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा कर अध्यादेश 14(1) एवं अध्यादेश 14(2) के परिप्रेक्ष्य में प्रदेश के 10 संभागों में समयपूर्वक कार्यशालाओं के आयोजन कर विद्यार्थियों और प्राध्यापकों तक को लागू अध्यादेशों से अवगत कराने के निर्देश दिए। परमार ने विवि स्तर पर पाठ्यक्रमों के लिए कार्यशालाओं के आयोजन भी समयपूर्वक सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। प्रदेश के सभी भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ प्रभारियों को लेकर भी कार्यशाला आयोजित करने को कहा। कहा कि सभी विश्वविद्यालयों में भारतीय भाषाओं में अध्यापन के लिए कार्ययोजना बनाई जाए और इसे विद्यार्थियों के मूल्यांकन क्रेडिट से भी जोड़ा जाए। कहा कि विश्वविद्यालयों को भारतीय भाषा में अध्यापन का केंद्र बनाने के लिए कार्य करें।

**उच्च शिक्षा मंत्री परमार की अध्यक्षता में सरोजिनी नायडू कन्या महाविद्यालय में भारतीय ज्ञान परंपरा शीर्ष समिति की बैठक में हुए कई मुद्दों पर चर्चा**



### श्रेष्ठ लेखक पुरस्कार प्रदान किया जाए

मंत्री परमार ने कहा कि ज्ञान बोध प्रतियोगिता में पाठ्यक्रम के अतिरिक्त पारंपरिक विषयों में भारतीय वैज्ञानिक दृष्टिकोण आधारित प्रश्नावली का समावेश करें ताकि विद्यार्थियों को भारतीय दृष्टि के साथ समाज में विद्यमान परंपरागत ज्ञान के अध्ययन एवं शोध का अवसर मिले। कहा कि विश्व शांति दिवस पर भारतीय दृष्टिकोण वसुधैव कुटुंबकम विश्व एक परिवार का भाव, को मूल में रखकर कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। हिंदी पखवाड़े के अवसर पर होने वाले कार्यक्रमों में विशुद्ध हिंदी भाषा के उपयोग के साथ पूर्णता प्रदान की जाए। कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के परिप्रेक्ष्य में मप्र हिंदी ग्रन्थ अकादमी द्वारा प्रकाशित कला, वाणिज्य एवं विज्ञान विषयों में उत्कृष्ट पुस्तक लेखन के लिए श्रेष्ठ लेखक पुरस्कार प्रदान किया जाए।

### 27 विश्वविद्यालयों में कार्यशालाओं को लेकर आयोजित हुई चर्चा

बैठक में स्नातक द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के पाठ्यक्रमों में भारतीय ज्ञान परंपरा को समाहित करने के लिए, प्रदेश के 27 विश्वविद्यालयों में कार्यशालाओं के आयोजन करने को लेकर चर्चा हुई। भारतीय ज्ञान परंपरा के परिप्रेक्ष्य में महाविद्यालयों में किए जाने वाले आयोजन संबंधी त्रैमासिक कैलेंडर को लेकर व्यापक विचार मंथन हुआ। साथ ही भारतीय ज्ञान परम्परा आधारित पाठ्यक्रम निर्माण, पुस्तक लेखन, पांडुलिपि परीक्षण, दो दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला, अकादमिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के आयोजन को लेकर भी विस्तृत चर्चा हुई।

# देश के विकास में सक्रिय रहकर भागीदारी निभाएं युवा: शिवराज



▶ केंद्रीय मंत्री शिवराज ने प्रधानमंत्री रोजगार मेला में अभ्यर्थियों को सौंपे नियुक्ति पत्र

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

नर्मदा रेलवे क्लब ऑडिटोरियम हबीबगंज में शनिवार को प्रधानमंत्री रोजगार मेला आयोजित किया गया। यहां पश्चिम-मध्य रेलवे भोपाल मंडल ने विभिन्न विभागों में चयनित 261 अभ्यर्थियों को नियुक्ति-पत्र प्रदान किए। इनमें 201 अभ्यर्थी रेलवे विभाग और 60 अभ्यर्थी अन्य केंद्रीय विभागों (बैंकिंग, सीआईएसएफ, डाक, नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो आदि) से संबंधित थे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से देश के 51000 नवनियुक्त अभ्यर्थियों को संबोधित किया और उन्हें सरकारी सेवा में नई शुरुआत के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने युवाओं से देश के विकास में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। वहीं भोपाल में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने नियुक्त अभ्यर्थियों को सेवा भावना और ईमानदारी से कार्य करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री रोजगार मेला, युवाओं को आत्मनिर्भर भारत की दिशा में अग्रसर करने वाला प्रभावशाली प्रयास है। कार्यक्रम में मंत्री विश्वास सारंग, मंत्री कृष्णा गौर, सांसद आलोक शर्मा, विधायक रामेश्वर शर्मा, विधायक भगवानदास सबनानी, मंडल रेल प्रबंधक देवाशीष त्रिपाठी, अपर मंडल रेल प्रबंधक रश्मि दिवाकर, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ कटारिया, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी विजय सिंह सहित रेलवे के कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी विजय सिंह ने बताया कि प्रारंभिक 30 नियुक्ति पत्र मुख्य अतिथि द्वारा सौंपे गए, जबकि शेष नियुक्ति पत्र विभागीय अधिकारियों एवं विशिष्ट अतिथियों द्वारा दिए गए।

# दो दिवसीय विशेष कालिदास राष्ट्रीय ज्योतिष सम्मेलन शुरू, पहले दिन प्रस्तुत किए शोध

**यह सम्मेलन सिंदूरी थीम पर होगा, जिसमें महिला और पुरुष विद्वान सांस्कृतिक परिधानों में शामिल होंगे**



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

ज्योतिष मठ संस्थान के तत्वावधान में दो दिवसीय 6वां कालीदास राष्ट्रीय ज्योतिष सम्मेलन का आयोजन शनिवार से मप्र विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद सभागार नेहरू नगर में किया जा रहा है। सम्मेलन में देश के विभिन्न स्थानों से ज्योतिष विद्वान शामिल हो रहे हैं। पहले दिन शनिवार को सम्मेलन में विद्वानों द्वारा अनेक शोध प्रस्तुत किए गए। ज्योतिष मठ संस्थान के संचालक पं. विनोद गौतम ने बताया कि इस सम्मेलन में मप्र सहित 12 राज्यों से 250 विद्वानों का आगमन हो रहा है। इस बार यह सम्मेलन सिंदूरी थीम पर हो रहा है। इसमें महिला और पुरुष विद्वान सिंदूरी थीम के सांस्कृतिक परिधानों में शामिल होंगे।

### आठ सत्रों में होगा सम्मेलन

इस दो दिवसीय ज्योतिष सम्मेलन का आयोजन आठ अलग-अलग सत्रों में किया जा रहा है, जिसमें ज्योतिष में वैदिक ग्रह शांति एवं मुहूर्तों का महत्व सहित विविध विषय शामिल हैं। सम्मेलन में जगदगुरु 1008 अनंतश्री विभूषित पीताम्बरा पीठाधीश्वर महंत रवीन्द्रदास महाराज, महर्षि महेश योगी विश्वविद्यालय समूह के कुलाधिपति गिरीश ब्रह्मचारी महाराज अखिल भारतीय ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष पं. पुष्पेंद्र मिश्रा, धर्माधिकारी स्वामी धनेश प्रपन्नाचार्यजी महाराज, वैदिक ब्राह्मण युवा संगठन के अध्यक्ष पं. रामकिशोर वैदिक आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहेंगे।

# कियोस्क संचालकों ने कहा: कंपनियां कर रहीं बंधुआ मजदूर से भी बदतर शोषण



रवीन्द्र भवन में हुआ 'बैंक मित्र' कियोस्क संचालकों का महासम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शनिवार को रवीन्द्र भवन में 'बैंक मित्र' कियोस्क संचालकों का महासम्मेलन आयोजित हुआ। महासम्मेलन में बैंक यूनियनों और राज्य की ट्रेड यूनियनों के कर्मचारी संगठनों के प्रदेश अध्यक्ष और पदाधिकारी शामिल हुए। महासम्मेलन में बैंक मित्र संगठन ने दिवंगत हुए अपने एक साथी के परिवार को 51 हजार रुपए का चैक प्रदान किया। वहीं बैंक मित्र संगठन द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले संचालकों को प्रशस्ति पत्र सौंपे। महासम्मेलन को संबोधित करते हुए ऑल इंडिया बैंक एम्प्लाइज फैडरेशन के राष्ट्रीय महासचिव बीके शर्मा, भारतीय स्टेट बैंक कर्मचारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष प्रवीण मेघानी, इंटक के महामंत्री बीडी गौतम, मप्र प्रदेश संविदा कर्मचारी अधिकारी महासंघ प्रदेश अध्यक्ष रमेश राठौर ने बैंकों के द्वारा किए जाने वाले शोषण के खिलाफ आंदोलन करने की घोषणा की। पदाधिकारियों का कहा कि एक तरफ हमें बैंक मित्र कहा जाता है, बंधुआ मजदूर से भी बदतर कंपनियां हमारा शोषण कर रही हैं।

## 50 सहायक लोक अभियोजन अधिकारियों के तबादले

**भोपाल।** राज्य सरकार ने 150 सहायक लोक अभियोजन अधिकारियों को इधर से उधर किया है। जारी सूची के अनुसार राजेन्द्र कुमार वर्मा डीपीओ कार्यालय रायसेन से डीपीओ कार्यालय मुरैना, अभिषेक महरोत्रा डीपीओ कार्यालय ग्वालियर से डीपीओ कार्यालय छतरपुर, किशनलाल प्रजापति डीपीओ कार्यालय हरदा से डीपीओ कार्यालय अनूपपुर, सोनाली तिवारी डीपीओ कार्यालय नरसिंहपुर से डीपीओ कार्यालय जबलपुर, अमित राय डीपीओ कार्यालय झाबुआ से सीआईडी पुलिस मुख्यालय भोपाल, श्रीराम यादव डीपीओ कार्यालय छतरपुर से डीपीओ कार्यालय पन्ना, उमेश सोनी डीपीओ कार्यालय दमोह से जेएनपीए सागर, अशीष त्यागी डीपीओ कार्यालय भोपाल से डीपीओ कार्यालय सीहोर, केके गौतम डीपीओ कार्यालय छतरपुर से डीपीओ कार्यालय दमोह, अमित मणि त्रिपाठी डीपीओ कार्यालय छतरपुर से डीपीओ कार्यालय सतना, विनीता विद्रुआ डीपीओ कार्यालय भोपाल से चयन भर्ती पुलिस मुख्यालय भोपाल, दिनेश कुमार यादव डीपीओ कार्यालय नर्मदापुरम से डीपीओ कार्यालय भोपाल, प्रमोद सिंह पटेल डीपीओ कार्यालय नर्मदापुरम से डीपीओ कार्यालय भोपाल, दिनेश खरे डीपीओ कार्यालय पन्ना से डीपीओ कार्यालय छतरपुर, अनिल कुमार तिवारी डीपीओ कार्यालय रायसेन से डीपीओ कार्यालय भोपाल, जागृति पांडे डीपीओ कार्यालय सीधी से डीपीओ कार्यालय भोपाल, प्रीति मीना डीपीओ कार्यालय खंडवा से डीपीओ कार्यालय भोपाल सहित 150 अफसरों की नवीन पदस्थापना की गई है।

# पंचकोशीय शिक्षा दृष्टि हमारी जड़ों से जुड़ने का माध्यम : चौबे

▶ आरएनटीयू एवं शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के संयुक्त तत्वावधान में तीन दिवसीय नेशनल वर्कशॉप

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी स्थित रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय एवं शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार से तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला की शुरुआत हुई। कार्यशाला का केंद्रीय विषय चरित्र निर्माण एवं व्यक्तित्व का समग्र विकास था, जिसका उद्देश्य पंचकोशीय शिक्षा पद्धति के माध्यम से विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं समाज में मूल्यों की पुनर्स्थापना और व्यक्तित्व के समग्र विकास पर मंथन करना था।

इस अवसर पर बतौर मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. ओम शर्मा, राष्ट्रीय संयोजक आत्मनिर्भर भारत, शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास, विशिष्ट अतिथि के रुप में प्रो. आरपी दुबे, कुलगुरु आरएनटीयू उपस्थित रहे। अध्यक्षता संतोष चौबे, कुलाधिपति, आरएनटीयू ने की।

## यह एक वैचारिक आंदोलन



अध्यक्षता करते हुए संतोष चौबे ने कहा कि उन्होंने अपने वक्तव्य में इस कार्यशाला को नव दृष्टिकोण का बीजारोपण बताते हुए कहा यह केवल एक अकादमिक आयोजन नहीं रहा, यह एक वैचारिक आंदोलन है। आज के समय में जब शिक्षा उपभोग और प्रतिस्पर्धा का माध्यम बनती जा रही है, ऐसे में पंचकोशीय शिक्षा दृष्टि हमें हमारी जड़ों की ओर लौटने का मार्ग दिखाती है। पश्चिमी दृष्टिकोण जहां भौतिकता और लाभ पर केंद्रित है, वहीं भारतीय दृष्टिकोण व्यक्ति को भीतर से मजबूत बनाता है। आत्मा से मन, और मन से व्यवहार तक की यात्रा यही पंचकोशीय पद्धति की विशेषता है।

### सांस्कृतिक पुनर्जागरण का केंद्र बन रहा विवि

डॉ. ओम शर्मा ने कार्यशाला को एक बौद्धिक यज्ञ की संज्ञा दी और कहा कि इस प्रकार के प्रयास आज की शिक्षा प्रणाली को आत्मा से जोड़ने का कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा इस कार्यशाला में जो कुछ सीखा गया है, वह केवल वैचारिक अभ्यास तक सीमित नहीं रहना चाहिए। जब इसे कक्षा-कक्षों में लाया जाए। यह विवि केवल एक शैक्षणिक संस्था नहीं, बल्कि सांस्कृतिक पुनर्जागरण का केंद्र बनता जा रहा है। भाषा, संस्कृति, मूल्य, कौशल एवं भारतीय परंपरा के जिस संगम की आज आवश्यकता है, वह यहां साकार रूप ले रहा है।

## मीडिएशन फॉर द नेशन कैंपेन के तहत मध्यस्थता जागरुकता बाइक रैली का हुआ आयोजन

# विधिक सेवा प्राधिकरण का लक्ष्य, विवादों का त्वरित समाधान हो: न्यायाधीश श्रीवास्तव

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी स्थित जिला न्यायालय परिसर में मीडिएशन फॉर द नेशन कैंपेन 90 दिवसीय अभियान अंतर्गत मध्यस्थता जागरुकता बाइक रैली का आयोजन किया गया। मध्यस्थता जागरुकता बाइक रैली का उद्देश्य सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार प्रारंभ किए गए मीडिएशन फॉर द नेशन कैंपेन 90 दिवसीय अभियान को जन-जन तक पहुंचाना था, जिससे आम जन अपने न्यायालयों में लंबित विवादों का निराकरण मध्यस्थता से कर अभियान का लाभ उठाएं। बाइक रैली के पहले प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार श्रीवास्तव ने मीडिएशन फॉर द नेशन कैंपेन 90 दिवसीय अभियान के सफल आयोजन के लिए जिला भोपाल के समस्त न्यायाधीशों के साथ बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक में तहसील न्यायालय बैरसिया के समस्त न्यायाधीश वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम उपस्थित रहे। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि विधिक सेवा प्राधिकरण का लक्ष्य यही है कि विवादों को मध्यस्थता से त्वरित समाधान हो।

**खास बातें**

- 90 दिवसीय अभियान को जन-जन तक पहुंचाना था कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य
- विधिक सेवा प्राधिकरण का लक्ष्य विवादों को मध्यस्थता के जरिए प्राप्त हो समस्या का समाधान

## न्यायालय परिसर से शुरू हुई रैली



बाईक रैली के शुभारंभ कार्यक्रम में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार श्रीवास्तव, राजर्षि श्रीवास्तव, विशेष न्यायाधीश, सुनीत अग्रवाल, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, इकबाल अहमद खान, संयुक्त कलेक्टर, किशोर न्याय बोर्ड के सदस्य कृपाशंकर चौबे, अभिभाषक संघ भोपाल के अध्यक्ष दीपक खरे सहित अन्य उपस्थित रहे। बाईक रैली प्रधान जिला न्यायालय परिसर से शुरू होकर कोर्ट चौराहा, जेल मुख्यालय तिराहा, पुलिस कंट्रोल रूम, पुलिस आयुक्त कार्यालय के सामने से, राजभवन तिराहा, मालवीय नगर तिराहा, रोशनपुरा चौराहा, अपेक्स बैंक तिराहा, तरुण पुष्कर तिराहा, 1250 चौराहा, व्यापमं चौराहा, थाना एम.पी. नगर. चौराहा, कोर्ट चौराहा होते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भोपाल में समाप्त हुई।

हरिभूमि
# भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, रविवार 13 जुलाई 2025

5 भगवान श्रीमहाकाल की भस्मारती में सप्तनीक...



9 1986 से अभी तक करीब 250 बार निभाया...





30 जुलाई तक भोपाल आ जाएगी 7.7 करोड़ रुपए की कैथलैब मशीन

## हमीदिया अस्पतालः जापान से आ रहा मॉडर्न कैथलैब सिस्टम अब किडनी पेशेंट भी बेफिक्र होकर करा सकेंगे हार्ट की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

अब किडनी पेशेंट बेफिक्र होकर हार्ट की जांच करा सकेंगे। यह सुविधा उन्हें हमीदिया अस्पताल में जापान से लाए जा रहे प्रदेश के पहले हाईटेक बाइ प्लेन कैथलैब सिस्टम से मिलेगी। जिसकी कीमत 7.7 करोड़ रुपए है।

हमीदिया अस्पताल में नई कैथलैब को शुरू करने की नई डेडलाइन तय कर दी गई है। इसके तहत इस सुविधा का फायदा हृदय रोगियों को एक सितंबर से मिलने लगेगा। यह प्रदेश की सबसे आधुनिक मशीन है, जो 30 जुलाई को भारत आएगी। इस मॉडर्न कैथ लैब में किडनी पेशेंट भी बेफिक्र हो कर हार्ट की जांच करा सकेंगे।

### एक सितंबर से शुरू होगी जांच की सुविधा



### 3डी इमेज फॉर्म में आती है स्कैनिंग रिपोर्ट



विशेषज्ञों का कहना है कि इस मशीन से जांच के दौरान बेहद कम डाई की जरूरत पड़ती है। वहीं मरीज की स्कैनिंग रिपोर्ट 3डी इमेज फॉर्म में आती है। जिससे हृदय व खून की नसों का बेहतर आकलन करने में मदद मिलती है। साथ ही हार्ट में ब्लॉकेज से लेकर अन्य समस्या की भी सटीक जानकारी मिलती है। कैथलैब में होने वाली एंजियोग्राफी एक जांच प्रक्रिया है। जिसमें हार्ट या ब्लड वेसल्स की स्थिति जानने के लिए कॉन्ट्रास्ट डाई का इस्तेमाल किया जाता है। यह डाई नसों के जरिए शरीर में पहुंचाई जाती है। जिसे एक्स-रे, सीटी या एमआरआई जैसी इमेजिंग तकनीकों में ब्लड वेसल्स को स्पष्ट रूप से दिखाती है।

### भवन की तीसरी मंजिल पर इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार

हमीदिया अस्पताल में यह आधुनिक कैथ लैब मशीन के लिए नए भवन ब्लॉक वन की तीसरी मंजिल में नई लैब तैयार की गई है। जिसमें जरूरी इंफ्रास्ट्रक्चर से लेकर इलेक्ट्रिकल काम पूरा हो चुका है। अब सिर्फ पानी के रास्ते जापान से भारत लगाई जा रही मशीन के आने का इंतजार है।

### स्वास्थ्य सेवाएं बेहतर

मध्यप्रदेश सरकार प्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने और चिकित्सा शिक्षा को उन्नत स्तर पर पहुंचाने के लिए सतत प्रयासरत है। कैथलैब मशीन से हृदय रोगियों को उन्नत स्वास्थ्य सेवाएं मिलेंगी साथ ही गांधी मेडिकल कॉलेज और हमीदिया अस्पताल चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा।

**डॉ. राजेंद्र शुक्ल**, उपमुख्यमंत्री

### मशीन आएगी

नई कैथलैब मशीन के लिए जरूरी इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार है। उम्मीद है कि जुलाई माह के अंत तक मशीन अस्पताल में आ जाएगी। सितंबर में इसका संचालन शुरू हो जाएगा।

**डॉ. सुनीत टंडन**
अधीक्षक, हमीदिया अस्पताल

### जटिल हृदय रोगों के उपचार को सरल बनाएगी

यह मशीन जटिल हृदय रोगों के इंटरवेंशनल उपचार को सरल बनाएगी। इसके साथ ही मेडिकल छात्रों, पीजी विद्यार्थियों और सुपर स्पेशियलिटी कोर्स (डीएम) करने वाले छात्रों को अत्याधुनिक उपकरणों पर प्रशिक्षण प्राप्त होगा, जिससे उनके कौशल में व्यापक सुधार होगा। उन्नत उपकरणों और आधुनिक मशीनों के माध्यम से टेस्टिंग, ट्रेनिंग और ट्रीटमेंट तीनों क्षेत्रों में उत्कृष्टता प्राप्त होगी।

**डॉ. कविता एन सिंह**, डीन, जीएमसी

---

प्रेजेंटेशन के लिए दिल्ली की टीम शूट कर रही भोपाल की सुंदर लोकेशन

## छह साल बाद टॉप-2 सुपर लीग में भोपाल हुआ शामिल

**17 को घोषित होगा रिजल्ट, महापौर-कमिश्नर को मिला न्यौता**



साल 2016-17 और 2017-18 में दूसरे पायदान पर रहा था शहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

स्वच्छता रैंकिंग में भोपाल को छह साल बाद पुराने रुतबा मिलने वाला है। जिसके तहत स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 के नतीजे चार दिन बाद 17 जुलाई को दिल्ली में घोषित किए जाएंगे। जिसमें भोपाल को देश के टॉप-टू कैटेगिरी वाले शहरों की लिस्ट में शामिल किया गया है। महापौर मालती राय और निगम कमिश्नर हरेंद्र नारायण को स्वच्छ सर्वे कार्यक्रम में राष्ट्रपति अवार्ड में शामिल होने का न्यौता भी आ गया है। जिसको देखते हुए प्रजेंटेशन के लिए भोपाल की खूबसूरत लोकेशन्स पर शूटिंग की जा रही है।



इधर इंदौर सहित जबलपुर, ग्वालियर, उज्जैन, देवास, बुधनी और शाहगंज निकाय को भी आमंत्रित किया गया है। स्वच्छता सर्वेक्षण की रैंकिंग में इस बार भी इंदौर नंबर वन की पोजिशन पर खड़ा है। इंदौर के बाद भोपाल देश का दूसरा सबसे स्वच्छ शहर घोषित होने जा रहा है। स्वच्छता सर्वेक्षण के साल 2016-17 और 2017-18 में दो साल तक भोपाल नगर निगम देशभर के शहरों में दूसरे पायदान पर रहा। बाद भोपाल पिछड़ता गया। हालांकि बीते साल भोपाल में सुधार देखने को मिले और टॉप 5 में शामिल हुआ। इस बार हुए सर्वे में भोपाल निगम ने दावा किया था कि भोपाल नंबर वन पर होगा।




### प्रेसिडेंशियल और मिनिस्ट्रियल अवॉर्ड के लिए ये शहर चयनित

*सुपर स्वच्छता लीग के अलावा इस बार स्वच्छता के मामले में नगरीय निकायों को प्रेसिडेंशियल और मिनिस्ट्रियल अवॉर्ड भी दिए जाएंगे। प्रेसिडेंसियल अवॉर्ड के लिए भोपाल, देवास और शाहगंज का चयन किया गया है। जबकि जबलपुर और ग्वालियर नगर निगम को मिनिस्ट्रियल अवॉर्ड मिलेगा। यानि ये अवॉर्ड राष्ट्रपति नहीं, बल्कि केंद्रीय मंत्री द्वारा दिए जाएंगे। वहीं इस बार भोपाल को सबसे स्वच्छ शहरों की श्रेणी में दूसरा स्थान मिलने की संभावना है।*

### पिछली बार 18, इस बार मिलेंगी 20 अवॉर्ड

*स्वच्छ सर्वेक्षण भोपाल को पिछली बार साल 2023 के सर्वेक्षण में 5वीं रैंक मिली थी। इससे पहले साल 2017 और 2018 में लगातार देश में स्वच्छ शहरों की श्रेणी में दूसरा स्थान मिला था। अब एक बार फिर स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में भोपाल को देश के दूसरे सबसे स्वच्छ शहर का खिताब मिलने की उम्मीद है। वहीं सभी कैटेगिरी में पिछली बार प्रदेश को 18 अवॉर्ड मिले थे। इस बार अधिकारियों का कहना है कि 20 श्रेणियों में प्रदेश के नगरीय निकायों को स्वच्छता का अवॉर्ड मिलेगा।*

### पांच वजहों से भोपाल को मिला स्वच्छता में दूसरा नंबर

**डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन का सेग्रीगेशन**

स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 के लिए भोपाल नगर निगम ने शहर में पांच चीजों पर फोकस रखा। जिसकी वजह से भोपाल देश का दूसरा सबसे स्वच्छ शहर बनकर उभरा है। नगर निगम कमिश्नर हरेन्द्र नारायन के मुताबिक हमने गारबेज ट्रांसफर स्टेशन बढ़ाए और डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन में 100 प्रतिशत सेग्रीगेशन पर फोकस रखा। विजीवल क्लीनिंग यानि शहर को प्रदूषण मुक्त करने पर काम हुए। उदाहरण के लिए सीएण्डडी वेस्ट फैंकने वालों पर लगातार कार्रवाई हुई। इससे काफी हद तक कॉलोनियों को प्रदूषण मुक्त रखा गया। वहीं एक्यूआई कंट्रोल रखने के लिए लगातार शहर में पानी का छिड़काव किया गया। पेड़ों पर भी पानी से छिड़काव किए गए। खासकर दशहरा और दीपावली पर भी भोपाल के क्वालिटी इंडेक्स बेहतर रहा। इसी तरह शुद्ध हवा के लिए ग्रीनरी बढ़ाई गई। अंत में सिटीजन फीटबैक बेहतर रहा।

### चार हिस्सों में हुआ सर्वेक्षण अलग-अलग अंक मिले

इस बार 7 बार से स्वच्छ सर्वेक्षण में देश के सबसे स्वच्छ शहर का खिताब जीतने वाले इंदौर को इस प्रतियोगिता में शामिल नहीं किया गया है। ऐसे में इस बार अहमदाबाद को सबसे स्वच्छ शहर का खिताब मिल सकता है। वहीं उत्तरप्रदेश की राजधानी लखनऊ को देश में सबसे स्वच्छ शहरों में दूसरा और मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल को तीसरा स्थान मिलने की संभावना है। नगर निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायण ने बताया कि स्वच्छ सर्वेक्षण में अलग-अलग पार्ट के लिए प्रथम चरण के लिए 500 अंक, द्वितीय के लिए 500 और तृतीय व चतुर्थ के लिए 9000 अंक तय किए हैं। इसके साथ ही ओडीएफ, वाटर प्लस के लिए 1200, कचरा मुक्त शहर स्टार रेटिंग के लिए 1300 अंक हैं. इस तरह कुल 12 हजार 500 अंकों के आधार पर स्वच्छ सर्वेक्षण किया गया है।

### अवॉर्ड के लिए आया आमंत्रण

स्वच्छता सर्वेक्षण-2024 के तहत भोपाल को सुपर लीग केटगरी के तहत अवॉर्ड दिया जाएगा। जिसमें प्रेसिडेंट अवॉर्ड की जानकारी मिली है। ऐसे में भोपाल की पहले से स्वच्छता में रैंकिंग सुधरी है।

**हरेंद्र नारायण**
कमिश्नर, नगर निगम

---

**पुलिस ने दर्ज किया हत्या का मामला, आरोपी गिरफ्तार**

## गर्लफ्रेंड के साथ बैठे युवक का 3 युवकों से विवाद, चाकूबाजी में एक की हुई मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गोविंदपुरा थाना क्षेत्र स्थित आंबेडकर पार्क में गर्लफ्रेंड के साथ बैठे युवक का तीन युवकों से विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर युवक ने तीनों युवकों पर चाकू से हमला कर दिया। हमले में एक युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई, जबकि उसके दोनों साथियों को मामूली चोट होने के कारण इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई है। पुलिस ने आरोपी युवक पर हत्या का मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस गर्लफ्रेंड की भूमिका की जांच कर रही है। जांच के बाद गर्लफ्रेंड पर भी कार्रवाई की जा सकती है।



पुलिस के अनुसार श्याम मोरे (24) बरखेड़ा पठानी में रहता था और लेबर कांट्रेक्टर था। वह भेल में ठेका श्रमिक मुहैया कराता था। गुरुवार 10 जुलाई गुरुवार शाम श्याम अपने दो दोस्त सुनील और अजय के साथ आंबेडकर पार्क पहुंचा। इस दौरान वहां पिपलानी निवासी फैजान अपने गर्लफ्रेंड के साथ बैठकर बात कर रहा था। श्याम और उसके दोस्त बीयर लेकर पहुंचे थे।

### गोविंदपुरा के आंबेडकर पार्क की घटना

तीनों युवक फैजान और उसकी गर्लफ्रेंड की चेयर से कुछ दूरी पर चेयर पर बैठकर बीयर पी रहे थे। तीनों की जोर-जोर से बातचीत और हंसी मजाक सुनकर फैजान और उसकी गर्लफ्रेंड को आपत्ति हुई। उनका कहना था कि वे उन्हें देखकर फब्तियां कस रहे हैं। कुछ देर तक बर्दाश्त करने के बाद फैजान और उसकी गर्लफ्रेंड श्याम और उसके दोस्तों के पास पहुंचे और उन्हें वहां से जाने का कहा। इस पर विवाद बढ़ गया। विवाद बढ़ने पर फैजान की गर्लफ्रेंड ने श्याम को थप्पड़ जड़ दिया। थप्पड़ पड़ने से श्याम और उसके दोस्तों की फैजान और उसकी गर्लफ्रेंड से झूमाझटकी होने लगी। देखते ही देखते झूमाझटकी खूनी संघर्ष में बदल गई। आरोपी फैजान ने अपने पास रखा चाकू निकालकर श्याम पर हमला कर दिया। चाकू का हमला श्याम के सीने पर हुआ था। दोस्त को बचाने सुनील और अजय को भी चाकू से चोट आई है। चाकू सीने में लगने से श्याम नीचे गिर गया। उसके साथी उसे लेकर एम्स पहुंचे। वहां इलाज के दौरान श्याम की मौत हो गई।

### फैजान की गर्लफ्रेंड की भूमिका संदिग्ध

थाना प्रभारी अवधेश तोमर ने बताया कि फैजान को गिरफ्तार कर हत्या में इस्तेमाल चाकू बरामद कर लिया गया है। फैजान आईटीआई सेकंड ईयर का छात्र है, जबकि उसकी गर्लफ्रेंड कंप्यूटर साइंस थर्ड ईयर की छात्रा है। पुलिस ने फैजान की गर्लफ्रेंड की भूमिका की जांच कर रही है। जांच के बाद उसके खिलाफ भी एफआईआर की जा सकती है।

---

जिलों में दिए जा रहे मौखिक आदेश

## राशि आवंटित होने के बाद अब प्राचार्यों से बुलाए लैपटॉप के बिल

**सरकार ने लैपटॉप के लिए 235 करोड़ रुपए से अधिक की राशि अंतरित की**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शैक्षणिक सत्र 2024-25 में कक्षा 12वीं में 75 प्रतिशत या इससे अधिक अंक लाने वाले प्रदेश के 94,234 मेधावी विद्यार्थियों को लैपटॉप खरीदने के लिए राशि आवंटित की जा चुकी है।

इसके लिए सरकार की ओर से 235 करोड़ रुपए से अधिक की राशि अंतरित की। राशि आवंटित होने के बाद प्रदेश के कई जिलों में प्राचार्यों से बच्चों द्वारा लैपटॉप खरीदी के बिल बुलाए जा रहे हैं। हालांकि इसको लेकर लिखित आदेश जारी नहीं किए गए हैं। मौखिक रूप से प्राचार्यों को बिलों की प्रति जमा करने के निर्देश दिए गए हैं।

ऐसे में प्राचार्यों के लिए काम बढ़ गया है, क्योंकि बारहवीं उत्तीर्ण होने के बाद विद्यार्थी अपनी आगे पढ़ाई में जुट गए हैं। वहीं अन्य जिलों के विद्यार्थी दूसरे स्थानों पर चले गए हैं।

### बिल जुटाने के लिए मशक्कत जारी

*बिल जुटाने में प्राचार्यों को मशक्कत करनी पड़ रही है। इधर स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारी इस बात से इंकार कर रहे हैं।*

### ऐसा आदेश नहीं

स्कूटी के लिए कहा गया था, लेकिन लैपटॉप के लिए कोई बिल नहीं बुलाए गए हैं। इस प्रकार के कोई आदेश नहीं दिए हैं।

**एनके अहिरवार**
जिला शिक्षा अधिकारी, भोपाल

---

## नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले दोषी को 20 वर्ष का सश्रम कारावास

**विधिक संवाददाता भोपाल।** 9 वर्षीय नाबालिग को अकेला पाकर उसके साथ डरा-धमकाकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी रितेश चौरसिया निवासी बिजली कॉलोनी आनंद नगर पिपलानी भोपाल को विशेष न्यायाधीश ने दोषी ठहराते हुए 20 वर्ष के सश्रम कारावास और 5,000 रुपए के जुर्माने से दण्डित किया है। विशेष न्यायाधीश ने पीड़िता के परिजन की आर्थिक स्थिति को देखते हुए एक लाख रुपए का प्रतिकर राशि प्रदान करने का आदेश भी दिया है। प्रकरण में अभियोजन की ओर से विशेष लोक अभियोजक सरला कहार और लक्ष्मी कसाव ने पैरवी की।

---

आरटीओ विभाग की टीम ने दो डंपर भी जब्त किए

## यात्रियों से भरी बिना फिटनेस के चल रही बस को किया जब्त

अमले ने आरटीओ में वाहनों को लाकर किया खड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

शनिवार को आरटीओ विभाग द्वारा गठित की गई टीम ने बिना वाहन फिटनेस और परमिट पर चल रही बसों और डंपरों पर कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान टीम ने एक बस को जब्त किया। बस यात्रियों को लेकर बिना फिटनेस और परमिट से चल रही थी। बस से यात्रियों को उतार कर आरटीओ कार्यालय में खड़ा किया गया। टीम ने दो डंपर और एक यात्री बस को जब्त किया। ये वाहन बिना फिटनेस, परमिट और कर जमा किए सड़कों पर दौड़ रहे थे।




### सख्त कार्रवाई की जाएगी

आरटीओ जितेंद्र शर्मा ने कहा कि परमिट, बीमा और फिटनेस जैसे दस्तावेजों की अनदेखी गंभीर अपराध है। यह न सिर्फ नियमों का उल्लंघन है, बल्कि यात्रियों की सुरक्षा के साथ सीधा खिलवाड़ है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि भविष्य में भी नियमों का पालन नहीं किया गया, तो और भी सख्त कार्रवाई की जाएगी।

---

## 771 बोरियों में मिला 384 क्विंटल पीडीएस का चावल

**भोपाल।** बैरागढ़ के साधु वासवानी स्कूल के पास राजकुमार ट्रेडर्स के गोदामें मिले पीडीएस के चावल की तुलाई पूरी कर ली गई है। टीम ने 12 घंटे में 771 बोरियों की तुलाई की, जिसमें 394 क्विंटल चावल जब्त किया गया है। व्यापारी के यहां भारी मात्रा में चावल मिलने के बाद जिला प्रशासन ट्रेडर्स के संचालक रतन वासवानी पर एफआईआर दर्ज कराने की तैयारी कर रहा है। जिला आपूर्ति नियंत्रक चंद्रभान सिंह जादौन का कहना है कि टीम ने राजकुमार ट्रेडर्स के यहां से पीडीएस का चावल जब्त कर सुरक्षित रखवा दिया गया है।

---

**सुबह बादल, दोपहर में झमाझम, शाम को धूप, रात में फिर बारिश**

तीन दिन मध्यम से तेज बारिश, रात में 23.8 डिग्री पर थमा

## प्रदेश में तीन सिस्टम सक्रिय, आज से तेज बारिश, भोपाल में अचानक बाढ़ का अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राजधानी में शनिवार से बारिश रफ्तार पकड़ने लगी है। सुबह बादल, दोपहर में करीब दो घंटे हल्की बारिश के बाद शाम को धूप खिली। इससे शाम को उमस बढ़ गई। रविवार से भोपाल सहित प्रदेश के अधिकांश जिलों में बारिश तेज रफ्तार पकड़ेगी। भोपाल में रविवार से सोमवार तक फ्लैश फ्लड (अचानक बाढ़) के लिए अलर्ट जारी किया गया है। राजधानी में अगले तीन दिन बारिश में तेजी रह सकती है। प्रदेश में शनिवार से तीन सिस्टम्स के सक्रिय होने से अब राजधानी में तेज से भारी बारिश का अनुमान है। मौसम केंद्र के अनुसार रविवार



को तेज बारिश हो सकती है। मौसम केंद्र ने शनिवार रात से रविवार तक शहर में बारिश के बाद फ्लैश फ्लड (अचानक बाढ़) का अलर्ट जारी किया है।

### प्रदेश में तीन सिस्टम सक्रिय

मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार वर्तमान में मानसून ट्रफ सूरतगढ़, सीकर, ग्वालियर, सिद्धि, डाल्टनगंज, कोंटाई से होकर दक्षिण पूर्व की ओर बंगाल की खाड़ी तक सक्रिय है। एक साइक्लोनिक सकुर्लेशन पूर्वी मध्य प्रदेश और आसपास सक्रिय है। वहीं, एक ट्रफ उत्तरी हरियाणा से दक्षिणी उत्तर प्रदेश, पूर्वी मप्र और आसपास है।

### पारा 5.2 डिग्री गिरा

शहर में शनिवार को सुबह से बादल, दोपहर में बारिश के बाद 3 बजे से फिर धूप खिली। इससे शाम को उमस का माहौल रहा। बारिश के बाद शहर का पारा 5.2 डिग्री गिरकर 27 डिग्री रहा, जो सामान्य से 4.3 डिग्री कम है। रात का पारा 23.8 डिग्री पर थमा रहा। यह नॉर्मल के करीब है। शहर के बैरागढ़ इलाके में सुबह 8:30 से शाम 5:30 बजे के बीच 2.6 और अरेरा हिल्स में 2.2 मिमी बारिश हुई। इसके बाद बादल छंट गए और सूरज ढलने तक धूप खिली रही। देर रात 10बजे के बाद झमाझम हुई।

---

## यात्री बस पलटी, आधा दर्जन यात्री घायल

**भोपाल।** ईंटखेड़ी थाना क्षेत्र स्थित गांव निपानिया जाट में शनिवार रात करीब साढ़े से आठ बजे के बीच एक तेज रफ्तार बस पलट गई। हादसे के समय बस में चालीस से ज्यादा सवारी थी। इनमें आधा दर्जन लोगों को चोट आई है। हालांकि अभी तक तीन लोगों की जानकारी अस्पताल से आई है।

प्रत्यक्ष दर्शियों का कहना है कि हादसा अचानक सड़क पर आए मवेशी को बचाने के फेर में हुआ, जबकि कुछ का कहना है कि बस तेज रफ्तार में थी और एकाएक ब्रेक लगाते ही पलट गई। हादसे के बाद से ही बस का ड्राइवर फरार है। उसकी तलाश की जा रही है।

---

**बैरसिया की स्वास्थ्य सेवाओं की हुई समीक्षा**

## मुख्यालय से अनुपस्थित रहने पर नहीं मिलेगा वेतनः सीएमएचओ



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यालय में अनुपस्थित रहने वाले स्वास्थ्य कर्मियों को वेतन का भुगतान नहीं किया जाएं। मुख्यालय में निवास करने पर ही स्वास्थ्य कर्मी को वेतन का भुगतान किया जाएगा। यह निर्देश सिविल अस्पताल बैरसिया में आयोजित स्वास्थ्य कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक में सीएमएचओ डॉ. मनीष शर्मा ने दिए। बैठक में सभी राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की विकासखंड स्तर पर प्रगति की समीक्षा की गई। बैठक के दौरान सीएमएचओ डॉ. मनीष शर्मा ने कहा कि बैरसिया विकासखंड में पदस्थ स्वास्थ्यकर्मियों का वेतन मुख्यालय में निवास करने पर ही आहरित किया जाएगा। मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी को इस संबंध में निर्देश दिए गए हैं।

## खबर संक्षेप



### प्रथम सोमवार को भोलेनाथ का होगा अभिषेक

**औबेदुल्लागंज।** छोटा शिव मंदिर में शनिवार को राम सत्ता संपन्न हुई। भोजपुर नारी शक्ति केंद्र की अध्यक्ष आरती यादव ने बताया कि भीमबेटका गुप्त गंगा से कावड़ में जल लाकर अर्जुन नगर स्थित शिव मंदिर में प्रथम सोमवार को भोले नाथ का अभिषेक करेंगे। समिति के सभी सदस्य कुसुम शर्मा, पार्वती चौरसिया, राज भाई, कांति भाई, कविता यादव, प्रियंका गुप्ता, रेखा कपूर, राधा मालवीय, राधा कुशवाहा, मल्होत्रा यादव, सीमा ठाकुर, सुनीता सैनी, वचन लोधी, माखन सिंह, धर्मेंद्र चौरसिया, पदम चौहान, इंग्लिश यादव आदि शामिल होंगे।

### स्वच्छता की पाठशाला का किया आयोजन



**औबेदुल्लागंज।** मुख्य नगर पालिका अधिकारी किरण राहंगडाले एवं स्वच्छता नोडल अधिकारी स्वच्छ सर्वेक्षण 2025 के तहत शनिवार को वार्ड 8 में शासकीय माध्यमिक विद्यालय हीरानिया में स्वच्छता की पाठशाला का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों को 'सफाई अपनाओ बीमारी भगाओ' राष्ट्रीय व्यापी अभियान की जानकारी दी एवं साफ-सफाई रखने की शपथ दिलाई।

### लैपटॉप एवं साइकिलें मिलने से विद्यार्थी खुश

**औबेदुल्लागंज।** भाजपा नेता सर्वेश गौर ने कहा कि प्रधानमंत्री



नरेंद्र मोदी, प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और विधायक सुरेंद्र पटवा छात्र-छात्राओं के उज्वल भविष्य के लिए लैपटॉप एवं साइकिलें बांटी हैं। केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान खेती को फायदे का धंधा बनाने के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने लाडली बहनों के खाते में 1250 रुपए डाले हैं, जिससे सभी लाडली बहनों के चहरे में खुशी नजर आई। भोजपुर क्षेत्र में विधायक सुरेंद्र पटवा के प्रयास से विकास कार्य हो रहे हैं।

### जिला भाजपा उपाध्यक्ष शर्मा का मनाया जन्मदिन



**औबेदुल्लागंज।** जिला भाजपा उपाध्यक्ष नरेंद्र शर्मा का जन्मदिन शनिवार को हर्षोल्लास से मनाया। विधायक सुरेंद्र पटवा, जिला भाजपा अध्यक्ष राकेश शर्मा, जेपी शर्मा, मंडल अध्यक्ष डॉ. भूपेंद्र नागर, पंकज कोठारी, नारायण सिंह पटेल, नपा अध्यक्ष लक्ष्मी चौकसे, माधव यादव, सोनू चौकसे, पुरुषोत्तम शर्मा, लोकेश परमार, मनोज चौरसिया, विक्रम यादव, दीपक परमार आदि ने बधाई दी।

### खो-खो प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ी रवाना

**मंडीदीप।** औद्योगिक नगर से गुना जिले के बीनागंज में 13 जुलाई से 18 जुलाई तक आयोजित सीबीएसई कलस्टर लेवल खो खो प्रतियोगिता में शामिल होने खिलाड़ी शनिवार को रवाना हुए। खेल प्रशिक्षक निर्मल यादव ने बताया कि नगर 14 वर्ष बालक प्रतियोगिता में शामिल होंगे, जिसमें आर्यन पुरी ,नैतिक शर्मा, कार्तिक शर्मा ,यश मालवीय, पारस मेहरा ,मिलन चौहान, यश ठाकुर, जयंत चौकसे, अध्ययन तिवारी आदि हैं।

**शुभांक**

| | | | |
|---|---|---|---|
| कल्याण: | 1736 | | |
| दिन: | 458 | 77 | 467 |
| रात: | 660 | 28 | 378 |
| तारा: | | | |
| दिन: | 578 | 06 | 349 |
| रात: | 136 | 08 | 468 |

## मंडीदीप के सतलापुर वार्ड 16 का मामला पुलिस जांच में जुटी

# जन्मदिन की पार्टी में बुलाकर युवक की चाकू से गोदकर कर दी हत्या, शव को पानी की टंकी में छिपाया, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मंडीदीप

औद्योगिक नगर में एक युवक को जन्मदिन की पार्टी में बुलाकर हत्या कर दी है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी अनुसार सतलापुर के वार्ड 16 के निवासी भरत अहिरवार ने अपने जन्मदिन की पार्टी में अपने मित्र दीपक कुशवाह (27) को अपने घर बुलाया था।

पार्टी के दौरान किसी बात को लेकर विवाद हो गया। जिस पर भारत अहिरवार पिता नोनीतराम अहिरवार (32) ने दीपक कुशवाह को शराब के नशे में सिर सहित शरीर पर चाकू से दो दर्जन वार कर घायल कर दिया था, जिससे दीपक की घटना



स्थल पर ही मौत हो गई। जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्डम के लिए भेजा। वहीं पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी ने दीपक कुशवाह को मारने के बाद घर में पानी की टंकी में डाल दिया था और अपने रिश्तेदार से यह बात शेयर की थी, जिस पर रिश्तेदार ने 100 डायल को इसकी सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को बाहर निकाला साथ ही आरोपी को गिरफ्तार लिया।

**आरोपी को न्यायालय में पेश किया जाएगा**

सतलापुर में एक युवक की तेज धारदार हथियार से हत्या कर दी है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। प्रकरण के संबंध में अग्रिम कार्रवाई कर न्यायालय गौहरगंज में पेश किया जाएगा।

**शीला सुरैना,** एसडीओपी, औबेदुल्लागंज

### ट्रांसफार्मर उठाकर घर ले जाने वाले आरोपी पर एफआईआर दर्ज

**भोपाल।** मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा भिंड वृत्त के असवार विद्युत वितरण केंद्र अंतर्गत शासकीय कार्य में बाधा डालने वाले आरोपित के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई गई है। सहायक प्रबन्धक विद्युत वितरण केंद्र असवार अभिषेक सोनी ने रावतपुरा थाना जिला भिंड में आवेदन देकर बताया कि आरोपी श्रीराम बिहारी निवासी रावतपुरा के द्वारा शासकीय कार्य में बाधा डालते हुए बिजली विभाग का ट्रांसफार्मर घर उठा ले गए, जो कि विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 136 के अन्तर्गत अपराध की श्रेणी में आता है। इधर, अपराध पंजीबद्ध कर रावतपुरा पुलिस ने विवेचना प्रारंभ कर दी है। अभिषेक सोनी सहायक प्रबंधक विद्युत वितरण केंद्र असवार ने बताया कि ग्राम रावतपुरा के श्रीराम बिहारी त्रिपाठी को शासकीय योजना अनुदान के अन्तर्गत 25 केवी. का ट्रांसफार्मर स्थापित कर वितरण केंद्र असवार से अस्थाई कृषि पंप कनेक्शन दिया गया था, जबकि उक्त योजना के अन्तर्गत प्रदाय ट्रांसफार्मर पूर्णतः मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी की संपत्ति है। आरोपी के ऊपर वर्तमान में 149795 रुपए बिजली बिल बकाया है। ट्रांसफार्मर जब्ती से बचने के लिए उपभोक्ता के पुत्र सोनू त्रिपाठी द्वारा कंपनी नियमों के विरुद्ध विद्युत लाइनों से छेड़छाड़ कर उक्त ट्रांसफार्मर को उतार कर अपने घर रख लिया है। आरोपी के खिलाफ विद्युत लाइन के साथ छेड़छाड़ करने एवं शासकीय संपत्ति को गायब कर चोरी करने का अपराध थाना रावतपुरा जिला भिंड में दर्ज कराया गया है।

## टीटी नगर के चक्की चौराहा की घटना, निजी बैंक में सिक्योरिटी गार्ड था युवक

# पत्नी से आए दिन विवाद होने के कारण गार्ड ने लाइसेंसी बंदूक से खुद को मारी गोली, मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

टीटी नगर थाना क्षेत्र स्थित चक्की चौराहा पर शुक्रवार देर रात निजी बैंक के सिक्योरिटी गार्ड ने अपनी 12 बोर की लाइसेंसी बंदूक से खुद को गोली मार ली। उसने सीने में बंदूक की नाल रखकर पैर से ट्रिगर दबाकर खुद को गोली मारी है। दरअसल, गार्ड शराब पीने का आदी था। शराब की लत के कारण उसका आए दिन पत्नी से विवाद होता था। गुरुवार को भी पत्नी से विवाद हुआ था। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है।

पुलिस के अनुसार चक्की चौराहा टीटी नगर निवासी बालचंद सोंधिया पिता जगदीश सोंधिया (40) अरेरा कॉलोनी की निजी बैंक में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करता था। परिवार में पत्नी शोभा के अलावा दो बच्चे हैं। बड़ी बेटी कॉलेज की छात्रा है, जबकि छोटा बेटा 16 साल का है और वह भी पढ़ाई कर रहा है। बालचंद के पास सिंगल नाल वाली 12 बोर की बंदूक थी। पत्नी शोभा ने पुलिस को बताया कि बालचंद आए दिन शराब पीकर हंगामा करते थे। वे बच्चों के सामने गाली-गलौज और मारपीट करते थे। पति की मारपीट और प्रताड़ना से दुखी होकर उन्होंने पास ही एक मकान किराए पर ले लिया था। वहां शोभा अपने बच्चों के साथ रहती थी। शोभा घरों में साफ सफाई कर अपने बच्चों की परवरिश कर रही थी।

**तेज धमाका सुन आसपास के लोग एकत्रित हुए**

गुरुवार शुक्रवार की दरमियानी रात करीब साढ़े 12 बजे के आस-पास बालचंद अपने कमरे में अकेले थे। इसी दौरान उन्होंने बंदूक सीने पर रखी और पैर से



ट्रिगर दबा दिया। गोली चलने से तेज धमाका हुआ और आसपास के लोग एकत्रित हो गए। बालचंद का कमरा खुला हुआ था। कुछ लोगों ने जाकर देखा तो बालचंद खून से लतपथ दिखे, फिर परिजन को जानकारी दी। इधर, सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई थी। इसके बाद एफएसएल की टीम से निरीक्षण कराने के बाद शव पीएम के लिए मर्चूरी भेज दिया गया।

**गुरुवार को हुआ था विवाद**

बालचंद गुरुवार शाम शराब के नशे में घर पहुंचे थे। इस दौरान उनका एक बार फिर पत्नी शोभा से विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर शोभा अपने पति बालचंद की शिकायत लेकर टीटी नगर थाने पहुंच गई। वहां पुलिस ने पति-पत्नी का विवाद कहकर उन्हें घर लौटा दिया। बालचंद को पता चला कि शोभा उसकी शिकायत कर थाने से लौटी है तो वह गुस्से में आ गया।

### बीड़ी मांगने पर विवाद, तलवार से युवक पर जानलेवा हमला, आरोपी गिरफ्तार

टीटी नगर थाना क्षेत्र स्थित सुनहरी बाग कटसी इलाके में शुक्रवार शाम मामूली बात को लेकर हुए विवाद के चलते बदमाश ने एक युवक पर तलवार से प्राणघातक हमला कर दिया। आरोपी ने फरियादी से एक बीड़ी मांगी थी। इनकार करने पर वह मारपीट करने लगा और तलवार से जानलेवा हमला कर दिया। पुलिस ने हत्या का प्रयास की धारा के तहत प्रकरण दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के मुताबिक सुनहरी बाग कटसी निवासी कमलेश पाल (45) इलेक्ट्रॉनिक्स का काम करता है। शुक्रवार शाम करीब पांच बजे वह अपने घर के पास खड़ा बीड़ी पी रहा था। उसी दौरान कुछ दूरी पर रहने वाला नंदेश बारोतिया उर्फ बबलू तोतला वहां आया और कमलेश से बीड़ी मांगने लगा। कमलेश ने बीड़ी देने से इनकार कर दिया। इसी बात को लेकर बबलू उससे झगड़ा करने लगा। विवाद बढ़ने पर बबलू तोतला ने उससे मारपीट शुरू कर दी और फिर तलवार से जानलेवा हमला कर दिया। पुलिस ने बताया कि कमलेश ने तलवार के वार अपने हाथ से रोक लिए। उसके हाथ बुरी तरह जख्मी हुए हैं। आरोपी बबलू तोतला के खिलाफ चार-पांच अपराध पंजीबद्ध हैं। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### मौसी के घर आई युवती ने फांसी लगाई

बिलखिरिया थाना क्षेत्र स्थित छावनी पठार में शुक्रवार शाम 18 साल की युवती ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वह यहां मौसा-मौसी के घर मेहमान आई थी। घटना के समय घर पर सिर्फ मौसी का 12 साल का बेटा था। उसने ही युवती का शव फंदे पर लटका देखा और उसे फंदे से नीचे उतारा। पड़ोसियों की मदद से उसे एम्स ले जाया गया, लेकिन उसकी मौत हो चुकी थी। घटनास्थल से सुसाइड नोट नहीं मिलने से आत्महत्या का खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस ने बताया कि मूलरूप से रीवा निवासी अन्नू साकेत पिता जानकी साकेत (18) छावनी पठार में रहने वाले मौसी के घर करीब एक महीने पहले मेहमान आई थी। उसके माता-पिता रीवा से दिल्ली मजदूरी करने चले गए थे। विगत 11 जुलाई की शाम करीब चार बजे अन्नू ने कमरे में दुपट्टे का फंदा बनाकर फांसी लगा ली। उस समय मौसा-मौसी काम पर गए हुए थे। घर में मौसी का 12 साल का बेटा था। नजर पड़ते ही उसने अन्नू साकेत को फंदे से उतारा था।

**महिला ने लगाई फांसी**

इसी थाना क्षेत्र स्थित अनंतपुरा कोकता में एक महिला ने फांसी लगा ली। उसका मानसिक संतुलन बिगड़ा हुआ था। पुलिस ने बताया कि अनंतपुरा कोकता निवासी निशा बी पति सोहराब खां (32) का मानसिक संतुलन बिगड़ा हुआ था। उनका इलाज चल रहा था। शुक्रवार दोपहर करीब दो बजे निशा बी ने अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना के समय पति काम पर गया हुआ था। पति सोहराब अशोका गार्डन क्षेत्र में खिड़कियों में एल्युमीनियम का फ्रेम बनाने व लगाने का काम करता है। पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है।

## गांधी नगर के सुविध विहार कॉलोनी में चोरों का धावा

# व्यवसायी के सूने मकान से नगदी समेत लाखों की चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गांधी नगर थाना क्षेत्र स्थित सुविध विहार कॉलोनी में इलेक्ट्रॉनिक व्यवसायी के सूने मकान का ताला तोड़कर बदमाश नगदी सहित जेवरात चुराकर ले गए। बदमाश उनके घर से करीब 57 लाख रुपए का माल चुराकर ले गए है। वारदात के समय व्यवसायी परिवार के साथ शहर से बाहर गए हुए थे। पुलिस ने अज्ञात नकबजनों पर पर मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस घटनास्थल और आसपास सीसीटीवी कैमरे की तलाश कर रही है।

पुलिस के अनुसार सुनील वरलानी अपने परिवार के साथ सुविध विहार कॉलोनी गांधी नगर में रहते हैं। उनकी झूलेलाल मार्केट में इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स की शॉप हैं। दो दिन पहले वह गुरुपूर्णिमा के अवसर पर पूजन के लिए परिवार के साथ कटनी गए थे। शुक्रवार रात वह कटनी से भोपाल लौटे तो घर के मुख्य गेट पर लगा ताला टूटा मिला। अंदर जाकर देखने पर पता चला कि सारा सामान बिखरा पड़ा है। बदमाश घर से 7 लाख रुपए की नगदी और करीब 50 लाख रुपए कीमत के जेवरात लेकर गए हैं। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद अज्ञात नकबजनों पर प्रकरण दर्ज किया है।

## झूलेलाल मंदिर में विभिन्न स्कूलों के विद्यार्थियों को शिक्षण सामग्री बांटी



**संतनगर।** श्री झूलेलाल सांस्कृतिक उत्सव समिति, संत नगर द्वारा विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं को शिक्षण सामग्री का वितरण किया गया। कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष दिनेश वाधवानी, महासचिव दयाल दास डेटानी, संत नरेश पारदासानी, नरेश पेसवानी, राज मनवानी, ओमप्रकाश रीझवानी एवं अन्य सदस्यगणों ने शिक्षण सामग्री का वितरण किया। बच्चों द्वारा शिक्षण सामग्री उपरांत ''इतनी शक्ति हमे देना दाता, मन का विश्वास कमजोर हो ना'' पर गीत प्रस्तुत किया।



## हाई स्कूल में 35 छात्र-छात्राओं को मिली साइकिल, खिले चेहरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामोट

हाई स्कूल में 35 छात्र-छात्राओं को शनिवार को साइकिल वितरण किया। जनपद सदस्य सुलेखा चौहान ने इस अवसर पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, विधायक सुरेंद्र पटवा ने छात्रों को साइकिल दी है कि सभी छात्र-छात्राएं समय पर स्कूल आएं और पढ़ाई कर अपना कॅरियर संवार सकें। सुलेखा चौहान ने कहा कि छात्रों के लिए प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री द्वारा कई योजनाएं चल रहे हैं, जिससे छात्रों का भविष्य उज्जवल बने। इस अवसर पर प्रीति विश्वकर्मा हाई स्कूल की प्राचार्य एवं अन्य शिक्षक मौजूद थे।

## अभिभावक शिक्षक संघ की बैठक आयोजित

# छात्रों की प्रगति में अभिभावक और शिक्षकों का सतत संवाद अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

शहीद हेमू कालानी एजुकेशनल सोसाइटी द्वारा संचालित मिठी गोबिंदराम पब्लिक स्कूल में अभिभावक शिक्षक संघ की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विद्यालय के प्राचार्य अजय बहादुर सिंह ने कहा कि छात्रों की प्रगति के मजबूत आधार स्तंभों में अभिभावक और शिक्षकों की अहम भूमिका होती है। अभिभावक और शिक्षकों का सतत संवाद अनिवार्य है।

इसके साथ ही विद्यालय की इंफ्रास्ट्रक्चर में किए नवीनीकरण से अवगत कराया। उन्होंने 2 जुलाई 2025 को विद्यालय द्वारा छात्र सम्मान कार्यक्रम, जिसमें शैक्षणिक



सत्र 2024-25 में 90% और उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले 235 छात्रों को सम्मानित करने की जानकारी दी। कार्यक्रम में मुख्य रूप से शहीद हेमू कलानी एजुकेशनल सोसाइटी के सचिव घनश्याम बूलचंदानी, एकेडमिक डायरेक्टर गोपाल गिरधानी, विद्यालय प्राचार्य अजय बहादुर सिंह, उपप्राचार्य रेखा केवलानी, अभिभावक, शिक्षक आदि मौजूद थे।

## स्कूल में प्रशिक्षण एवं जागरुकता कार्यक्रम

# बच्चों में आत्मबल, जीवन कौशल, स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता और आत्मनिर्भरता जरूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ औबेदुल्लागंज

ग्लोबल स्कूल ऑफ एक्सीलेंस में शनिवार को प्रेरणादायक प्रशिक्षण एवं जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यालय प्रबंधन, विशेषज्ञ वक्ता, छात्र-छात्राएं तथा अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए विद्यालय की निदेशक डॉ. सोनल मेहता ने कहा कि आज के युग में केवल अंक या शैक्षणिक सफलता काफी नहीं है, बच्चों में आत्मबल, जीवन कौशल, स्वास्थ्य के प्रति जागरुकता और आत्मनिर्भरता का विकास ज़रूरी है। यह तभी संभव है जब अभिभावक भी स्कूल की पहल में सक्रिय रूप से भाग लें। कार्यक्रम में दो कार्यशालाएं आयोजित की गईं।





डॉ. प्रीति शुक्ला कार्यकारी सदस्य अलीड एन्ड हेल्थ केयर कौंसिल, म.प्र. सरकार एवं निदेशक नुट्रिशन नीड्स हेल्थ कंसल्टेंसी इंदौर, ने चीनी की अधिकता एवं संतुलित आहार विषय पर अनुभव और अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षण के आधार पर व्यावहारिक सुझाव दिए। उन्होंने बच्चों को चीनी की लत से बचाने और स्वस्थ खानपान अपनाने के लिए घर से ही बदलाव की शुरुआत की अपील की।

भोपाल रत्न से सम्मानित डॉ. कनिका शर्मा ने दा फाउंडर किड नामक पहल के माध्यम से अभिभावकों को बताया कि कैसे कम उम्र से ही बच्चों में उद्यमिता, डिजिटल साक्षरता, आर्थिक समझ और सामाजिक कौशल विकसित किए जा सकते हैं।

## कमला नगर पुलिस ने दस नंबर मार्केट के पास से धरदबोचा

# तीन माह से फरार चल रहे हत्या के प्रयास के आरोपी समेत दो गिरफ्तार, भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

कमला नगर पुलिस ने करीब तीन माह पूर्व चाकू से प्राणघातक हमला कर फरार हुए शातिर बदमाश और उसके साथी को दस नंबर मार्केट के पास से गिरफ्तार किया है। दोनों फरार आरोपी किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में पहुंचे थे।

पुलिस के अनुसार नया बसेरा कोटरा निवासी प्रताप पाटिल ने विगत 9 अप्रैल को रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि सुबह करीब साढ़े 11 बजे मोनू ठाकुर ने पुरानी रंजिश के चलते उस पर चाकू से जानलेवा



हमला किया। पुलिस ने फरियादी की शिकायत पर आरोपी मोनू ठाकुर के खिलाफ हत्या का प्रयास समेत अन्य धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी। आरोपी मोनू ने इससे पहले टीटी नगर के न्यू मार्केट इलाके में दुकान में तोडफोड़ की वारदात को अंजाम दिया था। इसी प्रकार पांच जुलाई को आरोपी लक्की राजपूत ने पुरानी रंजिश के चलते पुराना शबरी नगर में फरियादी नितिन करोसिया की गाड़ी में तोडफोड़ कर शराब पीने के लिए पैसे मांगे। नहीं देने पर मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने इस मामले में भी आरोपी लक्की राजपूत के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू की।

विवेचना के दौरान सूचना मिली कि आरोपी मोनू ठाकुर और लक्की राजपूत दस नंबर मार्केट पर किसी घटना को अंजाम देने वाले हैं। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम दस नंबर मार्केट पहुंच गई और घेराबंदी कर आरोपी मोनू ठाकुर उर्फ मोहन सिंह (32) निवासी मल्टी नया बसेरा और आरोपी लक्की राजपूत उर्फ नाइट्रा (24) निवासी न्यू आंबेडकर नगर कोलार रोड को हिरासत में ले लिया। आरोपी मोहन ठाकुर के खिलाफ कुल 18 अपराध दर्ज हैं, जबकि आरोपी लक्की राजपूत के खिलाफ कुल 27 अपराध विभिन्न थानों में दर्ज हैं। आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।



### उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थी सम्मानित

**मंडीदीप।** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सत्र 2024-25 में कक्षा दसवीं कि बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु विद्यालय के छात्र-छात्राओं को पुरस्कार एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उन्नतिशील समर्थ शिक्षा कल्याण समिति मण्डीदीप के उपाध्यक्ष नारायण मारन, समिति सचिव डॉ.दीपेंद्र सिंह पाल, सह सचिव नरेंद्र मैथिल विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## भारत 560 पदकों के साथ तीसरे स्थान पर रहा

# राजा भोज एयरपोर्ट के बल सहित सीआईएसएफ के जवान ने अमेरिका में जीते कुल 64 पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ संतनगर

केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल सीआईएसएफ ने 30 जून से 6 जुलाई तक अमेरिका के बर्मिंघम में आयोजित विश्व पुलिस एवं अग्निशमन खेल प्रतियोगिता में कुल 64 पदक जीतकर देश का गौरव बढ़ाया है। मालूम हो के राजा भोज एयरपोर्ट पर भी औद्योगिक सुरक्षाबल तैनात हैं, जिसमें से कई खिलाड़ी अमेरिका गए थे।

विश्व पुलिस एवं अग्निशमन खेल एक बड़ा अंतरराष्ट्रीय खेल आयोजन है जहां दुनिया भर के पुलिस और अग्निशमन कर्मी विभिन्न खेलों में प्रतिस्पर्धा करते हैं। इस वर्ष, 70 से अधिक देशों के



10,000 से अधिक एथलीटों ने भाग लिया। सीआईएसएफ की टीम ने 6 स्पर्धाओं में भाग लिया और प्रत्येक खिलाड़ी ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर टीम वर्क का परिचय दिया। उनकी सफलता ने भारत को 560 पदकों के साथ समग्र पदक तालिका में तीसरे स्थान पर रहा।

# भगवान श्रीमहाकाल की भस्मारती में सपत्नीक शामिल हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव श्रावण के पवित्र माह के दूसरे दिन उज्जैन में सपत्नीक भगवान श्रीमहाकाल के दर्शन कर भस्मारती में शामिल हुए। भस्मारती के बाद उन्होंने सपत्नीक भगवान श्रीमहाकाल का पूजन किया। डॉ. यादव ने नरसिंह घाट पर स्नान कर पूजन-अर्चन भी किया। मुख्यमंत्री ने श्रीमहाकाल मंदिर परिसर में भ्रमण कर श्रद्धालुओं से उनके मंदिर में दर्शन अनुभव की जानकारी ली और कुशल क्षेम जानी।

## नरसिंह घाट पर स्नान कर किया पूजन-अर्चन

### कावड़ यात्रियों की सुविधा के लिए उचित प्रबंध



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बाबा श्रीमहाकाल की कृपा से प्रदेश में सभी क्षेत्रों में समान रूप से निवेश आकर्षित कर युवाओं को रोजगार के समान अवसर दिए जा रहे हैं। प्रदेश में धार्मिक पर्यटन की सभी सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। कांवड़ यात्रियों को सुविधा प्रदान करने के साथ, उनकी सुविधा के लिए प्रदेश के सभी देवस्थानों में उचित प्रबंधन किए गए हैं। सरकार सर्वजन हिताय के ध्येय को आत्मसात कर कार्य कर रही है। लाड़ली बहनों और सभी वर्ग से किए गए वादों को पूरा करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है।

# मुख्यमंत्री ने महामंडलेश्वर उत्तम स्वामी के साथ किया पौधरोपण अभियान का शुभारंभ

विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि भारतीय वैदिक साहित्य और परंपरागत ज्ञान ने हमें सिखाया है कि पेड़-पौधों में भी जीवन है। इसी आधार पर हम पेड़-पौधों की पूजा करते हैं और उनको अपना संरक्षक मानते हैं। वे हमारे लिए जीवन यापन का महत्वपूर्ण साधन भी हैं।

डॉ. यादव शनिवार को उज्जैन में महाकाल परिसर में पौधरोपण अभियान का शुभारंभ कर संबोधित कर रहे थे। अभियान का शुभारंभ मंत्रोउच्चार और दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। मुख्यमंत्री ने महामंडलेश्वर उत्तम स्वामी और महाकालेश्वर मंदिर के महंत विनीत गिरी महाराज का शॉल और महाकाल का प्रतीक चिन्ह देकर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि महान वैज्ञानिक डॉ. जगदीश चंद्र बोस ने विदेशों में जाकर यह सिद्ध किया कि वनस्पतियों में भी जीवन है। वहां के लोगों ने उन्हें कंधों पर उठा लिया। विदेशी नागरिकों ने कहा कि जब आप यह बात भारत में बताएंगे तो आपकी खूब प्रशंसा होगी। इस पर डॉ. बोस ने बताया हम भारतीय तो परंपरागत ज्ञान से ही जानते हैं कि पेड़-पौधों में जीवन होता है।

## हम पेड़-पौधों की पूजा करते हैं, उनको अपना संरक्षक मानते हैं: मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### प्रत्येक व्यक्ति को लगाना चाहिए पौधे





मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को जीवन में पौधे अवश्य लगाना चाहिए। इससे हमें प्रकृति के उपकार को चुकाने अवसर मिलता है। हम कोशिश करें कि वर्षा ऋतु में पांच पौधे अवश्य लगाएं, इससे हम प्रकृति को उसके आशीर्वाद के बदले एक उपहार दे सकते हैं। इस अवसर पर उज्जैन प्रभारी मंत्री गौतम टेटवाल, सांसद और संत उमेश नाथ महाराज, सांसद अनिल फिरोजिया, विधायक सतीश मालवीय, अनिल जैन कालूखेड़ा, संजय अग्रवाल और अन्य अतिथि उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### आरएमपी चेयरमैन और सिंह बने उपाध्यक्ष

**भोपाल।** बिहार फाउंडेशन भोपाल चैप्टर की बैठक मानवेंद्र मिश्रा के पर्यवेक्षण में हुई। निर्वाचन अधिकारी मुकेश पाण्डेय ने चुनाव संपन्न कराया, जिसमें चेयरमैन आरएमपी सिंह, उपाध्यक्ष राजेश्वर सिंह, सचिव संतोष कुंवर और कोषाध्यक्ष कुंवर प्रसाद को बनाया गया है। वहीं कार्य समिति सदस्य में मुकेश पाण्डेय, विजय सोनी, योगेंद्र प्रसाद सिंह, मुकेश सिंह, बीएम पांडेय, आनंद पाण्डेय, रंजीत कुमार, विमल सिंह, अमित पाण्डेय, कमलेश पंडित और अभिरंजन कुमार को बनाया गया। निर्वाचित पदाधिकारियों ने उन्हें आश्वस्त किया कि भोपाल चैप्टर बिहार फाउंडेशन पटना के अपेक्षानुरूप कार्य करेगा।

### महिला सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता: सिसोदिया

**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता यशपाल सिंह सिसोदिया ने मध्यप्रदेश टूरिज्म बोर्ड को नेशनल अवॉर्ड मिलने पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार पर्यटन को रोजगार से जोड़कर लोगों को आर्थिक रूप से सशक्त बना रही है। मध्यप्रदेश में चलाए जा रहे रिस्पांसिबल टूरिज्म मिशन ने देश में मिसाल कायम की है। पर्यटन क्षेत्रों में महिला सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

### मप्र में फर्जी मतदाता की बात आ रही सामने: नाथ

**भोपाल।** पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने एक ट्वीट के जरिए कहा कि मध्य प्रदेश में बड़े पैमाने पर करीब 55-57 लाख तक फर्ज़ी मतदाता होने की बात सामने आई है। यह संख्या प्रदेश के कुल मतदाताओं की 8 से 10 प्रतिशत तक है। चुनाव के पूर्व भी कांग्रेस ने बार-बार फर्ज़ी मतदाता होने की शिकायत निर्वाचन आयोग से की थी, लेकिन दुर्भाग्य की बात यह रही है कि उस समय इन फर्जी मतदाताओं पर समुचित कार्रवाई नहीं की गई।

## विकसित मध्यप्रदेश 2047 की दिशा में वित्तीय अनुशासन की मजबूत नींव

# अब हर योजना के लिए स्पष्ट करना होगा खर्च क्यों किया जा रहा, सामाजिक-आर्थिक असर क्या होगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मप्र सरकार ने वित्तीय वर्ष 2025-26 के पुनरीक्षित बजट अनुमान और वर्ष 2026-27 के बजट निर्माण की प्रक्रिया आरंभ कर दी है। इसके लिए वित्त विभाग की ओर से दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। इस बार भी राज्य सरकार ने शून्य आधारित बजटिंग (जीरो बेस बजटिंग) की प्रक्रिया को जारी रखते हुए वित्तीय अनुशासन और परिणाम आधारित बजट निर्माण को प्राथमिकता दी जा रही है। इसके साथ ही सरकार ने पहली बार वर्ष 2027-28 एवं वर्ष 2028-29 के लिए त्रिवर्षीय रोलिंग बजट तैयार करने का निर्णय लिया गया है, जो प्रदेश की दीर्घकालिक विकास रणनीति 'विकसित मध्यप्रदेश 2047' पर केन्द्रित है।

वित्त विभाग ने जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार अब प्रत्येक योजना के लिए यह स्पष्ट करना आवश्यक होगा कि उस पर खर्च क्यों किया जा रहा है, उसका लाभ किसे होगा और उसका सामाजिक व आर्थिक असर क्या होगा। इस प्रक्रिया में गैर-प्रभावी योजनाओं को समाप्त करने और समान प्रकृति की योजनाओं को एकीकृत करने पर भी विचार किया जाएगा।

*वित्तीय वर्ष 2025-26 के पुनरीक्षित अनुमान, वर्ष 2026-27 के बजट अनुमान के संबंध में दिशा-निर्देश जारी*



### बजट निर्माण की प्रमुख तिथियां

28-31 जुलाई को विभागीय प्रशिक्षण और प्रारंभिक चर्चा होगी। 10 सितम्बर को आईएफएमआईएस में आंकड़े भरने की अंतिम तिथि है। इसी तरह 15-30 सितम्बर को प्रथम चरण की चर्चा होगी। 31 अक्टूबर को नवीन योजनाओं के प्रस्ताव की अंतिम तिथि है। 1 अक्टूबर-15 नवम्बर तक द्वितीय चरण की चर्चा होगी। दिसम्बर-जनवरी में मंत्री स्तरीय बैठकें होगी। 31 मार्च 2026 को समायोजन प्रस्तावों की अंतिम तिथि घोषित की गई है।

### जनहित में होगा व्यय

*शून्य आधारित बजटिंग प्रणाली से यह सुनिश्चित किया जा सकेगा कि हर योजना के पीछे ठोस उद्देश्य हो, उसका समाज पर प्रभाव दिखे और प्रत्येक व्यय राज्य की विकास प्राथमिकताओं से मेल खाता हो। राज्य सरकार का यह प्रयास केवल राजकोषीय अनुशासन की दृष्टि से ही नहीं, बल्कि प्रभावी शासन और नागरिक सेवा सुधार के लिए भी सराहनीय कदम साबित होगा।*

### वेतन, भत्ते और स्थाई व्यय की भी अलग होगी गणना

विभागों को अपने स्थाई खर्चों जैसे वेतन, पेंशन, भत्तों की गणना करते समय विशेष सावधानी बरतने को कहा गया है। इसके लिए प्रत्येक वित्तीय वर्ष के वेतन में 3% वार्षिक वृद्धि जोड़ी जाएगी। महंगाई भत्ते की गणना क्रमशः 74%, 84% और 94% के हिसाब से होगी। संविदा कर्मचारियों के वेतन में 4% वार्षिक वृद्धि का भी प्रावधान रहेगा। अजा-अजजा उपयोजना के लिए न्यूनतम बजट सुनिश्चित करना अनिवार्य होगा। वित्त विभाग ने स्पष्ट किया है कि अनुसूचित जाति उपयोजना के लिए न्यूनतम 16% और अनुसूचित जनजाति उपयोजना के लिए न्यूनतम 23% बजट सुनिश्चित किया जाना अनिवार्य रहेगा। इसके लिए सेगमेंट कोडिंग व्यवस्था लागू की जाएगी, जिससे योजनाओं में पारदर्शिता आएगी।

### ऑफ-बजट व्यय और केंद्रीय योजनाओं पर भी निगरानी, पूरी जानकारी रखना होगी

जिन विभागों को भारत सरकार से सीधे फंड प्राप्त होता है, उन्हें वह राशि भी बजट प्रस्ताव में दर्शानी होगी। इसके अलावा, ऑफ-बजट ऋण, प्रोत्साहन योजनाओं का वित्तीय असर और नवीन योजनाओं की स्वीकृति की प्रक्रिया को भी स्पष्ट किया गया है। सरकार ने यह स्पष्ट किया है कि बजट की तैयारी के लिए जो आईएफएमआईएस प्रणाली अपनाई गई है, उसमें तय समय के बाद प्रविष्टि की अनुमति नहीं दी जाएगी। विभागों को निर्देशित किया गया है कि वे सभी प्रस्ताव निर्धारित समयसीमा में दर्ज करें और विभागीय बैठक के पूर्व पूरी जानकारी तैयार रखें।

## बहनों के कल्याण के लिए कोई कसर नहीं छोड़ेंगे



# सीएम ने कहा, प्रदेश की हर बहन को बनाकर देंगे पक्का मकान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल


मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि राखी भाई-बहन के परस्पर स्नेह का बंधन है। राखी आई है, तो भाई का बहन को शगुन देना लाजिमी है। राखी 9 अगस्त को है। इसलिए राखी से पहले हमारी सरकार सभी लाड़ली बहनों को 250 रुपए की अतिरिक्त राशि शगुन के रूप में देगी। अगस्त में प्रत्येक लाड़ली बहन को 1500 रुपए मिलेंगे। हम यहीं नहीं रुकेंगे, प्रदेश की हर लाड़ली बहन को पक्का मकान भी बनाकर देंगे।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव शनिवार को उज्जैन जिले की ग्राम पंचायत नलवा में लाड़ली बहनों को आर्थिक सहायता राशि सहित अन्य योजनाओं के तहत बहनों को सहायता राशि वितरण के राज्य स्तरीय समारोह में बोल रहे थे। मुख्यमंत्री ने राज्यस्तरीय राशि अंतरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

### चार करोड़ से अधिक पक्के मकानों की रजिस्ट्री हो रही है बहनों के नाम से

*कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित माता-बहनों ने पवित्र श्रावण मास में मुख्यमंत्री को राखी बांधी। बहनों की ओर से मुख्यमंत्री को एक विशाल राखी भी भेंट की गई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि देश में नारी सशक्तिकरण का अभियान जारी है। बहनों के कल्याण के लिए केंद्र एवं राज्य सरकार सभी दायित्वों का बखूबी निर्वहन कर रही है। हम देश की आधी आबादी को उनका पूरा हक दिलाने की ओर तेजी से बढ़ रहे हैं। देश की सभी बहनों को पक्के घर की सौगात मिले, इसके लिए पीएम आवास योजना के तहत निर्मित 4 करोड़ से अधिक पक्के मकानों की रजिस्ट्री बहनों के नाम से ही की जा रही है। मजरे-टोलों तक भी सड़कें बनवाएंगे।*

## केंद्रीय मंत्री सिंधिया से मिले प्रदेश भाजपा अध्यक्ष खंडेलवाल



**भोपाल।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने शनिवार को नई दिल्ली में केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया से सौजन्य भेंट की।

## महिला सामाजिक कार्यकर्ता को उठवा लेने की धमकी वाली टिप्पणी, भाजपा सांसद का करती है चरित्र उजागर: पटवारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल



प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने भाजपा सांसद की टिप्पणी को लेकर सरकार को घेरा है। उन्होंने कहा कि सीधी जिले की सामाजिक कार्यकर्ता लीला साहू द्वारा एक गर्भवती महिला के लिए सड़क निर्माण की मांग करना भाजपा सांसद को इतना नागवार गुजरा कि उन्होंने सार्वजनिक रूप से न केवल महिला की प्रेग्नेंसी पर बेहूदा टिप्पणी की, बल्कि एक हफ्ता पहले उठवा लेंगे जैसे शब्द से शर्मसार किया है।

उन्होंने इस पूरे मामले को शर्मनाक बताते हुए कहा कि यह भाजपा की विकृत मानसिकता का प्रतिबिंब है। यह केवल लीला साहू का अपमान नहीं, यह हर संघर्षशील महिला का अपमान है। पटवारी ने कहा कि यह बयान उस संकीर्ण सोच को दर्शाता है जो भाजपा की राजनीति की जड़ में बैठी है। एक महिला जब जनसरोकार का मुद्दा उठाती है, तो उसे उठवा लेने जैसे शब्दों का प्रयोग करना इनकी मानसिकता को दर्शाता है। भाजपा ने पूरे प्रदेश को डर, अपराध और महिला अपमान की प्रयोगशाला बना दिया है। जब जनप्रतिनिधि ही महिलाओं के प्रति इस स्तर की भाषा का प्रयोग करें, तो आम प्रशासन की मानसिकता का अंदाजा लगाया जा सकता है। हर क्षेत्र में सड़क मरम्मत कार्य युद्धस्तर पर शुरू किया जाए। भाजपा सरकार इस प्रकरण को गंभीरता से ले और सार्वजनिक रूप से माफी मांगे।

# आरपीएफ की पहली महिला डीजी बनी सोनाली मिश्रा

वर्तमान में पीएचक्यू की चयन भर्ती शाखा में स्पेशल डीजी के तौर पर हैं पदस्थ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

रेलवे सुरक्षा बल को पहली बार महिला नेतृत्व मिलने जा रहा है। मध्य प्रदेश कैडर की 1993 बैच की आईपीएस अधिकारी



सोनाली मिश्रा को नया डायरेक्टर जनरल नियुक्त किया गया है। वे इस पद को संभालने वाली देश की पहली महिला अधिकारी बन गई हैं। सोनाली मिश्रा मौजूदा डीजी मनोज यादव की जगह लेंगी, जो 31 जुलाई 2025 को सेवानिवृत्त हो रहे हैं।

महिला डीजी का कार्यकाल 31 अक्टूबर 2026 तक रहेगा। कार्मिक एवं प्रशिक्षण विभाग की ओर से जारी आदेश में कहा गया है कि मंत्रिमंडल की नियुक्ति समिति ने लेवल-16 वेतन मैट्रिक्स में उनकी नियुक्ति को मंजूरी दी है। यह आदेश कार्यभार ग्रहण की तारीख से प्रभावी होगा। वर्तमान में सोनाली मिश्रा मध्य प्रदेश पुलिस में चयन एवं भर्ती शाखा में विशेष महानिदेशक के रूप में कार्यरत हैं। फिलहाल उनके पास पीटीआरआई और पीटीएस का अतिरिक्त प्रभार भी है। आरपीएफ डीजी के तौर पर वो आगामी 1 अगस्त को कार्यभार ग्रहण करेंगी।

### भोपाल की बेटी है सोनाली

*सोनाली मिश्रा प्रदेश की ऐसी आईपीएस अफसर हैं, जो प्रदेश की सुरक्षा से लेकर देश की सीमा और पीएम की सुरक्षा तक का जिम्मा संभाल चुकी हैं। भोपाल में जन्मीं और एमए तक शिक्षा हासिल करने वाली सोनाली मिश्रा रायसेन एसपी, जबलपुर डीआईजी और पुलिस मुख्यालय में आईजी इंटेलिजेंस के पद पर रही हैं। उनके नाम पहले भी कई उपलब्धियां है। वे बीएसएफ में भी देश की पहली महिला आईजी बनीं और उन्होंने पंजाब फ्रंटियर से सटी 553 किमी लंबी भारत-पाक अटारी सीमा की निगरानी की। इसके बाद उन्होंने कश्मीर घाटी और बीएसएफ मुख्यालय में खुफिया शाखा मे भी काम किया है। हाल ही में भोपाल में पीएम के प्रवास के दौरान उन्हें ही पीएम की सुरक्षा का जिम्मा सौंपा गया था।*

## अधीक्षण यंत्री की ओर से प्रति सप्ताह की जाएगी कार्य की निगरानी

# सरकार ने पीडब्ल्यूडी के इंजीनियरों से प्रदेश की सभी सड़कों का निरीक्षण कर दो दिनों में रिपोर्ट देने को कहा

कार्य उचित नहीं तो अनुबंध की शर्तों के अनुसार परफॉरमेंस गारंटी जब्त होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

राज्य सरकार ने लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के इंजीनियरों से प्रदेश भर की सड़कों के निर्माण, मेंटेनेंस व परफारमेंस गारंटी वाली सड़कों की स्थिति का भौतिक निरीक्षण कर रिपोर्ट देने को कहा है। निरीक्षण कार्य भी प्राथमिकता के आधार पर दो दिनों के भीतर निबटाने की हिदायत दी गई है। परफॉर्मेंस गारंटी के तहत आने वाली सड़कों में यदि संबंधित ठेकेदार की ओर से कार्य ठीक से नहीं किया गया है, या फिर संतोषजनक कार्य नहीं किया जाता है, तो उसे विभागीय रूप से सम्पन्न करवाए। अनुबंध की शर्तों के अनुसार की परफॉर्मेंस गारंटी जब्त की जाएं। पीडब्ल्यूडी ने अपने आदेश में इंजीनियरों से कहा कि निरीक्षण उपरांत आवश्यक्तानुसार निर्माणाधीन सड़क में संबंधित ठेकेदार की ओर से सड़क को मोटरेबल रखा जाए।

परफॉर्मेंस गारंटी के अंतर्गत आने वाली सड़कों में क्षतिग्रस्थ भाग संबंधित ठेकेदार से मरम्मत करवाई जाए एवं विभागीय मेंटेनेंस के अंतर्गत आने वाली सड़कों का जोनल कॉन्ट्रैक्ट, विभागीय अमले से तुरंत मरम्मत कार्य करवाया जाए। यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी आवश्यक मरम्मत समयबद्ध रूप से पूरी हो, ताकि सड़क की गुणवत्ता और यातायात की सुगमता प्रभावित न हो।

**सभी अधिकारियों को निर्देशों का पालन कड़ाई से करने के आदेश**

### ठेकेदार पर यह होगी कार्रवाई

पीडब्ल्यूडी के उप सचिव एआर सिंह ने बताया कि परफॉर्मेंस गारंटी के तहत आने वाली सड़कों में यदि संबंधित ठेकेदार की ओर से कार्य ठीक से नहीं किया जा रहा है कि या फिर संतोषजनक कार्य नहीं किया जाता है, तो उसे विभागीय रूप से सम्पन्न करवाए जाए एवं अनुबंध की शर्तों के अनुसार की परफॉरमेंस गारंटी जब्त किया जाए। सभी फील्ड इंजीनियर सप्ताह में 2 दिनों के भीतर निरीक्षण की इस प्रक्रिया को सतत रूप से क्रियान्वित करेंगे एवं आवश्यक कार्रवाई करेंगे। इस कार्य की समुचित निगरानी संबंधित अधीक्षण यंत्री की ओर से प्रति सप्ताह की जाएगी। सभी मुख्य अभियन्ता, फील्ड इंजीनियर की ओर से किए गए इन कार्यों को मॉनिटर कर एवं अपने परिक्षेत्र के अंतर्गत समस्त सड़कों की निगरानी कर सड़कों की राइडिंग सरफेस अच्छी स्थिति में रखेंगे। सभी अधिकारी इस आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करेंगे।

### यह निरीक्षण प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित हो

पीडब्ल्यूडी ने विभाग के सभी मुख्य अभियंताओं को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में निर्माणाधीन, मेंटेनेंस तथा परफॉर्मेंस गारंटी अवधि के तहत आने वाली सड़कों की स्थिति का भौतिक निरीक्षण संबंधित फील्ड इंजीनियर से सम्पन्न करना सुनिश्चित करे। निरीक्षण के दौरान सड़क की वर्तमान दशा, मरम्मत की आवश्यकता तथा समग्र रूप से सड़क की गुणवत्ता का सत्यापन किया जाए। यह निरीक्षण कार्य प्राथमिकता के आधार पर दो दिनों के भीतर किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

# सुपोषित मध्यप्रदेश की दिशा में मजबूत कदम, नीति-सुधारों पर दिए महत्वपूर्ण सुझाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

गुजरात के केवड़िया में महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, केन्द्र सरकार की ओर से आयोजित जोनल सम्मेलन में महिला एवं बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने राज्य में चल रहे योजनाओं, नवाचारों और ज़मीनी पहल का प्रभावशाली विवरण प्रस्तुत किया।

मंत्री भूरिया ने कहा कि मध्यप्रदेश, जनजातीय बहुलता और भौगोलिक विविधता के बावजूद, महिलाओं और बच्चों के सशक्तिकरण के लिए प्रयासरत है। राज्य सरकार द्वारा आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं की ऑनलाइन नियुक्ति प्रक्रिया शुरू की गई है, जिससे लगभग 19,500 पदों की पारदर्शी तरीके से पूर्ति हो रही है।





### बालिकाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए प्रशिक्षण

*मंत्री भूरिया ने कहा कि सशक्त वाहिनी कार्यक्रम के तहत अब तक 11,000 से अधिक बालिकाओं को निःशुल्क शारीरिक और शैक्षणिक प्रशिक्षण दिया गया है। कई बालिकाएं पुलिस, चिकित्सा एवं अन्य सेवाओं में चयनित होकर सेवा दे रही हैं। हेल्पलाइन 181 और 1098 का ईआरएसएस-112 से तकनीकी एकीकरण जुलाई 2024 में सफलतापूर्वक किया गया। विगत छह महीनों में 86,000 से अधिक मामलों में 91% से अधिक का समाधान हुआ है।*

छत्तीसगढ़ सरकार की नीतियों से प्रभावित होकर आत्म सर्मपण

# कलेक्टर मेनन के अपहरण में शामिल लोकेश ने पत्नी के साथ किया समर्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

सुकमा जिला मुख्यालय में शनिवार को 11 हार्डकोर नक्सली समेत 23 ने समर्पण किया जिन पर 1.18 करोड़ रुपए का ईनाम घोषित था। समर्पण करने वाले नक्सलियों में सबसे उपर दक्षिण सब जोनल ब्यूरो सप्लाई टीम कमाण्डर डीवीसीएम लोकेश उर्फ पोड़ियाम भीमा का नाम आता है, जिसने अपनी एसीएम पत्नी हिड़मे के साथ समर्पण किया है। लोकेश नौ ऐसी संगीन घटनाओं में शामिल था जिसमें 46 जवानों की शहादत हुई थी, इसके अलावा वह 12 मार्च 2012 को ग्राम स्वराज अभियान के दौरान तत्कालीन कलेक्टर एलेक्स पॉल मेनन के अपहरण की वारदात में भी शामिल था। जिनका केरलापाल के माझीपारा से अगवा किया गया था।

छग शासन की नक्सलवाद आत्मसमर्पण पुनर्वास नीति व नियद नेल्ला नार योजना से प्रभावित होकर एसपी दफ्तर में डीआईजी सुकमा आनंद सिंह राजपूत, सैयद मोहम्मद हबीब असगर व एसपी किरण चव्हाण व अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में बिना हथियार के समर्पण किया। एसपी ने बताया कि समर्पित नक्सलियों को बतौर प्रोत्साहन 50-50 हजार रुपए व अन्य सुविधाएं दी जाएगी।




## 11 हार्डकोर नक्सलियों पर 8-8 लाख का था ईनाम

समर्पण करने वाले 11 नक्सलियों पर 8-8 लाख, 4 पर 5-5 लाख 1 पर तीन लाख तथा शेष सात पर 1-1 लाख कुल 1 करोड़ 18 लाख का ईनाम घोषित था। समर्पित नक्सिलयों में 8-8 लाख के ईनामी दक्षिण सब जोनल ब्यूरो सप्लाई टीम कमांडर डीव्हीसीएम लोकेश उर्फ पोड़ियाम भीमा के अलावा सीसीएम माड़वी हिड़मा का गार्ड कमाण्डर पीपीसीएम रमेश उर्फ कलमू केसा, कवासी मासा, प्रवीण उर्फ संजीव उर्फ मड़कम हुंगा, नुप्पो गंगी, पूनेम देवे, परस्की पाण्डे, माड़वी जोगा, नुप्पो लच्छु उर्फ लक्ष्मण, पोड़ियाम सुखराम, दुधी भीमा के अलावा 5-5 लाख के ईनामी लोकेश की पत्नी मुचाकी रनौती उर्फ हिड़मे, कलमू दुला, दूधी मंगली, सिद्धार्थ उर्फ माड़वी इंद्रा, 3 लाख का ईनामी हेमला रामा तथा 1-1 लाख के ईनामी सोड़ी हिड़मे, कवासी जोगा, रूपा उर्फ भीमे मड़कमी, गगन उर्फ करटम दुड़वा, कवासी हुंगी, कारम भीमा व मड़कम नंदे शामिल है।

## बंदूक की गोली नहीं, अब विकास की बोली गूंज रही : साय



रायपुर। छत्तीसगढ़ के सुदूर अंचलों में बदलाव की बयार बह रही है। बस्तर बदल रहा है, बंदूकें थम रही हैं और लोकतंत्र की लौ अब हर कोने में जल रही है। इसी परिवर्तनशील वातावरण में आज सुकमा जिले में 1.18 करोड़ के इनामी 23 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया है। इन्हें मिलाकर पिछले 24 घंटों में कुल 45 नक्सलियों ने हिंसा का मार्ग त्यागकर लोकतांत्रिक व्यवस्था पर विश्वास जताया है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने इस अभूतपूर्व घटनाक्रम पर अपनी प्रतिक्रिया सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स के माध्यम से व्यक्त करते हुए कहा कि यह केवल आत्मसमर्पण नहीं है, बल्कि विश्वास की उस जीत का प्रतीक है, जो हमारी सरकार ने 'नियद नेल्ला नार' जैसी जनउन्मुख योजनाओं के माध्यम से गांव-गांव तक पहुंचाया है।

## कार्यालय थाना प्रभारी थाना तलैया जिला भोपाल (म.प्र.)

क्र./ था.प्रतले./ भो / डी.20/25 जिला भोपाल
मर्ग क्र. 20/25 जाहिर सूचना धारा 194BNSS



सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि दिनाक 08/06/25 हमीदिया अस्पताल से सीएमओ डाक्टर सोमित्र बाथम टेलीफोन अटेन्डर एसएन वर्मा ने जरिये टेलीफोन सूचना दिया कि पैशेन्ट अज्ञात पुरुष उम्र 28 साल निवासी अज्ञात को चारबत्ती चौराहा ग्रलाड जिम्म के सामने फूटपाथ पर से 108 श्यामलाहिल्स का चालक सुलनता मोबा. 6269720451 ने दिनाँक 05/06/2025 को शाम 07.17 पर इलाजरत हेतु भर्ती करवाया था। जिससे इमरजेंसी वार्ड में भर्ती किया गया था जिसका PMLC क्र. 2086/25 है कि दिनाँक 06/06/2025 की रात्रि 08.30 बजे दौराने इलाज मृत्यू हो गई है सूचना पर मर्ग क्र. 20/25 धारा 194 बीएनएसएस का कायम कर जांच मे लिया गया अज्ञात मृतक व्यक्ति का हुलिया अज्ञात व्यक्ति उम्र करीब 28 वर्ष निवासी अज्ञात जिसका कद करीबन 5 फिट 5 इंच, रंग सांवला सिर के बाल छोटे-छोटे बाल होकर कम मात्रा में जो सफेद व काले है, दाढी हल्की व काली सफेद बड़ी हुई, शरीर सामान्य है तथा आसममानी टी-शर्ट पहने जिसके नीचे पर काले हल्का मोनो वना है। जो अग्रजी मे FlkkcAsuALs नीचे शन्डो बनियान सफोद कलर की लोवर नीले कलर का नाडादा अण्डिर लाल कलर की है जिसमे PooMAX अग्रजी मे लिखा।

थाना प्रभारी तलैया के मो, 9479990560.-0755 2677364-24433230 एवं जाचं कर्ता 7049155642 है।

थाना प्रभारी
थाना तलैया भोपाल

जी -15502/25 स्वच्छता ही सेवा

## रामबन में 600 फुट गहरी खाई में गिरी एसयूवी, 5 की मौत, 1 घायल

एजेंसी ▶▶| रामबन/जम्मू

जम्मू कश्मीर के रामबन जिले में एक निजी यात्री वाहन के सड़क से फिसलकर 600 फुट गहरी खाई में गिर जाने से पांच लोगों की मौत हो गई और एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। अधिकारियों ने बताया कि एसयूवी (स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल) शुक्रवार देर रात उखराल पोगल परिस्तान क्षेत्र में सेनाबाथी के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया। उन्होंने कहा कि तौकीर अहमद (20) नामक यात्री की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पांच अन्य गंभीर रूप से घायल लोगों में से तीन मोहम्मद रफीक (40), अब्दुल लतीफ (40) और एजाज अहमद (20) ने अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया।

## पेज एक का शेष....

### मत्स्य पालन को...

संबोधित कर रहे थे। उन्होंने मत्स्य पालन से संबंधित प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा कि मछुआरों को 430 मोटर साइकिलें बांटी गई हैं, जिनमें आईस बॉक्स भी लगे हैं।

प्रदेश में वर्तमान में 4.4 लाख हेक्टेयर में मछली पालन कार्य हो रहा है, वर्ष 2024-25 में प्रदेश का मछली उत्पादन 3.81 लाख मैट्रिक टन रहा।

प्रदेश में लगभग 2 लाख से अधिक मत्स्य पालक पंजीकृत हैं। महिलाएं भी इस व्यवसाय में अग्रणी हैं। उन्होंने कहा कि 217 करोड़ लागत से मछली बीज उत्पादन के लिए आधुनिक हैचरी का निर्माण किया जाएगा। इससे बीज के लिए बंगाल पर निर्भरता खत्म होगी।

### मत्स्य पालन के लिए ....

गया है। पार्वती-कालीसिंध-चंबल (पीकेसी) लिंक परियोजना से सिंचाई का रकबा 100 लाख हेक्टेयर तक पहुंचेगा। कई तालाब भी बनाए जाएंगे। मछलियां कई लोगों के लिए आजीविका का साधन हैं। इंदिरा सागर सहित अन्य जलाशयों में 3 लाख से अधिक केज स्थापित किए जाएंगे।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने...

पेंशन राशि भी उनके बैंक खातों में अंतरित की।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश की सभी बहनें हमारा मान हैं, अभिमान हैं। इनके मान-सम्मान और कल्याण के लिए हम कोई कसर नहीं रखेंगे।

दीपावली के बाद आने वाली भाईदूज तक राज्य सरकार सभी लाड़ली बहनों को 1250 रुपए से बढ़ाकर हर माह 1500 रूपए सहायता राशि देगी। मुख्यमंत्री ने राज्य सरकार का संकल्प दोहराते हुए कहा कि लाड़ली बहनों को दी जा रही यह सहायता राशि धीरे-धीरे बढ़ाकर 3000 रुपए प्रतिमाह कर दी जाएगी।

मुख्यमंत्री ने लाड़ली लक्ष्मी योजना, लाड़ली बहना योजना, प्रधानमंत्री मातृवंदन योजना एवं प्रधानमंत्री उज्जवला योजना में हितग्राहियों को मंच से हितलाभ भी वितरित किए।

### अनुत्तरित सवालः फ्लाइट...

से लेकर हादसे तक की पूरी उड़ान करीब 30 सेकेंड ही चली। इस समय तक रिपोर्ट में बोइंग 787-8 विमान और जीई जीएनएक्स -1 बी इंजन को लेकर किसी ऑपरेटर के लिए कोई चेतावनी या कार्रवाई की सिफारिश नहीं की गई है।

साथ ही रिपोर्ट में मौसम, बर्ड-हिट और सबोटाज जैसे किसी भी कारण का जिक्र नहीं है। बता दें कि 12 जून को अहमदाबाद से लंदन जा रही फ्लाइट एआई 171 टेकऑफ के कुछ ही देर बाद एक मेडिकल हॉस्टल की इमारत से टकरा गई थी। इसमें 270 लोगों की मौत हो गई थी, जिनमें 241 यात्री और क्रू मेंबर शामिल थे। सिर्फ एक यात्री इस हादसे में जिंदा बचा है।

### ये अंतिम रिपोर्ट ....

हमें उम्मीद है कि अंतिम रिपोर्ट जल्द आएगी ताकि हम किसी ठोस निष्कर्ष पर पहुंच सकें। इसके साथ ही नायडू ने भारतीय विमानन क्षेत्र के पायलटों और क्रू की तारीफ करते हुए कहा कि मैं पूरी तरह से मानता हूं कि हमारे पास दुनिया के सबसे बेहतरीन पायलट और क्रू हैं।

ये हमारी एविएशन इंडस्ट्री की रीढ़ हैं। इसके साथ ही मंत्री ने भरोसा दिलाया कि सरकार हादसे से जुड़े सभी पहलुओं की गंभीरता से जांच कर रही है और अंतिम रिपोर्ट के आधार पर आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने दोहराया कि उड्डयन सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

### रिपोर्ट की अमेरिका....

उसने इतनी विस्तृत प्रारंभिक रिपोर्ट तैयार की है। पीटर गोएल्ज़ कई विमान हादसों को लेकर हुई जांच का नेतृत्व कर चुके हैं।

उन्होंने कहा है कि जब किसी देश की पूर्व राष्ट्रीय एयरलाइन जैसी हाई प्रोफ़ाइल कंपनी की बात होती है तो रिपोर्ट विस्तृत नहीं होती। पीटर गोएल्ज़ ने कहा कि रिपोर्ट के लिए एएआईबी की तारीफ़ की जानी चाहिए।

### जांच में कर ....

इंडिया ने प्रशिक्षित मनोवैज्ञानिकों की टीम भेजी है जो पीड़ित परिवारों को मानसिक सहयोग दे रही है।

### पीएम मोदी ने 51,000....

की रक्षा करेंगे, कुछ 'सबका साथ, सबका विकास' के सच्चे सिपाही बनेंगे। कुछ वित्तीय समावेशन मिशन को मजबूत करेंगे, तो कुछ उद्योगों के विकास में योगदान देंगे।

### भोपाल को मिलेगा...

इंवेस्टर्स समिट की वजह से शहर की सुंदरता में चार चांद लगे हैं। फुटपाथ बनाकर उनकी सफाई का भी ध्यान रखा गया। दीवारों को पेंट किया गया। नाले और नालियों की सफाई भी नियमित रूप से की गई। ऐसे में भोपाल इस बार शहर टॉप टू या थ्री की दौड़ में आने की उम्मीद जताई जा रही थी।

सुपर स्वच्छता लीग में साल 2021 से 2023 तक यानि 3 सालों में कम से कम 2 बार शीर्ष में आने वाले शहरों को शामिल किया गया है। इंदौर के अलावा 3 से 10 लाख की आबादी वाले शहर में उज्जैन भी लगातार नंबर वन पर रहा है। इसलिए उसे भी सुपर स्वच्छता लीग वाली श्रेणी रखा गया है।

वहीं 20 हजार से कम जनसंख्या वाले कस्बों में बुधनी का नाम भी सुपर स्वच्छता लीग में शामिल किया गया है।

**इन शहरों को मिलेगा स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 में अवॉर्डः** भोपाल- बन सकता है देश का दूसरा सबसे स्वच्छ शहर, इंदौर- सुपर स्वच्छता लीग में 10 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों में प्रथम स्थान, उज्जैन- सुपर स्वच्छता लीग में 3 से 10 लाख तक की आबादी वाले शहरों में प्रथम स्थान, बुधनी- सुपर स्वच्छता लीग में 20 हजार से कम आबादी वाले कस्बों में प्रथम स्थान, भोपाल, देवास, शाहगंज - प्रेसिडेंसियल अवॉर्ड, जबलपुर, ग्वालियर - मिनिसर्ट्रियल अवॉर्ड।

### व्यापारी परिवार से ....

पर हुई। यह क्षेत्र धार जिले के धामनोद थाने के अंतर्गत आता है। साथ ही खरगोन जिले की काकड़दा पुलिस चौकी से डेढ़ किलोमीटर दूर है।

खरगोन पुलिस सूत्रों ने बताया कि खरगोन के व्यवसायी वल्लभ महाजन अपने बेंगलुरु में काम करने वाले सॉफ्टवेयर इंजीनियर भाई सचिन, सचिन की पत्नी रेखा, बुजुर्ग मां शारदा और भांजे निशि के साथ इंदौर जा रहे थे। उनकी कार के ड्राइवर तरफ का अगला पहिया अचानक पंक्चर हो गया।

उन्होंने फटाफट कार की स्टेपनी निकाली और पहिए को बदल लिया। वे जैसे ही कार में सवार होकर इंदौर के लिए निकलने वाले थे कि चार-पांच लुटेरों ने उन पर हमला बोल दिया। उन्होंने घटना का प्रतिरोध कर रहे भाइयों वल्लभ और सचिन को पत्थर और लाठियां से पीटा। उन्होंने सभी महिलाओं से करीब 20 तोले वजन के कंगन गले की चेन आदि गहने लूट लेने के अलावा पर्स भी ले लिया। इसी दौरान उन्होंने मां शारदा महाजन के कान में से बाली खींची और उनके कान बुरी तरह से चोटिल कर दिया। वह बुरी तरह चीख कर वहीं सड़क पर बैठ गयीं। दोनों भाइयों को सिर में भी चोटें आई हैं।

### झुंड से बिछड़े...

दी। टीम ने मौके पर पहुंचकर उसकी निगरानी में जुट गई है। वन विभाग के मुताबिक जंगली हाथियों की सूचना मिलते ही टीम मौके पर पहुंच गई थी। हाथियों की निगरानी में टीम लगी रही।

वहीं वन विभाग ने मुनादी कराकर ग्रामीणों को जंगल की ओर न जाने और सतर्क रहने के लिए सूचित किया है। इसके अलावा वन विभाग द्वारा झुंड से बिछड़े हाथी से किसी भी प्रकार की छेड़छाड़ ना करने की स्थानीय लोगों को सलाह दी गई है। ब्यौहारी वन परिक्षेत्र के गोदवाल रेंज इलाके में अक्सर वन्य प्राणियों का मूवमेंट देखने को मिलता है। बांधवगढ़ में पहले से ही जंगली हाथियों का झुंड रह रहा है। इस झुंड से भटक कर एक हाथी गोदवाल रेंज में आ गया। उसने अपनों को ढूंढने के चक्कर में बीती रात 6 से अधिक घरों में तोड़फोड़ मचाया है।

### घायल मादा चीता...

बाईं ओर अल्ना और फिबुला हड्डियों में फ्रैक्चर के साथ कई अन्य गंभीर चोटें आई थीं। अनुमान लगाया गया है कि ये चोटें शिकार के दौरान तेज दौड़ या झटके की वजह से आई होंगी। घायल होने के बाद उसे तत्काल उपचार के लिए विशेष निगरानी में रखा गया और एक सप्ताह तक उसका इलाज चला, लेकिन स्थिति में सुधार नहीं हुआ और शनिवार की उसकी मौत हो गई। हालांकि मादा चीता की मौत का राज पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद खुलेगा लेकिन कूनो प्रशासन ने उसकी मौत का प्रारंभिक कारण गंभीर चोट लगना ही बताया है।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव....

दुबई में निवेश को लेकर इंडियन बिजनेस एंड प्रोफेशनल कॉउंसिल के प्रतिनिधियों के साथ प्रमुख बैठक प्रस्तावित है, जहां मध्यप्रदेश की औद्योगिक तैयारियों और निवेश नीति को लेकर प्रस्तुतियां दी जाएंगी।

मुख्यमंत्री दुबई में कार्यरत लुलु इंटरनेशनल ग्रुप, लैंडमार्क ग्रुप और नखील ग्रुप जैसे अंतर्राष्ट्रीय रिटेल और इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ उच्चस्तरीय वार्ता करेंगे, जिनमें प्रदेश में लॉजिस्टिक्स पार्क, वेयरहाउस, रिटेल चेन और निवेश संबंधी अन्य सहयोग पर विचार किया जाएगा।

### निवेश पर रणनीतिक....

यात्राएं मध्यप्रदेश की औद्योगिक और आर्थिक आत्मनिर्भरता का रोडमैप बनती जा रही हैं।

यूके से लेकर जापान और अब दुबई से लेकर स्पेन तक मुख्यमंत्री डॉ. यादव का यह सतत प्रयास मध्यप्रदेश को वैश्विक निवेश केंद्र बनाने की दिशा में एक दूरदर्शी संकल्प का प्रमाण है।

इन यात्राओं के ज़रिए सामने आ रहे निवेश प्रस्ताव, संवाद और उद्योग समूहों का उत्साह इस बात का संकेत है कि मध्यप्रदेश अब उस मोड़ पर खड़ा है जहां अवसर केवल दस्तक नहीं दे रहे है, बल्कि आगे बढ़कर साझेदारी कर रहे हैं।

### शहडोल में बाणसागर ...

निकाला। देवलौंद में तेज बारिश से एक कच्चा मकान गिर गया। इस हादसे में मकान के नीचे दबने से एक पुजारी की मौत हो गई।

नौड़िया गांव की समधिन नदी खतरे के निशान से ऊपर बह रही थी। शनिवार तड़के पुल से पानी का स्तर कम होने पर मार्ग फिर से खुल गया। रीवा जिले के गुढ़ विधायक नागेंद्र सिंह के घर में पानी घुस गया। इधर, छतरपुर में राजनगर तहसील के ग्राम दिदोनिया में एक परिवार के 5 लोग बन्ने नदी में फंसे गए थे। ये लोग खेत में झोपड़ी में सो रहे थे, तभी अचानक पानी बढ़ गया। करीब 10 घंटे बाद उनका रेस्क्यू किया जा सका।

**रीवा एयरपोर्ट का 10 माह पहले हुआ था लोकार्पणः** रीवा में बने एयरपोर्ट की बाउंड्री वाल गिर गई। इस एयरपोर्ट का उद्घाटन 10 महीने पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वर्चुअली किया था। एयरपोर्ट मैनेजमेंट ने तब एयरपोर्ट इसकी क्वालिटी को लेकर बड़ी बात कही थी, उन्होंने कहा था कि अगले 5 दशकों को ध्यान में रखकर एयरपोर्ट का निर्माण किया है। इसे लेकर सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हो रहे हैं। बारिश के कारण एयरपोर्ट के अंदर भी पानी भर गया। निर्माण कार्य की गुणवत्ता पर सवाल उठे हैं। हालांकि, इस घटना में कोई घायल नहीं हुआ है।

### दतिया में तीन....

एक को बचा लिया गया। मृत बच्चियों की पहचान टीना आदिवासी (15), नताशा आदिवासी (10) और अरुणा आदिवासी (6) के रूप में हुई है।

### रायसेन में कई ....

माला, चंदोरिया, मानपुर, बेरखड़ी, विनायकपुर, बर्री कला, हरदौट सहित एक दर्जन गावों के रपटों पर पानी आ गया है। पिछले 24 घंटे से इन गांवों का संपर्क टूटा हुआ है। सभी मार्ग जलमग्न हैं।





वैवाहिकी

वर चाहिए

वर चाहिए
तैलिक साहू कन्या M.S. (E.N.T.) जन्म 1995/5'-3" गौर वर्ण, इन्दौर/ इटारसी (म.प्र.) निवासी हेतु डॉक्टर या उच्च/ समकक्ष योग्य वर चाहिये
बायोडाटा व्हाट्सएप पर भेजें
-सम्पर्क करें-
9425136008

वधु चाहिए

वधु चाहिए
सरयूपारीय ब्राह्मण 31 वर्ष, 5'-11" भारद्वाज गोत्र, मध्य नाड़ी, अधिकारी इफको, बरेली (उ.प्र.) हेतु सुन्दर, सुशील, टेक्नीकली क्वालीफाईड सरयूपारीय/ कन्यकुब्ज ब्राह्मण वधु चाहिए।
कृपया फोटो, बायोडाटा व्हाट्सएप पर भेजें।
सम्पर्क करें-
9479271820
6265112290

नाम परिवर्तन

मैं. गणेश गिरवाल पुत्र श्री कन्नू गिरवाल आयु 32 वर्ष, निवासी- परद्या पुरा, पोस्ट कुंजरोद, जिला धार, म.प्र.। मेरी पुत्री के शासकीय/अशासकीय दस्तावेजो में उसका नाम व सरनेम रोशनी गिरवाल पुत्री गणेश गिरवाल दर्ज है। जो सही एवं सत्य है। मेरी पुत्री के आधार कार्ड में उसका नाम त्रुटिवश दीपिका गिरवाल पुत्री गणेश गिरवाल दर्ज हो गया है। अतः भविष्य में सभी शासकीय/ अशासकीय दस्तावेजो मेरी पुत्री को रोशनी गिरवाल पुत्री गणेश गिरवाल के नाम से जाना व पहचाना जावे। शपथ पत्र क्रमांक CV 007442

हरिभूमि
आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार, जाहिर सूचना
@ Rs.1200/- साइज (फिक्स) 12X4 cm
अन्य साईज में @ Rs. 40 sq.cm
1 अप्रैल 2025 से लागू
बुकिंग के लिए संपर्क करें।
मो. 9407279644

हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी
भोपाल बाजार
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
मो. 9407279644

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईटः- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करोंद भोपाल
मो. 7772079910

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644



नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग गारंटेड इलाज
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M : 9425006131, 9827249409
5/4, संजय कॉम्पलेक्स माता मंदिर, टी.टी. नगर भोपाल | सौलत मंज़िल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल


## आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

- व्यावस्थापक

## राशिफल

**मेष** — कारोबार के कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी। किसी मित्र का सहयोग भी मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में व्यवधान आ सकते हैं। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृष** — मन परेशान हो सकता है। आत्मविश्वास में कमी आयेगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है।

**मिथुन** — परिवार का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं। भाइयों का सहयोग रहेगा।

**कर्क** — आत्मविश्वास में कमी रहेगी। नौकरी में स्थान परिवर्तन हो सकता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। कारोबार में सफलता मिलेगी।

**सिंह** — बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी सम्पत्ति से आय के साधन बन सकते हैं। जीवनसाथी का सहयोग एवं सानिध्य मिलेगा।

**कन्या** — नौकरी में परिवर्तन की सम्भावना बन रही है। किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी। क्रोध के अतिरेक से बचें।

**तुला** — भाग-दौड़ अधिक रहेगी। मित्रों का सहयोग मिलेगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। शैक्षिक कार्यों के लिए यात्रा पर जा सकते हैं। तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

**वृश्चिक** — जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। माता का साथ मिलेगा। शैक्षिक कार्यों में सफल रहेंगे। व्यर्थ की चिंताओं से मन विचलित रहेगा।

**धनु** — व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। नौकरी में अफसरों से सदभाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आय में वृद्धि होगी।

**मकर** — परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। पिता का साथ मिलेगा। धन प्राप्ति के मार्ग बनेंगे।

**कुंभ** — मन प्रसन्न रहेगा। फिर भी आत्मसंयत रहें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार में परिवर्तन के अवसर मिल सकते हैं। लाभ के अवसर मिलेंगे।

**मीन** — तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे, परन्तु किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मसंयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

## शब्द पहेली - 5926



**बाएँ से दाएँ**
1.उपासना करना-6
5.अलमस्त, उत्साही-4
8. हरे रंग का-2
9.चाह,इच्छा-3
10.अधिकार,आरोप-2
11.निर्दय, हिंसक-4
12.आंदोलन-2
14.सज्जन,सभ्य-4
15.स्मृति,अविस्मरण-2
17.रूखा, रसहीन-3
19.गुप्तचर-4
21.संकट मोचक,नाविक-5
24.चुगली करना-5
27.नेता पथ प्रदर्शक-4
29.प्रेम,चाहत-3
31.एक ग्रह-2
32.अनर्गल प्रलाप-4
33.नौकर,सेवक-2
35.उद्विग्न,आतुर-4
36.श्रवणेंद्रिय-2
38.दीपक,दिया-3
39.बोलने के लिये कहना-2
40.एक मुस्लिम महीना-4
41.सहायता करना-3,3

**ऊपर से नीचे**
1.सहिष्णुता,उदारता-6
2.थोड़ा,कम-2
3.कपड़ों के टुकड़े-4
4.असफल-5
5.राजी करना-3
6.वजन,वायदा-2
7.अनाथ,बेवारिस-4
11.वैधव्य-4
13.राजा की पत्नी-2
16.टूटना-4
18.धावक (अंग्रेजी-3)
19.खबरी,खबर देने वाला-4
20.हमारा पड़ोसी देश-2
22.घूमना-3
23.पराजय-2
25.खतरनाक, खौफनाक-4
26.पसंद नहीं होना, अस्वीकृत-4,2
28.अशोक कुमार, मीना कुमारी, प्रदीप कुमार की फिल्म-5
29.हमले का जवाब देना,प्रतिशोध-4
30.कभी-2
32.जब्त,प्राप्त होना-4
34.मास्टर ब्लास्टर-3
37.भीगा हुआ-2
39.टैक्स,हाथ-2

### शब्द पहेली- 5925 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ब | ल | शा | ली | ■ | रु | ख | सा | र | ■ |
| अ | न | ■ | ली | ■ | प | त | न | ■ | जा | न |
| न | ■ | ज | मा | दा | र | ■ | न | म | ■ | फा |
| म | ग | रु | र | ■ | ■ | आ | ■ | द | र | स |
| ना | ■ | र | ■ | अ | ज | ग | र | ■ | वा | त |
| ■ | मि | त | वा | ■ | ही | ■ | स | प | ना | ■ |
| म | ल | ■ | दा | वा | न | ल | ■ | रा | ■ | फि |
| त | न | य | ■ | ल | ■ | ■ | ह | ज | र | त |
| ल | ■ | म | त | ■ | का | र्या | ल | य | ■ | र |
| बी | ज | ■ | म | का | न | ■ | च | ■ | सा | त |
| ■ | य | ल | गा | र | ■ | ब | ल | शा | ली | ■ |

## सूडोकु नवताल - 5936

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 5 | 1 | 4 | | |
| | | | 7 | | | | 2 | |
| | | 8 | | | | | | 3 |
| | 1 | | | | | | | 8 |
| 5 | | | | 4 | | | | 9 |
| 7 | | | | | | | 6 | |
| 4 | | | | | | 7 | | |
| | 2 | | | | 6 | | | |
| | | 3 | 9 | 8 | | | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5935 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 7 | 6 | 3 | 5 | 2 | 9 | 1 | 8 |
| 5 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 4 | 3 | 2 |
| 2 | 3 | 1 | 8 | 9 | 4 | 7 | 6 | 5 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 3 | 9 | 2 | 4 | 1 |
| 3 | 2 | 4 | 5 | 1 | 6 | 8 | 7 | 9 |
| 7 | 1 | 9 | 4 | 2 | 8 | 3 | 5 | 6 |
| 8 | 4 | 3 | 2 | 6 | 5 | 1 | 9 | 7 |
| 1 | 5 | 2 | 9 | 4 | 7 | 6 | 8 | 3 |
| 9 | 6 | 7 | 1 | 8 | 3 | 5 | 2 | 4 |

## सरकारी गेहूं की बिक्री के लिए रिजर्व मूल्य की घोषणा

# मांग एवं आपूर्ति दोनों संतुलित, गेहूं के दाम में बना रहेगा उतार-चढ़ाव

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मंडियों में गेहूं का भाव एक निश्चित दायरे में स्थिर बना हुआ है और बाजार विश्लेषकों का कहना है कि निकट भविष्य में इसमें भारी उतार-चढ़ाव आना मुश्किल है। दरअसल गेहूं की मांग एवं आपूर्ति के बीच काफी हद तक संतुलन बना हुआ है और सरकार ने बाजार भाव पर मनोवैज्ञानिक दबाव डालने के लिए खुले बाजार बिक्री योजना (ओएमएसएस) को शुरू करने का संकेत भी दे दिया है।

इसके तहत सरकारी गेहूं की बिक्री के लिए रिजर्व मूल्य की घोषणा हो चुकी है। गेहूं कारोबारी संजीव जैन के अनुसार निकट भविष्य में गेहूं का भाव सीमित दायरे में थोड़ा-बहुत ऊपर नीचे हो सकता है। वर्तमान मूल्य स्तर एवं



माहौल को देखते हुए सरकार भी संतुष्ट है इसलिए ओएमएसएस के तहत गेहूं की साप्ताहिक ई-नीलामी प्रक्रिया को जुलाई-अगस्त में आरंभ नहीं करना चाहेगी। केंद्रीय पूल से बिक्री आरंभ होने से पूर्व सरकार व्यापारिक फर्मों के लिए स्टॉक सीमा के नियमों को कुछ और कठोर या जटिल बना सकती है। जैन के मुताबिक सरकार को पता है कि बाजार में गेहूं का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है और जब तक इसकी बिक्री नहीं हो जाती तब तक ओएमएसएस को आरंभ करना ठीक नहीं रहेगा। खुले बाजार बिक्री योजना को आरंभ तो किया जाएगा मगर उससे पहले भंडारण सीमा को सख्त बनाने पर विचार किया जा सकता है। केंद्रीय पूल से खुले बाजार बिक्री योजना के तहत केन्द्रीय पूल से बेचे जाने वाले गेहूं का न्यूनतम आरक्षित मूल्य (रिजर्व प्राइस) 2550 रुपए प्रति क्विंटल नियत किया गया है जो पिछले साल के रिजर्व मूल्य 2300-2325 रुपए प्रति क्विंटल एवं 2024-25 सीजन के लिए निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य 2425 रुपए प्रति किवंटल से काफी ऊंचा है। सरकार के पास करीब 60-65 लाख टन गेहूं का अतिरिक्त स्टॉक मौजूद है जिसे ओएमएसएस के तहत बिक्री के लिए उतारा जा सकता है, लेकिन बिक्री में देर हो सकती है।

### एफसीआई के स्टॉक से मिलर्स प्रोसेसर्स को गेहूं बेचने का निर्णय

केंद्र सरकार में खुले बाजार बिक्री योजना (ओएमएसएस) के तहत भारतीय खाद्य निगम के स्टॉक से मिलर्स- प्रोसेसर्स को गेहूं बेचने का निर्णय लिया है और इसके न्यूनतम (आधार भूत) आरक्षित मूल्य की घोषणा भी कर दी है। हालांकि अभी न तो गेहूं के स्टॉक का आवंटन हुआ है, प्रत्येक खरीदार के लिए गेहूं की अधिकतम खरीद मात्रा का निर्धारण हुआ है और न ही साप्ताहिक ई-नीलामी शुरू करने की कोई तिथि निश्चित की गई है लेकिन कीमतों का निर्धारण कर दिया गया है। इसके तहत गेहूं का रिजर्व मूल्य 2550 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है जो न्यूनतम समर्थन मूल्य 2425 रुपए प्रति क्विंटल से 125 रुपए ज्यादा है। इसके अलावा खरीदारों को परिवहन खर्च का भी भुगतान करना पड़ेगा केन्द्र सरकार की अधीनस्थ एजेंसियां नैफेड, भारतीय राष्ट्रीय सहकारी उपभोक्ता महासंघ (एनसीसीएफ) तथा केंद्रीय भंडार को भी 2550 रुपए प्रति क्विंटल के मूल्य पर ही गेहूं उपलब्ध करवाने का निर्णय लिया गया है। ये एजेंसियां भारत ब्रांड के तहत आटा की बिक्री करती है। इतना ही नहीं बल्कि सामुदायिक रसोई स्कीम के लिए भी गेहूं का दाम 2550 रुपए प्रति क्विंटल नियत हुआ है ।

## प्रमाणन के बिना हेलमेट के निर्माण और बिक्री पर सख्त कार्रवाई

# भारतीय मानक ब्यूरो ने सिर्फ प्रमाणित हेलमेट के इस्तेमाल का किया आग्रह

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

भारतीय मानक ब्यूरो (बीआईएस) ने प्रमाणन के बिना हेलमेट के निर्माण और बिक्री पर सख्त कार्रवाई करते हुए उपभोक्ताओं से सिर्फ बीआईएस-प्रमाणित हेलमेट का इस्तेमाल करने का आग्रह किया है। सरकार के उपभोक्ता मामले विभाग तथा बीआईएस ने कहा है कि उसके लिए लोगों की सुरक्षा सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण है। इस समय सड़कों पर 21 करोड़ से ज्यादा दोपहिया वाहन हैं और मोटर वाहन अधिनियम 1988 के तहत दोपहिया वाहन चालक को हेलमेट पहनना अनिवार्य है लेकिन हेलमेट की महत्ता उसकी गुणवत्ता पर निर्भर करती है।

**सड़कों पर 21 करोड़ से ज्यादा दोपहिया वाहन**




### सड़क सुरक्षा के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता

*उपभोक्ता मामलों के विभाग का कहना है कि उपभोक्ता संरक्षण और सड़क सुरक्षा के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता है और इसके तहत बाजार से घटिया गुणवत्ता वाले हेलमेट हटाकर लोगों को सुरक्षा पहुंचाकर उच्च गुणवत्ता युक्त उत्पादों की बिक्री सुनिश्चित करना है।*

### आईएसआई चिन्हित हेलमेट पहनना अनिवार्य

बीआईएस के अनुसार लोगों की सुरक्षा के लिए उसने घटिया हेलमेट के खिलाफ अभियान भी चलाया है और इसके तहत उसने वित वर्ष 2024-25 में 500 से अधिक हेलमेटों का परीक्षण करते हुए 30 से अधिक तलाशी और जब्ती अभियान चलाए हैं। उसके यह भी कहना है कि घटिया या निम्न गुणवत्ता के हेलमेट सुरक्षा से समझौता करते हैं इसलिए उपभोक्ता को सुरक्षा देने में विफल रहते हैं। इस समस्या से निपटने के लिए, 2021 से एक गुणवत्ता नियंत्रण आदेश लागू किया गया जिसके तहत सभी दोपहिया सवारों के लिए बीआईएस मानकों के तहत प्रमाणित आईएसआई-चिन्हित हेलमेट पहनना अनिवार्य है।

## खबर संक्षेप

### काइनेटिक ग्रीन ने इलेक्ट्रिक स्कूटरों की रेंज लांच

**पुणे।** काइनेटिक ग्रीन ने इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर बिजनेस को बढ़ाने की एक बड़ी योजना की घोषणा की है। पिछले साल लांच हुए उनके मशहूर ई-लूना की शानदार सफलता से उत्साहित होकर, कंपनी अब अगले 18 महीनों में तीन उच्च प्रदर्शन वाले बॉर्न-इलेक्ट्रिक स्कूटर लांच करने जा रही है, जो विश्वस्तरीय डिजाइन और मजबूत भारतीय इंजीनियरिंग का मिश्रण होंगे। इस विस्तार का पहला मॉडल एक प्रीमियम, स्टाइलिश और तकनीकी रूप से उन्नत फैमिली स्कूटर होगा, जिसे 2025 के त्योहारी सीजन से पहले लांच किया जाएगा। यह स्कूटर रेट्रो लुक और यूजर की सुविधा को ध्यान में रखकर बनाया गया है, जिसमें कई अत्याधुनिक खूबियां होंगी।

### एमराल्ड के शुद्ध लाभ में 138 फीसदी की वृद्धि

**मुंबई।** एमराल्ड फाइनेंस लिमिटेड ने वित्त वर्ष 2026 की पहली तिमाही के लिए अपने अनऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की। कंपनी की कुल आय 4.74 करोड़ रुपए, एबिटडा 3.98 करोड़ रुपए, वार्षिक वृद्धि 105.19 फीसदी , शुद्ध लाभ 2.63 करोड़ रुपए रही। इसके अलावा अलावा वित्त वर्ष में कंपनी की कुल आय 6.74 करोड़, एबिटडा 4.95 करोड़, शुद्ध लाभ 3.19 करोड़ रुपए रही। एमराल्ड फाइनेंस लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर संजय अग्रवाल ने कहाकि वर्ष की अच्छी शुरुआत दर्शाती है।

### अलाइड इंजीनियरिंग ने डीआरएचपी दाखिल किया

**मुंबई।** टेक्नोलॉजी-ड्रिवन सॉल्यूशंस प्रोवाइडर कंपनी अलाइड इंजीनियरिंग वर्क्स लिमिटेड ने मार्केट रेगुलेटर सिक्योरिटीज एंड एक्सचेंज बोर्ड ऑफ इंडिया (सेबी) के पास अपना ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस दाखिल कर दिया है। कंपनी आईपीओ के जरिए इक्विटी शेयर कैपिटल ऑफर करके फंड जुटाने की प्लानिंग कर रही है। इस इश्यू में 4,000 मिलियन (400 करोड़) तक के नए इक्विटी शेयरों का फ्रेश इश्यू और 5 फेस वैल्यू वाले 7,500,000 इक्विटी शेयरों तक का 'ऑफर फॉर सेल' शामिल है।

### ब्लू क्लाउड और लेजरफाई के बीच समझौता

**नई दिल्ली।** ब्लू क्लाउड सॉफ्टेक सॉल्यूशन्स लिमिटेड ने यूएई-इंडिया आधारित लेजरफाई आईटी सॉल्यूशंस के साथ 8.90 मिलियन अमेरिकी डॉलर का समझौता ज्ञापन किया है। यह साझेदारी ज़ांज़ीबार सरकार के महत्वाकांक्षी ईडीयूए यूनिफाइड डिजिटल गवर्नमेंट प्लेटफॉर्म (यूडीजीपी) को सशक्त बनाने के लिए की गई है, जिसका उद्देश्य एक प्रभावी, पूर्णतः डिजिटल और सुरक्षित सार्वजनिक सेवा प्रणाली विकसित करना है।

### सूर्या रोशनी ने शुरू किया मप्र में नया प्लांट

**भोपाल।** सूर्या रोशनी अब मध्य प्रदेश के मालनपुर में अपने नए और विस्तारित मैन्युफैक्चरिंग प्लांट की शुरुआत की है। कंपनी के ग्रोथ जर्नी में यह एक बड़ा माइलस्टोन साबित हो रहा है। ये नया प्लांट सूर्या रोशनी की लॉन्ग-टर्म विज़न का हिस्सा है, जिसमें कंपनी अपने प्रोडक्ट पोर्टफोलियो को और ज्यादा डाइवर्सिफाई कर रही है, ताकि इंडस्ट्रियल और कंज्युमर प्रोडक्ट्स की बढ़ती मांग को पूरा किया जा सके। सूर्या रोशनी के लाइटिंग बिज़नेस के ऑपरेशनल हेड, वासुमित्र पांडे ने कहा इस नए यूनिट में अत्याधुनिक तकनीक और ऑटोमेटेड मशीनरी लगाई गई है।

### कालीधर लापता ने बनाई एक विशेष जगह

**मुंबई।** कालीधर लापता, नवीनतम जी फाइव मूल, निश्चित रूप से उत्तरार्द्ध है। एक चुपचाप शक्तिशाली कहानी जिसने दर्शकों को अपनी भावनात्मक गहराई और प्रामाणिकता से हिला दिया है। अपनी रिलीज के बाद से कालीधर लापता ने अपने लिए एक जगह बना ली है, जो इसकी असाधारण आईएमडीबी रेटिंग 8.3/10 और दर्शकों की प्रशंसात्मक समीक्षाओं में परिलक्षित होती है।

## भारतीय आंत्रप्रेन्योर्स ऑनलाइन बिक्री बढ़ाने के लिए चाहते है बेहतर टूल

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

गोडैडी 2025 ग्लोबल आंत्रप्रेन्योरशिप सर्वे के अनुसार भारत में लगभग आधे छोटे कारोबारी अब प्रमुख तौर पर ऑनलाइन काम करते हैं। वे आज बिक्री बढ़ाने के लिए वेबसाइट, मार्केटप्लेस या सोशल मीडिया का उपयोग करते हैं।

यह एक स्पष्ट बदलाव को दर्शाता है क्योंकि आंत्रप्रेन्योर्स ग्राहकों तक पहुंचने, बिक्री बढ़ाने और आज के बाजार में अन्य के मुकाबले प्रतिस्पर्धी बने रहने के लिए डिजिटल चैनलों को काफी तेजी से अपना रहे हैं। अपूर्व पलनीटकर, सीनियर डायरेक्टर, मार्केटिंग, गोडैडी इंडिया ने कहा कि भारतीय आंत्रप्रेन्योर्स डिजिटल-फर्स्ट और तेज़ी से तकनीक-प्रेमी होते जा रहे हैं। हालांकि वे ग्राहकों से जुड़ने के लिए पहले से ही सोशल मीडिया का लाभ उठा रहे हैं, लेकिन ग्रोथ में अगली छलांग स्मार्ट एआई टूल्स को अपनाने से आएगी जो मार्केटिंग को सरल बनाते हैं और दायरा एवं दक्षता बढ़ाते हैं।

उन्होंने आगे कहाकि गोडैडी में हम शो इन बायो जैसे आसान, एआई-पॉवर्ड सॉल्यूशंस प्रदान करने पर केंद्रित हैं जो छोटे कारोबारों को कम संसाधनों में अधिक करने, समय बचाने और सार्थक परिणाम प्राप्त करने में सक्षम बनाते हैं। आज भारत में व्यवसाय चलाने का मतलब एक फिजिकल स्टोर से आगे बढ़ना है। जहां 36 प्रतिशत छोटे कारोबार अभी भी मुख्य रूप से एक फिजिकल लोकेशन से काम करते हैं, वहीं 17 प्रतिशत छोटे कारोबार अब अपना कारोबार मुख्य रूप से अपनी वेबसाइट के माध्यम से चलाते हैं। अन्य 21 प्रतिशत प्रमुख तौर पर सोशल मीडिया पर काम करते हैं। बिक्री चैनल भी इस बदलाव को दर्शाते हैं।

## चांदी के दाम 1 लाख दस हजार के पार ऑल टाइम हाई पर



**भोपाल।** चांदी की कीमत ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया। बाजार जानकारों के अनुसार एक किलो चांदी की कीमत 2,356 रुपए बढ़कर 1,10,290 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गई है। चांदी की कीमत शुक्रवार ऑल टाइम हाई पर बंद हुआ। एक किलो चांदी की कीमत 2,356 रुपए बढ़कर 1,10,290 रुपए प्रति किलो पर पहुंच गई है। वहीं 24 कैरेट सोने के दाम में भी आज तेजी है। ये 465 रुपए महंगा होकर 97,511 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। इससे पहले 18 जून को चांदी ने 1,09,550 रुपए और सोने ने 99,454 रुपए का ऑल टाइम हाई बनाया था।

## सरकार ने शुरू की पीएम ई-ड्राइव योजना

# ई-ट्रक खरीद पर 9.6 लाख रुपए तक मिलेगी सब्सिडी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने ई-ट्रक (इलेक्ट्रिक ट्रक) खरीदने वाले ग्राहकों को 9.6 लाख रुप. तक की वित्तीय सहायता देने की नई योजना की शुरुआत की। भारी उद्योग एवं इस्पात मंत्री एचडी कुमारस्वामी ने पीएम ई-ड्राइव पहल के तहत इस योजना का उद्घाटन किया। योजना का उद्देश्य ई-ट्रकों को बढ़ावा देना है। इसके लिए 10,900 करोड़ रुपये के परिव्यय में से 500 करोड़ रुपए इलेक्ट्रिक ट्रकों के लिए निर्धारित किए गए हैं। योजना के प्रमुख लाभार्थी बंदरगाह, यातायात सेवाओं व उत्पाद से जुड़ी कंपनियां, सीमेंट और इस्पात उद्योग होंगे। इसके तहत 5,600 इलेक्ट्रिक ट्रकों को समर्थन दिया जाएगा। इस मौके पर कुमारस्वामी ने कहा, डीजल ट्रक, कुल वाहन संख्या का केवल 3 प्रतिशत हैं, इसके बावजूद वायु प्रदूषण को काफी हद तक बढ़ाते हैं। योजना के तहत दिल्ली में पंजीकृत होने वाले लगभग 1,100 ई-ट्रकों के लिए प्रोत्साहन राशि आरक्षित की गई है।

## भारत जूझ रहा जीवन बीमा सुरक्षा की कमी से

**18 से 35 वर्ष की उम्र के लोगों में 90 फीसदी से ज्यादा की यह कमी**

**मुंबई।** भारत एक उल्लेखनीय जीवन बीमा सुरक्षा की कमी से जूझ रहा है। इस कमी का अंतर 2019 में 83 फीसदी से बढ़कर 2023 में 87फीसदी हो गया है। 18 से 35 वर्ष की उम्र के लोगों में 90 फीसदी से ज्यादा की यह कमी और भी ज्यादा साफ तौर पर दिखाई देती है। यह बढ़ती असुरक्षा परिवारों की वित्तीय सुरक्षा और उम्मीदों के लिए एक गंभीर खतरा है। इसकी व्यापकता से जुड़ी चुनौती से निपटने के लिए ही भारत में सभी जीवन बीमा कंपनियों का प्रतिनिधित्व करने वाली बीमा जागरूकता समिति ने अपने राष्ट्रीय अभियान सबसे पहले लाइफ इंश्योरेंस के अगले चरण की शुरुआत की है। भारतीय को नए उत्साह के साथ इंश्योरेंस को वित्तीय यात्रा की बुनियाद मज़बूत बनाने, जागरूकता को सार्थक कार्रवाई में बदलने के लिए प्रेरित करती रहेगी।

## एसबीआई अधिकारी सहकारी साख समिति की संपन्न हुई 45वीं वार्षिक आमसभा



**भोपाल।** सहकारी संस्थाओं का सही मूल्यांकन जरूरी है । समिति छोटे रूप से बढ़कर बड़ा आकर ले चुकी और सदस्यों की भलाई का कार्य कर रही है,अति प्रशंसनीय हैं। यह बात भारतीय स्टेट बैंक अधिकारी सहकारी साख समिति मर्यादित भोपाल की 45वीं वार्षिक आमसभा में विश्वास कैलाश सारंग मंत्री सहकारिता ने कही। उन्होंने बताया कि सहकारिता का समाज और राष्ट्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान हमेशा से ही रहा है। उन्होंने बैंक कर्मचारियों और अधिकारियों को सुरक्षित माहौल प्रदान करने में मध्य प्रदेश सरकार की तरफ से भी उचित पहल का आश्वासन दिया। देश को 2047 तक विश्व की तृतीय शक्ति के रूप में प्रतिष्ठित करने के लक्ष्य में भरपूर योगदान देने का आवाहन किया गया। इस मौके पर चंद्रशेखर शर्मा, उप-प्रबंध निदेशक, भारतीय स्टेट बैंक, एलएचओ भोपाल ने कहा कि स्टेट बैंक में अधिकारियों की सहकारी साख समिति अपने उद्देश्य में सफल रही है। समाज में सहकारी साख समिति का महत्वपूर्ण योगदान होता है।

## रोटरी क्लब ऑफ लेक्स की नवीन कार्यकारिणी का हुआ शपथ ग्रहण समारोह




**भोपाल।** रोटरी क्लब ऑफ लेक्स भोपाल के 2025-26 सत्र के लिए नवीन कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर रोटेरियन पुनीत नागपाल ने अध्यक्ष पद तथा विकास चतुर्वेदी ने सचिव पद की शपथ ली। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद आलोक शर्मा रहे। जिन्होंनेरोटरी क्लब की सामाजिक सेवाओं को सराह और नई कार्यकारिणी को शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर क्लब के सभी बोर्ड मेंबर्स, पूर्व अध्यक्षगण एवं रोटरी परिवार के सदस्यों के साथ-साथ भोपाल शहर के अनेक गणमान्य नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता, उद्योगपति, चिकित्सक, अधिवक्ता एवं शिक्षाविद भी उपस्थित रहे। सभी ने अपने सशक्त विचारों और उपस्थिति से कार्यक्रम को सार्थकता प्रदान की। नव निर्वाचित अध्यक्ष रोटेरियन पुनीत नागपाल ने रोटरी के सेवा कार्यों को और अधिक विस्तार देने की प्रतिबद्धता जताई। सचिव विकास चतुर्वेदी ने कहा कि क्लब समाज में शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण, महिला सशक्तिकरण व युवा नेतृत्व जैसे क्षेत्रों में ठोस कार्य करेगा।

## बिजनेस न्यूज

### भाभा विश्वविद्यालय में 'व्यास पूजा' कार्यक्रम संपन्न




**भोपाल।** भाभा विश्वविद्यालय भोपाल एवं भारतीय शिक्षा मंडल के संयुक्त तत्वावधान में व्यास पूजा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में भारतीय शिक्षा मण्डल के मध्य भारत प्रांत के प्रांताध्यक्ष प्रो. एचबी गुप्ता ने समाज निर्माण एवं गुरु शिष्य परंपरा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए भारतीय शिक्षा मण्डल के प्रयासों पर जानकारी दी। कार्यक्रम में भाभा विश्वविद्यालय के सीईओ प्रो. प्रसाद पिल्लई ,कुलगुरु प्रो. दिलीप कुमार डे, ग्रुप डायरेक्टर डॉ. मनोज शुक्ला, प्रति कुलगुरु डॉ. एनके अग्रवाल, कुल सचिव डॉ. श्याम पाटकर , डीन फार्मेसी डॉ. शैलेश घटुआरी, प्राचार्य मैनेजर डॉ. भारती सातनकर , सहित विभिन्न विभागों के प्राचार्य ,डीन , डायरेक्टर सहित प्राध्यापक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे ।

### पीएनबी का कृषि आउटरीच कार्यक्रम पिपरिया में हुआ




**भोपाल।** पंजाब नेशनल बैंक द्वारा कृषि आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन पिपरिया, जिला होशंगाबाद में जतिंदर मनकोटिया, ज़ोनल मैनेजर के नेतृत्व में सफलतापूर्वक किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संजीवन निखार, मुख्य महा प्रबंधक, प्रधान कार्यालय, पीएनबी थे। इस अवसर पर भगवानदास अग्रवाल, अध्यक्ष - ग्रेन मर्चेंट एसोसिएशन सहित क्षेत्र के प्रमुख कॉरपोरेट्स एवं गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे। जोनल और प्रधान कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लेकर क्षेत्र के प्रमुख व्यवसायियों के साथ सार्थक वन-टू-वन संवाद किया। इस विशेष अवसर पर 35 करोड़ की स्वीकृति पत्र विभिन्न लाभार्थियों एवं स्व-सहायता समूह सदस्यों को वितरित किए गए, जो बैंक की ग्रामीण एवं कृषि क्षेत्र के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।

### क्रॉम्पटन का नया हेल्दी ब्लेंडर लांच

**भोपाल।** क्रॉम्पटन ग्रीव्स कंज्यूमर इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड ने एमियो फ्रेश न्यूट्री ब्लेंडर लांच किया है। यह एक कॉम्पैक्ट, आधुनिक और शक्तिशाली उपकरण है, जिसे खास तौर पर उन लोगों के लिए तैयार किया गया है जो व्यस्त दिनचर्या में भी सेहत से समझौता नहीं करना चाहते। हेल्दी च्वॉइसेज मेड ईजी यानी 'सेहतमंद विकल्प अब आसान की सोच के साथ पेश किया गया यह ब्लेंडर रोजाना के खाने में पोषण बढ़ाने में मदद करता है और हर आधुनिक रसोई में बख़ूबी फिट हो जाता है।

### अमेजन ने प्राइम डे डील्स का किया ऐलान, चलेगा कल रात तक

**नई दिल्ली।** अमेज़न इंडिया ने बहुप्रतीक्षित प्राइम डे 2025 डील्स का ऐलान किया है, जो विशेष रूप से प्राइम मेंबर्स के लिए हैं। 12 जुलाई की आधी रात से लेकर 14 जुलाई की रात 11:59 बजे तक है। इस बीच ग्राहक 72 घंटों की नॉन-स्टॉप शॉपिंग, बेहतरीन डील्स और ब्लॉकबस्टर एंटरटेनमेंट का आनंद ले सकेंगे। प्राइम डे बचत के साथ स्मार्टफोंस, कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स, टीवी, अप्लायंसेज़, अमेज़न डिवाइसेज, फैशन और ब्यूटी, होम और किचन, फर्नीचर, डेली एसेंशियल्स और बहुत कुछ लेकर आ रहा है। ग्राहक आईसीआईसीआई बैंक के क्रेडिट और डेबिट कार्ड, एसबीआई क्रेडिट कार्ड और आईसीआईसीआई बैंक क्रेडिट कार्ड पर ईएमआई ट्रांजैक्शन के माध्यम से भुगतान कर 10 फीसदी तक की बचत कर सकते हैं।

**50 से 90 फीसदी की छूट पर स्टाइलिश और कम्फर्टेबल कुर्ता सेट्सः** अमेजन प्राइम डे सेल शुरू हो चुका है इस बीच अमेजन पर फर्नीचर, किचन एसेंशियल, फिटनेस अप्लायंसेज, स्किन केयर, बॉडी केयर, क्लॉथिंग सहित तमाम अन्य प्रोडक्ट्स पर 50 से 90 फीसदी का आकर्षक डिस्काउंट उपलब्ध होगा।

**फैशन और ब्यूटी पर बिशेष ऑफरः** अमेजन प्राइम डे साल की सबसे बड़ी फ़ैशन और ब्यूटी सेल लेकर आ रहा है । टॉप ब्रांड्स पर 80 फीसदी तक की छूट के साथ, यह मेगा इवेंट हर ट्रेंडी चीज़ के लिए आपकी वन-स्टॉप शॉप है। स्टाइलिश कपड़ों और जूतों से लेकर जरूरी ब्यूटी प्रोडक्ट्स तक, पुरुषों, महिलाओं और बच्चों के लिए सभी श्रेणियों में शानदार डील्स का आनंद लें।

### देवाशीष ने द वेल्थ कंपनी में चीफ स्ट्रैटेजी ऑफिसर का पदभार संभाला

**मुंबई।** पैंटोमैथ ग्रुप की कंपनी 'द वेल्थ कंपनी' ने अपनी एसेट मैनेजमेंट शाखा के लिए देवाशीष मोहंती को चीफ़ स्ट्रैटेजी ऑफिसर नियुक्त करने की घोषणा की है। इस तरह तीन दशक से अधिक अनुभव वाले म्यूचुअल फंड विशेषज्ञ देवाशीष मोहंती अब वेल्थ कंपनी की परिसंपत्ति प्रबंधन इकाई में रणनीतिक भूमिका निभाएंगे। मोहंती को विकास, नवाचार और दीर्घकालिक रणनीति निर्धारण का विशेषज्ञ माना जाता है। देवाशीष मोहंती भारतीय म्यूचुअल फंड उद्योग के एक अनुभवी विशेषज्ञ हैं, जिनके पास इस क्षेत्र में 30 से अधिक वर्षों का व्यापक अनुभव है।

### एनएसडीएल और सीडीएसएल ने निवेशक एप में नई सुविधा शुरू की

**मुंबई ।** नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल ) और सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (सीडीएसएल ) ने अपने निवेशक ऐप्स में एक नई सुविधा शुरू करने की घोषणा की है, जिसके तहत खुदरा शेयरधारक अब ई-वोटिंग सिस्टम के माध्यम से कंपनी प्रस्तावों पर मतदान करते समय प्रॉक्सी एडवाइजर की सिफारिशें देख सकेंगे। इस नई सुविधा का औपचारिक शुभारंभ भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड के अध्यक्ष तुहिन कांता पांडेय द्वारा किया गया।

### ईवी एंड ऑटोटेक इनोवेशन फोरम में मोबिलिटी के अनेक नवप्रवर्तन पेश

**पुणे।** ईवी एंड ऑटोटेक इनोवेशन फोरम के तीसरे संस्करण में भारत का तेजी से बदल रहा मोबिलिटी परिदृश्य केंद्र में रहा। इस फोरम में ईवी एवं ऑटोमोटिव उद्योग पारितंत्र, टियर-1 ऑटो ओईएम, अग्रणी दोपहिया एवं चार पहिया वाहन ब्रांडों, नीति निर्माताओं और प्रौद्योगिकी में निवेश करने वाले लोगों ने शेपिंग दि फ्यूचर ऑफ मोबिलिटी थीम पर चर्चा की। इस फोरम में पूरे भारत से सैकड़ों अग्रणी ईवी एंटरप्राइसेस, ओईएम एवं ओडीएम, ऑटो कंपनियों व स्मार्ट डिवाइस इन्फोटेनमेंट विनिर्माताओं, निवेशकों और वाहन क्षेत्र के विचारकों ने प्रतिभाग किया।

### सिंधु ट्रेड की 100 मिलियन डॉलर निवेश की योजना

**मुंबई।** सिंधु ट्रेड लिंक्स लिमिटेड ने क्रिटिकल मिनरल्स और मेटल्स क्षेत्र में दीर्घकालिक रणनीतिक विस्तार की योजना को मंजूरी दी है, जो भारत सरकार के नेशनल क्रिटिकल मिनरल मिशन से प्रेरित है। सिंधु ट्रेड लिंक्स लिमिटेड इन प्रयासों के तहत लगभग 100 मिलियन अमेरिकी डॉलर तक का निवेश करने की योजना बना रही है।

### वर्ल्ड डिजिटल प्रीमियर को तैयार हॉरर-कॉमेडी 18 को

**मुंबई।** हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'द भूतनी' के वर्ल्ड डिजिटल प्रीमियर के लिए जी फाइव और जी सिनेमा पर 18 जुलाई को रात 8 बजे पूरी तरह तैयार हैं। इसमें रोंगटे खड़े करने वाले रोमांच और जोरदार हंसी भी शामिल है। सोहम रॉकस्टार एंटरटेनमेंट के दीपक मुकुट और थ्री डायमेंशन मोशन पिक्चर्स के संजय दत्त द्वारा प्रोड्यूस की गई।

**न्यायालय तहसीलदार राजधानी परियोजना टी टी नगर भोपाल**
(शेड नं. 06 बारह दफ्तर जवाहर चौक भोपाल)
न.अ.प्र.क्र. 0009/बी-121/2025-26
इश्तहार

आवेदक संस्था योग साधना एवं अनुसंधान केन्द्र भोपाल द्वारा ग्राम, कोटरा सुल्तानाबाद भोपाल स्थित खसरा नंबर 146 रकवा 6.4540 हेक्टेयर में से 10,000 वर्ग फिट भूमि योग साधना हेतु भूमि आवंटन किये जाने के संबंध में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है। भूमि आवंटन का प्रकरण इस कार्यालय में विचाराधीन है।
इस संबंध में किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो 15 दिवस के भीतर इस न्यायालय में स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। निर्धारित अवधि व्यतीत होने के बाद प्राप्त आपत्तियों पर किसी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 27/06/2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी।

**तहसीलदार
राजधानी परियोजना भोपाल**

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री
लोक निर्माण विभाग संधारण संभाग क्रमांक-1
शेड क्र-7 जवाहर चौक, भोपाल**

निविदा सूचना क्र- 36/वलेलि/2025-26 — भोपाल, दि-11.07.2025

/// निविदा सूचना ///

निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्यों का विस्तृत विवरण बेवसाईट https://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| स.क्र. | निविदा सूचना क्र. | टेण्डर नं. | कार्य का नाम | ठेके की अनुमानित राशि रू. लाखों में | अमानत राशि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 36 | 2025_PWDRB_436754 | पीएचक्यू, सेक्शन क-1 भोपाल के अन्तर्गत लाल परेड ग्राउण्ड में स्वतंत्रता दिवस 2025 कार्यक्रम हेतु सीमेंट कांकीट ट्रेक तैयार करना एवं उसके चारो तरफ अन्य आवश्यक मरम्मत कार्य। | रू. 70,00,000.00 (रू. सत्तर लाख मात्र) | रू. 70000.00 |

उपरोक्त वेबसाईट पर आनलाईन भुगतान करने के उपरांत निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) वेबसाईट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय एवं सबमिशन करने की अंतिम तिथि 23.07.2025 सायं 5:30 बजे निर्धारित है। निविदा में किसी भी प्रकार का परिवर्तन होने पर उसे उपरोक्त वेबसाईट पर देखा जा सकता है। विस्तृत एन. आई. टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखी जा सकती है।

**कार्यपालन यंत्री
लोका निर्माण विभाग संधारण
संभाग क्र-1 भोपाल
दूरभाष-0755-2777485**

जी - 15508/25 — स्वच्छता ही सेवा

**सक्षम प्राधिकृत अधिकारी एवं अधीक्षक रातापानी अभयारण्य औबेदुल्लागंज, (जिला-रायसेन म.प्र.) पिन कोड-464993**

क्रमांक / 2057 — औ.गंज/दिनांक 9/7/25

**सूचना/विज्ञप्ति**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नानुसार वाहन रातापानी वन्यप्राणी अभयारण्य औबेदुल्लागंज के अंतर्गत परिक्षेत्र देलावाडी के अंतर्गत दिनांक 02.07.2025 को गश्ती के दौरान बीट आमडो के कक्ष क्रमांक आर.एफ.-531 में समय रात्रि 12:34 AM पर 02 मोटर साइकिल आती हुई दिखाई दी एवं उनको रोकने का प्रयास किया गया परन्तु गश्ती दल वदीर्धारी कर्मचारियों को देखकर आरोपी अंधेरे का लाभ लेकर मौके से मोटर साइकिल पर चरपट सहित छोडकर भागने में सफल हो गये घटना स्थल पर 02 मोटर साइकिल अवैध रूप से वनोपज परिवहन करने के दौरान जप्त की गई। मौके पर वाहन मोटर साइकिल डिस्कवर (नीला) क्रमांक, इंजिन नं एवं चेचिस नं. मिटा/घिसा हुआ तथा मोटर साइकिल स्प्लेण्डर (रेड) क्रमांक, इंजिन नं एवं चेचिस नं. मिटा/घिसा हुआ से अवैध परिवहन करते हुए सागौन चरपट 09 नग 0.497 घ.मी जप्त किया जाकर इस कार्यालय में राजसात की प्रक्रिया विचाराधीन है :-

| क्र. | वाहन क्रमांक / वाहन का विवरण | पी.ओ. आर.न. /दि. | वाहन मालिक/ आरोपी का नाम | वाहन का क्रमांक / वाहन मालिक का नाम | वन अपराध का प्रकार | जप्ती स्थल का नाम | परिक्षेत्र का नाम |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 1. मोटर साइकिल डिस्कवर (नीला) क्रमांक, इंजिन नं एवं चेचिस नं. मिटा/घिसा हुआ 2. मोटर साइकिल स्प्लेण्डर (रेड) क्रमांक, इंजिन नं एवं चेचिस नं. मिटा/घिसा हुआ सागौन चरपट 09 नग 0.497 घ.मी के साथ जप्त | 42357/19 दिनांक 02.07.25 | अज्ञात | अज्ञात | परिक्षेत्र देलावाडी अंतर्गत गश्ती के दौरान बीट आमडो के कक्ष क्रमांक आर. एफ.-531 से सागौन चरपट 09 नग 0.497 घ.मी. अवैध परिवहन में जप्त | परिक्षेत्र देलावाडी अंतर्गत गश्ती के दौरान बीट आमडो के कक्ष क्रमांक आर.एफ. -531 से सागौन चरपट अवैध परिवहन | देलावाडी |

यदि कोई व्यक्ति उक्त वाहन के संबंध में हित रखता है तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय सक्षम प्राधिकृत अधिकारी एवं अधीक्षक रातापानी वन्यप्राणी अभयारण्य औबेदुल्लागंज में प्रातः 11.00 उपस्थित होकर अपना वाहन संबंधी दस्तावेज एवं पक्ष प्रस्तुत कर सकता है। अन्यथा प्रकरण में एक पक्षीय कार्यवाही की जावेगी।

सूचना पत्र आज दिनांक 09.07.25 को मेरी पद एवं मुद्रा से जारी किया गया।

**(एस. के. भारद्वाज)** उप.व.स
**सक्षम प्राधिकृत अधिकारी एवं अधीक्षक
रातापानी वन्यप्राणी अभयारण्य
औबेदुल्लागंज**

जी- 15506/25 — स्वच्छता ही सेवा

**बिहार में इस वर्ष नवंबर तक विधानसभा चुनाव होने हैं। अभी चुनाव आयोग ने डेट का ऐलान नहीं किया है, लेकिन बिहार में रैलियों, जनसभाओं और बयानों से चुनावी सरगर्मियां तेज हो गई हैं। मतदाता सूची का पुनरीक्षण चल रहा है, जो अभी हॉट मुद्दा है। इस मुद्दे पर विपक्ष सरकार पर हमलावर है। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए), महागठबंधन (इंडि गठबंधन) और प्रशांत किशोर की जन सुराज ने कमर कस ली है। एनडीए की ओर से नीतीश कुमार ही मुख्यमंत्री का चेहरा होंगे, जबकि महागठबंधन ने तेजस्वी यादव और जन सुराज ने प्रशांत किशोर पर दांव लगाया है। एनडीए केवल संगठन ही नहीं, सरकारी योजनाओं के जरिए भी जनता तक पहुंच बढ़ा रहा है। नीतीश सरकार ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन को 400 से बढ़ा कर 1100 रुपये प्रतिमाह किया है, राजद ने 1500 करने का वादा किया है। नीतीश सरकार ने राज्य के 16 नगर निकायों में 100 पिंक टॉयलेट बनाने का ऐलान किया है, रोजगार पर ध्यान देने के लिए बिहार राज्य युवा आयोग का बठन किया है, बिहार निवासी महिलाओं को सरकारी नौकरियों में 35 प्रतिशत आरक्षण देने का फैसला लागू किया है। इस बार का चुनाव एनडीए की स्थिरता, महागठबंधन के लोकलुभावन वादे और जन सुराज के सुधारवादी दृष्टिकोण के बीच त्रिकोणीय है। आजकल के ताजा अंक में पेश है एक विश्लेषण...**

# बिहार के रण में त्रिकोणीय बिसात



**विश्लेषण**
विनोद पाठक
वरिष्ठ पत्रकार

**बिहार में इसी वर्ष नवंबर में प्रस्तावित विधानसभा चुनाव को लेकर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए), महागठबंधन (इंडी गठबंधन) और प्रशांत किशोर की जन सुराज ने कमर कस ली है। यह स्पष्ट है कि एनडीए की ओर से नीतीश कुमार ही मुख्यमंत्री का चेहरा होंगे, जबकि महागठबंधन ने तेजस्वी यादव और जन सुराज ने प्रशांत किशोर पर दांव लगाया है। अभी एनडीए में शामिल जद (यू), भाजपा, लोजपा (रामविलास), हम (सेकुलर) और राष्ट्रीय लोकमत पार्टी ने स्पष्ट किया कि सीट बंटवारे को लेकर कोई भ्रम नहीं है। साफ है कि जातीय समीकरणों में उलझे बिहार में इस बार त्रिकोणीय और दिलचस्प मुकाबला देखने को मिलने वाला है।**

बिहार की सियासी सरगर्मी धीरे-धीरे तेज होने लगी है। इसी वर्ष नवंबर में प्रस्तावित विधानसभा चुनाव को लेकर राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए), महागठबंधन (इंडि गठबंधन) और प्रशांत किशोर की जन सुराज ने कमर कस ली है। यह स्पष्ट है कि एनडीए की ओर से नीतीश कुमार ही मुख्यमंत्री का चेहरा होंगे, जबकि महागठबंधन ने तेजस्वी यादव और जन सुराज ने प्रशांत किशोर पर दांव लगाया है। अभी एनडीए में शामिल जद (यू), भाजपा, लोजपा (रामविलास), हम (सेकुलर) और राष्ट्रीय लोक मोर्चा ने स्पष्ट किया कि सीट बंटवारे को लेकर कोई भ्रम नहीं है। हालांकि, जब तक चिराग पासवान अपना रुख स्पष्ट नहीं करते, तब तक कुछ भी कहना जल्दबाजी होगा। दूसरी ओर, महागठबंधन में सीटों को लेकर चर्चा होनी बाकी है। कुल मिलाकर बिहार में इस बार बेहद रोचक मुकाबला दिखने की उम्मीद है। बात की शुरुआत एनडीए से करते हैं। एनडीए के सहयोगी दलों के बीच सीट बंटवारे का जो प्रारूप सामने आया है, उसके अनुसार जद (यू) को 102–103, भाजपा को 101–102, लोजपा (रामविलास) को 25–28, हम (से.) को 6–7 और आरएलएम को 4–5 सीटें मिल सकती हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा है कि एनडीए 220 से ज्यादा सीटों के साथ सरकार बनाएगा। जद (यू) और भाजपा, दोनों ने बूथ से लेकर जिला स्तर तक समन्वय समितियां बनाने का निर्देश जारी किया है। सत्ताधारी एनडीए पर अधिक दबाव है।

## महिला वोटरों को लुभाने में जुटे नीतीश

एनडीए केवल संगठन नहीं, सरकारी योजनाओं के जरिए भी जनता तक पहुंचने की तैयारी में है। नीतीश सरकार ने बीते कुछ सप्ताहों में एक के बाद एक कई घोषणाएं कर वोटरों को सीधे साधने का प्रयास किया है। उनकी नजर विशेष रूप से महिला वोटरों पर है। योजनाओं में सबसे प्रमुख 1.11 करोड़ बुजुर्ग, विधवा और दिव्यांग लाभार्थियों को 1100 रुपये की सामाजिक सुरक्षा पेंशन सीधे बैंक खाते में भेजना है। यह पहले मात्र 400 रुपये थी। महिला वोटरों को लुभाने के लिए राज्य के 16 नगर निकायों में 100 पिंक टॉयलेट बनाने की योजना को हरी झंडी मिल चुकी है। युवाओं के लिए सरकार ने 'बिहार राज्य युवा आयोग' का गठन किया है, जो 18–45 वर्ष के आयु वर्ग के लिए नीतिगत सलाह, रोजगार, प्रतियोगी परीक्षाओं, मानसिक स्वास्थ्य जैसे मुद्दों पर काम करेगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार कोई अवसर छोड़ना नहीं चाहते हैं।

यही कारण है कि उन्होंने बिहार निवासी महिलाओं को सरकारी नौकरियों में 35 प्रतिशत आरक्षण देने का फैसला लागू कर दिया है। नीतीश सरकार ने स्पष्ट किया है कि गैर-बिहारी महिलाएं सामान्य श्रेणी में आवेदन करेंगी। इस निर्णय से 53 हजार से अधिक महिलाओं को स्थायी सरकारी नौकरी मिलेगी। एनडीए पूरी तरह चुनावी मोड में आ चुका है। सरकार की कल्याण योजनाओं को प्रचारित करने के लिए हर पंचायत स्तर पर बूथ प्रभारी नियुक्त किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री स्वयं योजनाओं की निगरानी कर रहे हैं और हर कार्यक्रम में विकास कार्यों को सामने रख रहे हैं। बिहार में लड़ाई अब घोषणाओं बनाम भरोसे की लड़ाई बनने जा रही है।



## महागठबंधन ने भी कसी कमर

जहां तक महागठबंधन की बात है, तेजस्वी यादव के नेतृत्व में विपक्ष ने कमर कस ली है। राष्ट्रीय जनता दल (राजद), कांग्रेस, वामदल और विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) सहित सात दलों के इस महागठबंधन ने तेजस्वी यादव को अपना समन्वयक घोषित कर दिया है। हालांकि, मुख्यमंत्री पद का चेहरा अभी औपचारिक रूप से तय नहीं किया गया, लेकिन अधिकांश घटक दलों की सहमति तेजस्वी यादव के नाम पर दिख रही है। चर्चा यही है कि चुनाव में महागठबंधन, एनडीए के खिलाफ 'तेजस्वी क्रांति 2025–30' नारे के साथ मैदान में उतरेगा। महागठबंधन की रणनीति सामाजिक न्याय, क्षेत्रीय स्वाभिमान और जनकल्याणकारी वादों के सहारे सत्ता में वापसी की है। हालांकि, महागठबंधन में सीटों के बंटवारे को लेकर अब भी मनमुटाव की स्थिति है।

जहां कांग्रेस 40–45 सीटें मांग रही है, वहीं वीआईपी के मुकेश सहनी ने 60 सीटों की जोरदार दावेदारी कर दी है। इससे सीटों के संतुलन को साधने में राजद की भूमिका चुनौतीपूर्ण बन गई है। वैसे, राजद नेताओं का कहना है कि महागठबंधन में कोई दरार नहीं है। जल्द ही सभी मुद्दों पर सहमति बना ली जाएगी। महागठबंधन ने भी जनता को लुभाने के लिए कई बड़े वादे किए हैं। तेजस्वी यादव ने पिछले दिनों घोषणा की कि महागठबंधन सरकार बनने पर हर परिवार को 200 यूनिट तक मुफ्त बिजली मिलेगी। कांग्रेस ने घोषणा की कि महागठबंधन सत्ता में आता है तो राज्य की महिलाओं को प्रतिमाह 2,500 रुपये की आर्थिक सहायता दी जाएगी।

## वृद्धावस्था पेंशन बढ़ाने की घोषणा

महागठबंधन ने वृद्धावस्था पेंशन को 400 से बढ़ाकर 1,500 करने की बात कही है। हालांकि, नीतीश कुमार ने पहले ही इसमें वृद्धि कर दी है। मुस्लिम मतदाताओं को लुभाने के लिए तेजस्वी यादव वक्फ कानून को बिहार में समाप्त करने की घोषणा कर चुके हैं। महागठबंधन नीतीश कुमार और नरेंद्र मोदी पर एकसाथ निशाना साध रहा है। तेजस्वी यादव और राहुल गांधी ने अपने चुनावी अभियान को 'बिहारी स्वाभिमान बनाम दिल्ली का दबाव' बनाने की कोशिश की है। दोनों नेताओं ने हाल में चुनाव आयोग की निष्पक्षता पर सवाल उठाते हुए पटना में 'चक्का जाम' व सड़कों पर विरोध प्रदर्शन किया था। राजद की यह रणनीति केंद्र के खिलाफ राज्यीय अधिकारों की बहस को पुनर्जीवित करने का प्रयास भी है।

## चिराग पासवान की असमंजस वाली स्थिति

केंद्र की मोदी सरकार में केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण मंत्री चिराग पासवान को लेकर एनडीए में असमंजस की स्थिति बनी हुई है। एक ओर चिराग स्वयं को मोदी का हनुमान कहते हैं तो दूसरी ओर बिहार की सभी 243 सीटों पर लड़ने की घोषणा कर देते हैं। इससे लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रमुख चिराग पासवान ने एनडीए के भीतर नया सियासी दबाव खड़ा कर दिया है। हालांकि, चिराग पासवान सफाई देते हैं कि यह निर्णय 'बिहार फर्स्ट, बिहारी फर्स्ट' अभियान के तहत लिया गया है, जो उनकी पार्टी का वैचारिक और विकासोन्मुख एजेंडा है। वो यह कहकर एनडीए में दबाव बना रहे हैं कि यदि उन्हें एनडीए में सम्मानजनक हिस्सेदारी नहीं मिली तो अकेले चुनाव लड़ने से पीछे नहीं हटेंगे। पिछले चुनाव की बात की जाए तो चिराग पासवान ने ऐसी ही रणनीति अपनाई थी। तब भी वो एनडीए का हिस्सा थे, लेकिन जद (यू) के खिलाफ प्रत्याशी उतार दिए थे। परिणामस्वरूप नीतीश कुमार की जद (यू) को भारी नुकसान उठाना पड़ा था और उसकी सीटें घटकर 43 रह गई थीं। संभवतः चिराग पासवान उसी 'दबाव नीति' को दोहरा रहे हैं। चिराग पासवान की रणनीति को लेकर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार तंज कसते हुए कह चुके हैं कि जो लोग केंद्र में मंत्री हैं, उन्हें अब विधानसभा की राजनीति में कूदने की आवश्यकता नहीं है। हालांकि, भाजपा डैमेज कंट्रोल में लगी है। पार्टी मुद्दे को यह कहकर साध रही है कि सभी सहयोगी दलों से बातचीत कर समाधान निकाला जाएगा। अब आने वाले समय में पता चलेगा कि नीतीश व चिराग के बीच धुरी बनी भाजपा एनडीए में सीटों का तालमेल कैसे बिठाती है, जिससे सभी घटक संतुष्ट हों।

## प्रशांत किशोर की सियासी एंट्री

एनडीए और महागठबंधन से हटकर बिहार चुनाव में प्रशांत किशोर की जन सुराज तीसरी ताकत बनती दिख रही है। प्रशांत किशोर पहले ही सभी 243 सीटों पर लड़ने की घोषणा कर चुके हैं, यानी बिहार की राजनीति में अब दो ध्रुव नहीं रहे हैं। नरेंद्र मोदी, नीतीश कुमार से लेकर ममता बनर्जी और कांग्रेस के चुनावी रणनीतिकार रह चुके प्रशांत किशोर लंबे समय से बिहार में सक्रियता बनाए हुए हैं। उन्होंने अपनी पार्टी के संगठन को गांव-गांव तक फैलाया है। 'बिहार बदलाव यात्रा' के जरिए जनता से सीधे जुड़ाव कायम किया है। उनकी पार्टी न केवल चर्चा में है, बल्कि युवाओं, मध्यवर्ग और शिक्षित मतदाताओं के बीच एक संभावित विकल्प के रूप में उभर रही है। प्रशांत किशोर की रणनीति स्पष्ट है, जातिवाद और वंशवाद के खिलाफ खड़ा होना, बिहार को एक नई राजनीतिक दिशा देना। जन सुराज की बढ़ती लोकप्रियता से महागठबंधन और एनडीए, दोनों में हलचल दिखाई देती है। प्रशांत किशोर नरेंद्र मोदी से लेकर लालू प्रसाद यादव व नीतीश कुमार तक निशाना साध रहे हैं। कांग्रेस को तो उन्होंने लालू यादव की पिछलग्गू तक करार दिया है। बिहार की राजनीति पर नजर रख रहे राजनीतिक जानकारों का कहना है कि जन सुराज चुनाव को त्रिकोणीय बना सकता है, जिससे कई सीटों पर समीकरण बदलेंगे। यदि जन सुराज 5 से 10 प्रतिशत वोट शेयर प्राप्त कर लेती है तो वह 60–80 सीटों के परिणामों को प्रभावित कर सकता है। वैसे, जन सुराज के लिए यह पहला विधानसभा चुनाव है, लेकिन पिछले दिनों हुए उप चुनावों में उसने अपनी झलक दिखलाई थी। जन सुराज को उप चुनाव में इमामगंज सीट पर 37 हजार और बेलागंज सीट पर 17 हजार से अधिक वोट मिले थे। स्पष्ट है कि पार्टी को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है। पार्टी सोशल मीडिया और ग्राउंड वर्क के जरिए तेजी से युवाओं को जोड़ रही है। यह स्पष्ट है कि जन सुराज का मुख्यमंत्री चेहरा प्रशांत किशोर ही होंगे।

## जनाधार के समीकरण भी महत्वपूर्ण

एनडीए मोदी-नीतीश की जोड़ी को विकास से जोड़ती है और डबल इंजन सरकार में राज्य के बहुमुखी विकास का दावा करती है। नीतीश कुमार विगत 20 वर्षों से मुख्यमंत्री हैं। मतदाताओं पर इस जोड़ी का असर दिखता भी है। जहां भाजपा की अच्छी पकड़ सवर्ण मतदाताओं के साथ मध्यवर्ग पर है, वहीं नीतीश कुमार पिछड़ों और अति पिछड़ों का साधते हैं। यदि चिराग एनडीए का हिस्सा बने रहते हैं तो दलित वोटों का बड़ा हिस्सा उनके पक्ष में आ जाएगा। हालांकि, तेजस्वी यादव के यादव-मुस्लिम समीकरण को नकारा नहीं जा सकता है। वैसे, राजद को असदुद्दीन ओवैसी की एआईएमआईएम से असुरक्षा भी महसूस हो रही है। यदि ओवैसी बिहार के रण में उतरते हैं तो वो महागठबंधन को कई सीटों पर नुकसान पहुंचा सकते हैं। जातीय समीकरणों में उलझे बिहार में इस बार त्रिकोणीय मुकाबला देखने को मिलने वाला है।

# मुद्दों के साथ समीकरण को धार दे रहा राजग



**बिस चुनाव**
रवि शंकर
वरिष्ठ पत्रकार

बिहार चुनाव के लिए तारीखों का अभी ऐलान नहीं हुआ है, लेकिन सूबे में सियासी सरगर्मी तेज हो गई है। बिहार में इस साल के अंत में चुनाव है। सियासी दांव और जनता की उम्मीदें टकराने वाली हैं। 13.07 करोड़ की आबादी और जातिगत समीकरणों की गहरी जड़ों के साथ, बिहार राष्ट्रीय और क्षेत्रीय दलों के लिए एक अहम रणक्षेत्र बना हुआ है। नीतीश कुमार की अगुवाई वाला राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए), जिसमें जनता दल (यूनाइटेड) और भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) शामिल हैं, उसे तेजस्वी यादव के नेतृत्व वाले महागठबंधन और प्रशांत किशोर की नई जन सुराज पार्टी से कड़ा मुकाबला मिल रहा है।

ऑपरेशन सिंदूर के बाद पहला बड़ा चुनाव होने के नाते, यह मतदान बिहार की सियासत और इसके लोगों के भविष्य को नई दिशा दे सकता है। बहरहाल,चुनावी मौसम को देखते हुए सभी दल और गठबंधन तैयारी में जुट गए हैं। इसी कड़ी में महागठबंधन में सीटों के बंटवारे और गठबंधन के चेहरे को लेकर बैठक हुई। बैठक के बाद कहा जा रहा है कि कुछ फॉर्मूले तय भी हो गए हैं। वहीं सूबे में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार की अगुवाई कर रहा जनता दल भी एक्टिव मोड में है। नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार के साथ गठबंधन में बीजेपी बिहार में सत्ता बरकरार रखने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। बीजेपी ने एक बार फिर से स्पष्ट किया है कि 2025 का चुनाव नीतीश कुमार के नेतृत्व में लड़ा जाएगा।

## सीट बंटवारे को लेकर चर्चा गर्म

बीजेपी पहले ही कह चुकी है कि एनडीए के पांच दल (बीजेपी, जेडीयू, लोजपा (रामविलास), हम और राष्ट्रीय लोक मोर्चा) एकजुट होकर 'चुनाव लड़ेंगे। इन सबके बीच बात सीट बंटवारे को लेकर भी हो रही है। एनडीए में शामिल करीब-करीब सभी पार्टियों ने अपनी डिमांड बीजेपी और जेडीयू जैसे बड़े दलों को बता दी है। हालांकि, सीट शेयरिंग को लेकर आधिकारिक बातचीत अभी शुरू नहीं हुई है। लेकिन एनडीए में इस बार सीट शेयरिंग की गुत्थी कुछ ज्यादा पेचीदा है क्योंकि चिराग पासवान की पार्टी लोक जनशक्ति पार्टी भी इस बार एनडीए का हिस्सा है, जबकि पिछले विधानसभा में उसने अलग चुनाव लड़ा था। हालांकि, पिछले विधानसभा चुनाव से इस बार में एनडीए का स्वरूप बदला है। वीआईपी अब एनडीए की जगह महागठबंधन का हिस्सा है और चिराग पासवान की पार्टी एनडीए में है। जाहिर तौर पर सीट शेयरिंग में बीजेपी और जेडीयू दोनों की सीटें कम होंगी। इसे लेकर खींचतान है कि किस पार्टी की कितनी सीटें कम होंगी।

## चिराग पासवान बड़ा पेंच

जीतन मांझी 35 सीटों की मांग कर रहे हैं, हालांकि उन्हें भी मालूम है कि इतनी सीटें उन्हें नहीं मिलनी। लेकिन यह अपनी पहले की सीटें बचाने की कवायद है ताकि उनके कोटे की सीटें कम ना हों। वहीं दूसरी तरफ एनडीए में चिराग पासवान की वजह से बहुत बड़ा पेंच फंसा हुआ है। क्योंकि उन्होंने सभी 243 सीटों पर तैयारी करने की बात कही है। चिराग पासवान को जो सीटें दी जाएंगी तो वो किसके कोटे से जाएंगी। इस पर भी कोई



कुछ नहीं कह रहा है। बहरहाल, चिराग पासवान एक तरफ चुनाव लड़ने का ऐलान कर रहे हैं। दूसरी तरफ, वे उन जगहों पर जा रहे हैं जहां बीजेपी मजबूत है। लेकिन उनकी अपनी पार्टी का कोई खास जनाधार नहीं है। ऐसे में सवाल उठ रहे हैं कि चिराग पासवान आखिर चाहते क्या हैं? बिहार की राजनीति में जाति एक महत्वपूर्ण कारक है और बीजेपी ने इसे ध्यान में रखते हुए अपनी रणनीति तैयार की है। यदि देखा जाए तो जातीय जनगणना को लेकर भी बीजेपी ने बड़ा दांव खेला है। हाल ही में केंद्र सरकार द्वारा जातीय जनगणना के फैसले को बीजेपी अपनी रणनीति का हिस्सा मान रही है। यह कदम विपक्ष के 'संविधान विरोधी' नैरेटिव को कमजोर करने और नए जातीय समूहों को अपने पक्ष में लाने के लिए उठाया गया है। इसके अलावा बीजेपी अपनी परंपरागत हिंदुत्व की विचारधारा को भी मजबूत कर रही है। 'ऑपरेशन सिंदूर'जैसे अभियानों के जरिए पार्टी ने हिंदू मतदाताओं में सकारात्मक माहौल बनाया है। इसके साथ ही, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की वैचारिक मशीनरी और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की लोकप्रियता का लाभ उठाने की रणनीति बनाई गई है। संघ प्रमुख लगातार बिहार में कई बार प्रवास कर चुके हैं। साफ है कि बिहार का चुनाव बीजेपी हर हाल में जितना चाहती है क्योंकि बिहार के चुनाव का असर उसके बाद होने वाले बंगाल और उत्तर प्रदेश पर भी पड़ेगा। खैर,अब विधानसभा चुनाव नजदीक हैं और बीजेपी के सामने एक सवाल यह भी है कि वह नीतीश के साथ कैसे आगे बढ़ेगी। नीतीश की उम्र और सेहत को लेकर अटकलें लग रही हैं, लेकिन उनकी सियासी चालबाजी अभी भी उन्हें बिहार का किंगमेकर बनाए हुए है। बीजेपी ने हाल ही में नीतीश के नेतृत्व में चुनाव लड़ने का ऐलान किया है, मगर पार्टी के भीतर कुछ नेता बिहार में अपनी सरकार चाहते हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बयानों से भी संकेत मिले हैं कि बीजेपी नीतीश पर पूरी तरह निर्भर नहीं रहना चाहती। लेकिन नीतीश की सियासी चालें अभी खत्म नहीं हुई हैं। अगर बीजेपी उन पर दबाव बनाती है तो वे फिर से महागठबंधन की ओर जा सकते हैं। लालू यादव ने हाल ही में कहा था कि नीतीश के लिए दरवाजे खुले हैं। दूसरी ओर, बीजेपी नीतीश को साथ रखकर 2025 में जीत की राह आसान करना चाहती है, लेकिन बाद में अपनी शर्तों पर सत्ता चलाने की कोशिश कर सकती है। बिहार की जनता भी नीतीश के इस 'पलटीमार' रवैये से परिचित है, मगर उनकी लोकप्रियता अभी बरकरार है। ऐसे में बीजेपी को नीतीश के साथ संतुलन बनाना होगा वरना 2020 का 'धोखा' इस बार भारी पड़ सकता है।

## दोधारी तलवार बने नीतीश

यूं कहें कि नीतीश कुमार बीजेपी के लिए एक दोधारी तलवार बन गए हैं। उनके पास 14-15 फीसदी वोट बैंक है, जो बिहार में किसी भी गठबंधन के लिए निर्णायक साबित हो सकता है। बीजेपी भले ही अकेले 160-170 सीटों पर चुनाव लड़ने का सपना देखे, लेकिन नीतीश का साथ छोड़ना आसान नहीं। केंद्र में नीतीश की पार्टी के 12 सांसद मोदी सरकार के लिए बैसाखी का काम कर रहे हैं। ऐसे में बीजेपी न तो नीतीश को नाराज करना चाहती है और न ही उनकी बीमारी को नजरअंदाज कर सकती है।

बहरहाल, 2025 का चुनाव बिहार के भविष्य की परीक्षा है। एनडीए की स्थिरता, महागठबंधन के लोकलुभावन वादे और जन सुराज का सुधारवादी दृष्टिकोण टकराएंगे। एनडीए की जीत बीजेपी और नीतीश की प्रासंगिकता को मजबूत करेगी,जबकि महागठबंधन की जीत इंडिया गठबंधन को बल देगी। जन सुराज,भले ही सीमित सफलता पाए,भविष्य की राजनीति को प्रभावित कर सकती है। बिहार के 13.07 करोड़ लोग इस मतपत्र से तय करेंगे कि वे स्थिरता चाहते हैं, या रेवड़ियां चाहते हैं या नई दिशा।

# 'दम' दिखाने को तैयार महागठबंधन



**बिहार का रण**
सुशील देव
वरिष्ठ पत्रकार

बिहार में विधानसभा चुनाव को लेकर दो प्रमुख घटक में इस बार कड़ी टक्कर होने वाली है। यह घटक दल हैं- महागठबंधन और राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन। महागठबंधन 2.0 एक विपक्षी गठबंधन है जो भारतीय जनता पार्टी और राजग के खिलाफ खड़ा है। दोनों गठबंधन में कई प्रमुख क्षेत्रीय एवं राष्ट्रीय दल शामिल हैं, इसलिए अबकी बार मुकाबला दिलचस्प होने वाला है। दिलचस्प इसलिए भी कि भाजपा समर्थित नीतीश कुमार सरकार की पुनर्वापसी पर बड़ा सवाल खड़ा हो गया है। स्वयं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं भारतीय जनता पार्टी के दिग्गज नेताओं की रणनीति अपना रंग दिखाने लगी है। परंतु यह भी कयास लगाए जा रहे हैं कि सरकार के नेतृत्व के सवाल पर राजग गठबंधन में भी बहुत बखेड़ा खड़ा होने वाला है। राजनीतिक पंडित उनके दावेदारों की वजह से यह गुना-गणित समझा रहे हैं।

मगर महागठबंधन की बात करें तो उनके सभी दल ताल ठोक कर मैदान में दो-दो हाथ करने को तैयार हैं। रही बात महागठबंधन की ताकत की तो उसके पास अभी प्रमुख दलों में राष्ट्रीय जनता दल, कांग्रेस, सीपीआई-एमएल, सीपीआई, सीपीएम और वीआईपी प्रमुख दल हैं। हालांकि आम आदमी पार्टी बिहार के लिए अभी नई है। यह संभावित सहयोगी हो सकती है, मगर अभी तक कुछ स्पष्ट नहीं है।

## एम-वाई समीकरण मजबूत

अगर हम ताकत की बात करें तो राजद का एम-वाई समीकरण काफी मजबूत नजर आ रहा है यानी मुस्लिम और यादवों का वोट बैंक फिलहाल किसी अन्य समीकरणों के झांसे में नहीं आने वाला है। वीआईपी और वाम दलों के समर्थनों से पिछड़ा, अति पिछड़ा और दलित वर्गों को जोड़ने की लगातार कोशिशें भी जारी हैं, जबकि कांग्रेस के कारण सवर्ण और अल्पसंख्यक वर्गों में भी खासा प्रभाव देखा जा रहा है। महागठबंधन की ताकत और कमजोरी को समझने के लिए राजनीतिक, सामाजिक और संगठनात्मक, तीनों स्तरों पर विश्लेषण जरूरी है।

इस गठबंधन का नेतृत्व निश्चित तौर पर बिहार विधानसभा में विपक्ष के नेता एवं पूर्व डिप्टी सीएम, युवा एवं आक्रामक नेता तेजस्वी यादव की तरफ आ जाता है, जो न केवल युवाओं के रोजगार बल्कि जनता के मुद्दों, महंगाई और भ्रष्टाचार पर लगातार चोट करके मतदाताओं के दिलों में अपनी जगह बना रहे हैं। वहीं, अपने पिता लालू यादव के सामाजिक न्याय वाली विचारधाराओं से भी ओतप्रोत दिखाई देते हैं। तेजस्वी की ज़मीनी पकड़ और सोशल मीडिया में उपस्थिति भी अच्छी है।

## तेजस्वी की लोकप्रियता बढ़ी

इन तमाम वजहों से तेजस्वी की लोकप्रियता भावी मुख्यमंत्री के चेहरे के रूप में भी बढ़ी है। हालिया सर्वे में तेजस्वी नीतीश कुमार से भी आगे बताए जा रहे हैं। जहां तक बात सहयोगी दलों की एकजुटता और उनकी अपनी ताकत का सवाल है, महागठबंधन हाल ही में बिहार बंद प्रदर्शन और वोटर लिस्ट के मुद्दे पर जनता को यह मैसेज देने



में सफल रहा है कि सरकार या सरकार से जुड़े सहयोगी दलों ने मिलकर कुछ असामान्य करने की कोशिश की है। बड़ी बात तो यह है कि राजद ने प्रमुख दल होने और बिहार विधानसभा में विपक्ष में होने के कारण नीतीश सरकार के खिलाफ जनता में असंतोष को हवा देने का सफल प्रयास किया है। उनके साथ स्थानीय स्तर पर वामदलों की स्थिति भी काफी मजबूत दिखाई दे रही है। खासकर, ग्रामीण क्षेत्रों में किसान और मजदूरों के बीच वामपंथी दल खासा पकड़ रखते हैं। साथ ही, इनके कैडर कार्यकर्ता चुनाव में अपनी मजबूत भूमिकाएं निभाते हैं। जहां तक महागठबंधन की चुनावी तैयारियों का सवाल है, वह अभी तक बिल्कुल सही दिशा में जा रही है। बीते 9 जुलाई को महागठबंधन ने बिहार बंद और चक्काजाम का आयोजन किया। कांग्रेस नेता राहुल गांधी और राजद के तेजस्वी यादव ने मिलकर व्यापक रूप से वोटर लिस्ट के विशेष पुनरीक्षण को लोकतंत्र के लिए खतरा बताया, विरोध जताया। इस बंद को महागठबंधन की एकता और जन जागरण की ताकत के संकेत के तौर पर देखा गया। मगर, वहीं महागठबंधन के अंदर सीटों के बंटवारे को लेकर नाराजगी अभी थमी नहीं है। सीटों के अंतिम बंटवारे को लेकर गठबंधन के अंदर सब कुछ ठीक-ठाक नहीं चल रहा है। ज्ञात हो कि राजद को पूर्वी चंपारण से लगभग 200 मुस्लिम कार्यकर्ता जदयू में चले जाने से गहरा धक्का लगा है, जिससे महागठबंधन की एकता पर भी सवाल खड़ा हो गया है। राजग के कार्यकर्ता की जदयू में पलायन से संगठन की आंतरिक मजबूती प्रभावित हो सकती है। यहां यह भी बता दें कि सीटों के बंटवारे को लेकर पहले भी विवाद रहा है।

2020 में कांग्रेस के चुनावी प्रदर्शन को लेकर यह विवाद रहा था। आज भी कांग्रेस का ज़मीनी ढांचा कमजोर है। कांग्रेस की अंतर्कलह की वजह से महागठबंधन की रणनीति प्रभावित हो सकती है। यह भी डर है कि राजद के पुराने कार्यकर्ता पार्टी छोड़ रहे हैं या निष्क्रिय हो रहे हैं। मुकेश सहनी का दल वीआईपी का इधर-उधर जाना, भरोसे को कमजोर करता है। कुछ अन्य पार्टियां यदि अकेले चुनाव लड़ती हैं तो महागठबंधन के लिए यह वोटकटवा फैक्टर साबित होगा। इसमें कोई दो राय नहीं है कि भाजपा या राजग गठबंधन की तुलना में राजद गठबंधन आर्थिक रूप से कमजोर है। मीडिया में भी महागठबंधन की पकड़ ज्यादा मजबूत नहीं है। ऐसे में महागठबंधन के प्रमुख घटक दल कितना कुछ कर पाएंगे, यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा। मगर महागठबंधन चुनावी तैयारी में सक्रिय है। लगातार बैठकें, आंदोलन और प्रचार दर प्रचार के दौर चल रहे हैं। असली स्थिति महागठबंधन के घटक दलों के बीच सीटों के बंटवारे के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी।

## घटक दल रणनीति बनाने में जुटे

कुल मिलाकर बिहार की राजनीति में महागठबंधन एक बार फिर पूरे तेवर में नजर आ रहा है। तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री का चेहरा बनाकर चुनावी समर में कमर कसकर उतर चुका है। घटक दल रणनीति बनाने में जुट गए हैं। महंगाई, बेरोजगारी, और शिक्षा जैसे मुद्दों को केंद्र में रखकर महागठबंधन सरकार पर हमलावर है। हाल ही में हुए बिहार बंद और प्रदर्शन से गठबंधन ने सड़क से सदन तक अपनी मौजूदगी का एहसास कराया है। मुस्लिम, यादव, दलित और अति पिछड़ा वर्ग में गठबंधन की पकड़ मजबूत मानी जा रही है। इसी समीकरण से सबको साधने में लगा है। वहीं सीपीआई-एमएल जैसे वामदल ग्रामीण क्षेत्रों में कैडर आधारित समर्थन जुटा रहे हैं। हालांकि, सीटों के बंटवारे को लेकर मतभेद सामने आ रहे हैं, फिर भी जनता से जुड़े मुद्दों और तेजस्वी की लोकप्रियता के बल पर महागठबंधन ताल ठोक कर मैदान में उतरने को तैयार है और सत्ता की कुंजी पाने के लिए बेताब है। हालांकि सत्ता का फैसला बिहार की जनता के हाथ में है।




# विविधता में एकता की प्रस्तुतियों से सजी सांस्कृतिक संध्या

*एनसीईआरटी का क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान में वार्षिकोत्सव का आयोजन*

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

एनसीईआरटी द्वारा क्षेत्रीय शिक्षा संस्थान में शनिवार की शाम वार्षिकोत्सव का आयोजन बड़े हर्षोल्लास से किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भोपाल दक्षिण-पश्चिम विधायक भगवानदास सबनानी एवं विशिष्ट अतिथि एनसीईआरटी के संयुक्त निदेशक प्रो. पीसी अग्रवाल एवं मुख्य वक्ता भारतीय सूचना प्रौद्योगिक संस्थान, भोपाल के निदेशक प्रो. आशुतोष कुमार सिंह थे। वार्षिकोत्सव में संस्थान के विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों की भी मनमोहन प्रस्तुतियां की गई, जिसमें विविधता में एकता के साथ एक भारत-श्रेष्ठ भारत का जीवंत प्रदर्शन किया गया।






**राजस्थानी, पंजाबी व मराठी लोक नृत्यों की प्रस्तुति**

इनमें अपूर्व और अरिहंत द्वारा गिटार तथा हारमोनियम की मधुर ध्वनि के साथ अपना गीतों की प्रस्तुति के अलावा मंत्रमुग्ध करने वाले समूह नित्य की प्रस्तुति की गई। इसी क्रम में शास्त्रीय नृत्य नाटिका द्वारा रामायण रुपक, गुजराती लोक नृत्य गरबा, राजस्थानी, पंजाबी व मराठी लोक नृत्यों के साथ सूर्यनमस्कार व यौगिक आसनों का भी शास्त्रीय के माध्यम से अद्भुत प्रदर्शन किया गया।

## रंग श्री लिटिल बेले ट्रूप में 13वें भीष्म साहनी नाट्य समारोह में नाटक 'चंदा बेड़नी' का मंचन

# 1986 से अभी तक करीब 250 बार निभाया रंजना ने चंदा बेड़नी का किरदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

रंग श्री लिटिल बेले ट्रूप में 13वें भीष्म सहानी नाट्य समारोह में नाटक चंदा बेड़नी का मंचन शनिवार शाम हुआ। चंदा बेड़नी की कहानी बुदेलखंड क्षेत्र की एक पुरानी किंवदंती पर आधारित है और नाटक का विषय प्रमुख हिंदी कवि अज्ञेय की कविता 'नाच' से प्रेरित है, जिसमें एक कलाकार की समस्याओं को रस्सी के नाच की कठिनाइयों के रूप में लिखा गया है। इस नाटक की खासियत है कि इसमें चंदा का किरदार निभाने वाली रंजना तिवारी 1986 से इस किरदार को निभा रही हैं। रंजना ने कहा कि मैंने करीब 250 बार देश-विदेश में मंचित हुए इस नाटक में चंदा का किरदार निभाया।







### कथा सार

एक ब्राह्मण युवक लखन को बेड़नी समुदाय की लड़की चंदा से प्यार हो जाता है। चंदा पहले इसे एक मजाक के रूप में लेती है और ब्राह्मण युवक के लिए ऐसी शर्तें निर्धारित करती है जिन्हें पूरा करना असंभव है, क्योंकि इसका अर्थ होगा संपूर्ण ब्राह्मण समाज की परंपराओं का खंडन, लेकिन लखन को सारी शर्तें मंजूर हैं। चंदा, लखन की ईमानदारी और समर्पण भाव और भोलेपन से प्रभावित हो जाती है, और अंततः उसके प्यार में पड़ जाती है, लेकिन इससे दोनों समुदायों में संकट सुनिश्चित हो जाता है। ब्राह्मण समाज और लखन के पिता राजा से समस्या का समाधान करने की अपील करता है।

### आकाश में तनी रस्सी पर होता है चंदा का नाच

राजा, जो खुद चंदा से प्यार करता है, ईर्ष्यालु हो जाता है और हस्तक्षेप करने का फैसला करता है। उतनी ही ईर्ष्यालु रानी को चंदा से है, क्योंकि वो जानती है राजा चंदा से प्रेम करता है। रानी कूटनीति में निपुण कुटना के साथ मिलकर षडयंत्र रचती है, जिसमे राजा के नवजात पुत्र की जान की सलामती के लिए चंदा द्वारा आकाश में तनी रस्सी पर चंदा का नाच तय होता है और जब चंदा जीतने की कगार पर होती है, तो रस्सी काटने के लिए मोची की मदद ली जाती है, जैसा कि किंवदंती है। किंवदंती के विपरीत मोची भी षडयंत्र का शिकार बन जाता है और इस तरह क्रूर, धूर्त और लापरवाह राजनीतिक व्यवस्था अपने स्वार्थी, क्षुद्र कारणों से आम जन की मासूमियत और विश्वास को कुचल देती है।

**भोजपुर क्लब में आर्ट थैरेपी वर्कशॉप का आयोजन**



# वुमन ऑफ एक्सप्रेशन ग्रुप ने थैरेप्यूटिक पेंटिंग के जरिए बचपन को फिर से जिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

वुमन ऑफ एक्सप्रेशन ग्रुप की संस्थापक मनीषा आनंद और रचना सिंह द्वारा भोजपुर क्लब में एक विशेष आर्ट थेरेपी वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस आयोजन में समूह की सभी महिला सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस रचनात्मक गतिविधि में प्रतिभागियों ने थैरेप्यूटिक पेंटिंग के ज़रिए अपने बचपन को फिर से जिया और रंगों के माध्यम से अपने जज़्बातों को खुलकर व्यक्त किया। यह अनुभव उनके लिए मानसिक विश्राम, आत्म-अन्वेषण और आनंद का माध्यम बना।



# सावित्रीबाई के जीवन संघर्षों की गाथा कहता है नाटक

## सेवा भारती आनंद धाम वृद्धा आश्रम में सावित्रीबाई फुले नाट्य प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

शनिवार को सेवा भारती आनंद धाम वृद्धा आश्रम सभागार में पीपल्स थियेटर ग्रुप द्वारा गुरु पूर्णिमा उत्सव वृद्धा आश्रम के बुजुर्गों के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बुजुर्गों के मनोरंजन देश कि प्रथम महिला अध्यापिका क्रांति ज्योति सावित्रीबाई फुले के जीवन संघर्षों पर आधारित नाटक का मंचन भी किया गया। नाटक का आलेख एंव निर्देशन सिन्धु धौलपुरे का रहा। मंच पर 20 कलाकारों ने अपने प्रभावी अभिनय से सावित्रीबाई द्वारा समाज में व्यापक कुरीतियों और अंधविश्वास के खिलाफ किए गए कार्यों को बहुत ही मार्मिक रूप से मंचित किया गया।





### सावित्रीबाई फुले के कार्यों को किया प्रस्तुत

कलाकारों ने नाटक के माध्यम से सावित्रीबाई फुले के द्वारा महिला शिक्षा और उनके द्वारा समाज उत्थान के लिए किए गए कार्यों को अपने नाट्य अभिनय से दिखाने का प्रयास किया। नाटक में दिखाया कि शिक्षा का स्वपन संजोने वाली छोटी सी सावित्री कैसे एक समाज सेविका बनती हैं और नारी उत्थान के लिए काम करती हैं।

# पं. सुरेश तांतेड़ की स्मृति में स्थापित होगा राष्ट्रीय स्तर का कला सम्मान



- हर साल 25 दिसंबर को जन्मदिन पर सम्मानित होगी कला विभूति

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

संस्कृति पुरुष पं. सुरेश तांतेड़ की स्मृति में राष्ट्रीय स्तर के सम्मान की स्थापना की जाएगी। यह सम्मान हर साल उनके जन्मदिवस 25 दिसंबर को उनके द्वारा स्थापित कला संस्था 'मधुवन' और 'अभिनव कला परिषद' की ओर से दिया जाएगा। 'पं. सुरेश तांतेड़ राष्ट्रीय कला सम्मान' शीर्षक से स्थापित यह सम्मान संगीत, नृत्य और नाटक के क्षेत्र में हर वर्ष बारी-बारी से दिया जाएगा। सम्मान के तहत 51 हजार की राशि प्रदान की जाएगी। यह निर्णय शनिवार को सप्रे संग्रहालय में आयोजित बैठक में लिया गया।

### 'मधुवन' और 'अभिनव कला परिषद' की गतिविधियां जारी रहेंगी

बैठक में तय किया गया कि पहला सम्मान इसी वर्ष 25 दिसंबर को सप्रे संग्रहालय में समारोह पूर्वक प्रदान किया जाएगा। विधा और विभूति का चयन पृथक से किया जाएगा। इसी के साथ बैठक में यह भी तय किया गया कि स्व. तांतेड़ द्वारा स्थापित संस्थाओं 'मधुवन' और 'अभिनव कला परिषद' की गतिविधियों को सुचारू रूप से उसी गरिमा के अनुरूप संचालित किया जाएगा। इसके लिए तांतेड़ के प्रशंसक, साथी और परिजन समवेत रूप से प्रयास करेंगे।

*एक स्त्री के आत्म-जागरण का प्रतीक काव्य संग्रह: डॉ. मेहदी*

# दुष्यंत संग्रहालय में एक थी अहिल्या काव्य संग्रह का किया लोकार्पण



हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

अखिल भारतीय साहित्य परिषद द्वारा शनिवार को दुष्यन्त संग्रहालय में कवयित्री प्रतिभा श्रीवास्तव की स्त्रियों के अनसुने प्रश्नों की सशक्त काव्यात्मक अभिव्यक्ति, उनके काव्य संग्रह एक थी अहिल्या का लोकार्पण संपन्न हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता अखिल भारतीय साहित्य परिषद भोपाल इकाई की अध्यक्ष एवं उर्दू अकादमी की निदेशक डॉ. नुसरत मेहदी ने कहा कि यह सिर्फ एक काव्य संग्रह नहीं, एक स्त्री के आत्म-जागरण का और हमारे समय के परिपक्व यथार्थबोध का प्रतीक है।

### परिवार को सहेजती हैं कविताएं

मुख्य अतिथि अभासाप की राष्ट्रीय मंत्री और निराला सृजन पीठ की निदेशक डॉ. साधना बलवटे ने कहा आपकी कविताएं स्त्री विमर्श की होकर भी परिवार को सहेजती कविताएं हैं, इनका स्वर विद्रोही नहीं शिकायती है, यथार्थ हो कर भी वीभत्स नहीं है,सत्य हो कर भी कटू नहीं लगती। लेखिका संघ की अध्यक्ष डॉ. कुमकुम गुप्ता ने कहा प्रतिभा के कविता संग्रह में स्त्री के दर्द का, उपेक्षा का, संघर्ष के साथ स्त्री के अस्तित्व बचाने का प्रयास किया है।

# 4 से 62 वर्ष तक के विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों ने बांधा समां

## ख्याल में ताल अकादमी ऑफ तबला का गुरु पूर्णिमा सेलिब्रेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

भारतीय संस्कृति में गुरु पूर्णिमा का पर्व गुरु के प्रति श्रद्धा और कृतज्ञता व्यक्त करने का सबसे पवित्र अवसर माना जाता है। संगीत साधना में गुरु का स्थान विशेष महत्व रखता है, क्योंकि गुरु ही शिष्य को सुर और ताल की साधना से जीवन के अनुशासन, एकाग्रता और धैर्य का पाठ पढ़ाते हैं। इसी कड़ी में ताल अकादमी ऑफ तबला के तत्वावधान में गुरु पूर्णिमा प्रसंग का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विनय उपाध्याय के मुख्य आतिथ्य में हुआ जिसमें विश्वविख्यात तबला वादक पद्मश्री उस्ताद ज़ाकिर हुसैन को समर्पित रहा, जिनकी साधना नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा है।



**उठान, रेला, गत, कायदे, ठेके की प्रस्तुति रही खास**

कार्यक्रम में ताल अकादमी ऑफ तबला के युवा संगीत गुरु मनोज पाटीदार से तबला वादन का गहन प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे 4 वर्ष से 62 वर्ष तक के विद्यार्थियों ने तबला वादन की प्रस्तुतियां देकर गुरु को अपनी साधना समर्पित कीं। इन होनहार विद्यार्थियों की तबले पर थिरक रही उंगलियों से निकली उठान, पेशकार, रेला, गत, कायदे, ठेके, दुगुन और तिहाइयों तथा बोल पाठ का संगीत प्रेमियों ने मंत्रमुग्ध होकर आनंद लिया।

**रिंदाना रहास्या ने दी शास्त्रीय गायन की प्रस्तुति**

दिल्ली से पधारी शास्त्रीय गायिका एवं अतिथि कलाकार डॉ. रिंदाना रहास्या ने शास्त्रीय गायन प्रस्तुत कर संगीत साधना की महिमा को और विस्तार दिया। संगत कलाकार के रूप में मुनि मालवीय (हारमोनियम), ऋषभ मालिक (वायलिन) एवं तबले पर मनोज पाटीदार ने संगत देकर आयोजन को अविस्मरणीय बना दिया।



### दो दिवसीय विशेष संवाद कार्यक्रम आयोजित

**भोपाल।** जीतो एमपीसीजी जोन भोपाल चेप्टर द्वारा दो दिवसीय विशेष संवाद कार्यक्रम का शुभारंभ शहर के होटल एमपी नगर में हुआ। भोपाल चेप्टर के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत जैन, सेज सचिव वैभव चौधरी ने बताया इंटरनेशनल संस्था जीतो द्वारा निरंतर सहयोग की भावना से कार्य किए जाते हैं। इस कार्यक्रम में भोपाल में संवाद आयोजन में शिक्षा चिकित्सा व्यापार सामाजिक समरसता के साथ प्रदेश ओर देश के विकास में कार्य करते हुए अपनी सेवाएं देने पर विशेष चर्चा हुई, ओर सभी के सहयोग की भावना से कार्य करने की कार्य योजना बनाई गई। भोपाल में जुडिशल की स्थापना होगी, जिसमें शिक्षा के लिए आए युवाओं को सभी सुविधाएं मिलेगी।

**देर शाम तक तालियों से गूंजता रहा एसवी पॉलीटेक्निक का हॉल**

# सुरमाला में गूंजे एक से बढ़कर एक मधुर तराने

हरिभूमि न्यूज ▶▶भोपाल

सुरमाला संगीत समूह का संगीत मय कार्यक्रम 'रिमझिम गिरे सावन' शनिवार शाम पॉलिटेक्निक कॉलेज के सभागृह में प्रारंभ हुआ। गायक गायिकाओं ने सावन और बारिश के मौसम को मुख्य थीम के रूप में चुना और एक से बढ़कर एक सिने गीत सुनाए। कार्यक्रम के विशेष अतिथि रमेश नागानी और अशोक मनवानी ने सरस्वती मां के चित्र पर अपने साथियों और सुरमाला संगीत समूह के सदस्यों के साथ दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। हे शारदे मां... के सामूहिक प्रार्थना गायन से कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। इसके बाद गीतों का सिलसिला जो शुरू हुआ तो देर शाम तक चलता रहा।

**'रिमझिम गिरे सावन' कार्यक्रम आयोजित**



### गीतों ने समा बांध दिया

कार्यक्रम संयोजक और गायिका सुरंगमा सक्सेना के अलावा, मनीष सक्सेना, संतोष तिवारी और नरेश मालवीय ने गीतों से समा बांध दिया। इनमें भीगी भीगी रातों में...मीठी मीठी बातों में मोहन बेलानी, सुमन सक्सेना ने प्रस्तुत किया। वहीं, इतना ना मुझ से भी प्यार बढ़ा...की प्रस्तुति मोहन और भाविशा बेलानी ने देकर समा बढ़ दिया। इनके बाद रमेश नाथानी ने चला जाता हूं मैं... गीत की पेश कर तालियां बटोरीं। फिर भविशा बेलानी ने आगे भी जाने ना तू...प्रस्तुत किया, वहीं मोहन बेलानी और सुमन सक्सेना की भीगी भीगी रातों में... प्रस्तुति से हाल तालियों से गूंज उठा। इसके बाद रीना और रमेश ने गिर गया झुमका सुनाकर माहौल हल्का कर दिया। वहीं स्मिता और अपूर्व, शक्ति खरे, रेखा, नरेश मालवीय, लखनलाल दांडे, अशोक मनवानी, असीम सक्सेना, रुचिता, सन्तोष तिवारी समेत 50 से अधिक सिंगर्स ने श्रोताओं को देर शाम तक बांधे रखा। कार्यक्रम का सफल संचालन ग्रुप की हेड सुरंगमा सक्सेना और मीता ने किया।

*गिर गया झुमका...रीना रमेश चंदानी*
*गोरी तेरे अंग अंग में... अजय खंगान*
*रिमझिम गिरे सावन...अशोक कुमार*

# चैरिटी के नाम पर अरबों की संपत्ति पर किया कब्जा, दान दो, टिकट लो का खेल चला




एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

नेशनल हेराल्ड केस में ईडी कीरिपोर्ट ने राजनीतिक हलकों में खलबली मचा दी है। इसमें चौंकाने वाला दावा किया गया है कि यंग इंडियन प्राइवेट लिमिटेड जिस पर सोनिया गांधी और राहुल गांधी का सीधा नियंत्रण है के जरिए सिर्फ चैरिटी के नाम पर अरबों की संपत्ति पर कब्जा किया गया। रिपोर्ट में संभावित राजनीतिक लाभ के बदले दिया गया चंदा करार दिया गया है।

## नेशनल हेराल्ड मामला

### प्रवर्तन निदेशालय की रिपोर्ट सामने आने पर सियासत गरमाई

ईडी का दावा- यंग इंडियन प्राइवेट लिमिटेड के जरिए बड़ी रकम वसूली




### कोई चैरिटेबल काम जमीन पर नहीं दिखा, चंदा देने वाले पा गए टिकट

शनिवार को दिल्ली की अदालत में दायर दस्तावेजों में ईडी ने साफ तौर पर कहा कि यंग इंडियन को 'नॉन-प्रॉफिट' कंपनी दिखाया गया, लेकिन उसका वास्तविक काम एजेएल की 2,000 करोड़ रुपए से ज्यादा की संपत्तियों को हथियाना था। ईडी ने दावा किया कि कोई भी चैरिटेबल काम जमीन पर नहीं हुआ और चंदा देने वालों को कांग्रेस में टिकट देना 'सिस्टमेटिक पैटर्न' जैसा लग रहा है।

### जीरो निवेशः 2,000 करोड़ की मिल्कियत बनी

ईडी ने बताया है कि एसोसिएटेड जर्नल्स लिमिटेड (एजेएल) के सभी शेयर सिर्फ 50 लाख रुपए में यंग इंडियन कंपनी को ट्रांसफर कर दिए गए। हैरानी की बात ये है कि ये 50 लाख रुपए भी यंग इंडियन ने खुद नहीं दिए, बल्कि ये रकम कोलकाता की एक कंपनी डोटेक्स मर्चेंडाइज प्राइवेट लिमिटेड ने दी थी। कंपनी ने बतौर लोन दिया। इसके बदले यंग इंडियन को एजेएल सभी संपत्तियां जिनमें दिल्ली, मुंबई, भोपाल और पटना जैसे शहरों में प्राइम लोकेशन की बिल्डिंग्स शामिल हैं का पूरा नियंत्रण मिल गया।

### यंग इंडियन केवल नाम की संस्था, मकसद संपत्ति हथियाना



ईडी ने नेशनल हेराल्ड केस में अदालत को बताया कि यंग इंडियन को चैरिटी के नाम पर स्थापित किया गया था, लेकिन कभी कोई चैरिटेबल कार्य हुआ ही नहीं.। कोर्ट में एएसजी राजू ने कहा कि यंग इंडियन ने बिना एक भी रुपया निवेश किए एजेएल की करीब 2000 करोड़ की संपत्तियों पर कब्जा कर लिया। ईडी के अनुसार यह पूरी योजना एजेएल की संपत्तियों को हड़पने की साजिश थी और उसी के तहत यंग इंडियन का गठन किया गया था।

### एजेएल को 50 लाख में खरीदा रकम 'डोटेक्स' कंपनी से मिली

ईडी ने यह भी दावा किया कि एजेएल को 50 लाख में खरीदा गया, जो रकम 'डोटेक्स' नामक कंपनी से मिली थी। यानी न तो यंग इंडियन ने खुद पैसा लगाया और न ही किसी चैरिटेबल काम की शुरुआत की। यंग इंडियन के जरिए राजनीतिक लाभ बांटे गए और जिन लोगों ने संस्था को दान दिया उन्हें चुनाव लड़ने के लिए टिकट दिए गए। यह दिखावे की चैरिटी था।

### सोनिया और राहुल का सीधा संबंध

ईडी ने इस डील को प्रत्यक्ष राजनीतिक नेतृत्व द्वारा नियंत्रित धोखाधड़ी बताया है। यंग इंडियन में सोनिया गांधी, राहुल गांधी, मोतीलाल वोरा और ऑस्कर फर्नांडिस निदेशक रहे।

### कांग्रेस ने खारिज किया दावा

### पूरे ट्रांजैक्शन में एक पैसा भी कहीं स्थानांतरित नहीं हुआ



कांग्रेस की ओर से सीनियर नेता और वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि इस पूरे ट्रांजैक्शन में एक पैसा भी कहीं स्थानांतरित नहीं हुआ है।

## खबर संक्षेप

### कॉलेज में छात्रा ने आग लगाई एचओडी गिरफ्तार

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के बालेश्वर में बीएड सेकेंड ईयर की छात्रा ने खुद



पर केरोसीन डालकर कॉलेज कैंपस में आग लगा ली। घटना शनिवार दोपहर करीब 1 बजे हुई। छात्रा की हालत नाजुक है। एचओडी समीर कुमार साहू पर पीड़ित छात्रा समेत दूसरी छात्राओं के मानसिक और शारीरिक शोषण के आरोप हैं। पुलिस ने एचओडी समीर कुमार साहू को गिरफ्तार कर लिया।

### पुरानी दिल्ली के सदर बाजार में भीषण आग


**नई दिल्ली।** पुरानी दिल्ली के सदर बाजार में एक दुकान में भीषण आग लग गई। दिल्ली फायर सर्विस के



अनुसार आग पर काबू पाने के लिए 10 से अधिक दमकल गाड़ियों को मौके पर भेजा गया है। आग की वजह और नुकसान का आकलन अभी नहीं हो सका है और कोई हताहत होने की सूचना नहीं है। अधिकारियों ने बताया कि लोगों को बाहर निकाला गया।

### कांगड़ा में युवती से छेड़छाड़, 6 अरेस्ट

**कांगड़ा।** कांगड़ा की सुरक्षा का जिम्मा पुलिस अधीक्षकऔर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दोनों



महिला अधिकारियों के कंधों पर पर है। लेकिन जिले की महिलाएं सुरक्षित नहीं हैं। कुछ असामाजिक तत्वों ने कांगड़ा बस अड्डे पर शुक्रवार रात युवती से छेड़छाड़ की और उसके बाद सरेआम अश्लील हरकतें की। पुलिस ने 6 सिरफिरों को गिरफ्तार किया है।

### खाई में गिरी स्कूली बस सभी 15 छात्र सुरक्षित

**ऊना।** हिमाचल प्रदेश के ऊना जिले में शनिवार को समूर गांव के पास मुख्य सड़क पर एक बड़ा



हादसा टल गया। एक स्कूल बस, जिसमें करीब 15 छात्र सवार थे, सड़क पर बने पुलिया के धंसने से खाई में जा गिरी। सभी छात्रों को सुरक्षित बाहर निकालकर अन्य वाहनों से उनके घर भेजा गया। पुलिस ने बताया कि इस हादसे में किसी भी बच्चे को चोट नहीं आई।

### 4 मंजिला इमारत गिरी 2 की मौत व 8 घायल

**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के वेलकम इलाके में शनिवार सुबह चार मंजिला इमारत ढहने से 2



लोगों की मौत हो गई और एक वर्षीय बच्चे समेत 8लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। मलबे में अब भी कुछ लोगों के फंसे होने की आशंका है। इमारत के मालिक और उनकी पत्नी को मलबे से बाहर निकाला गया, लेकिन उनकी मौत हो गई थी।

## गृहमंत्री शाह ने तिरुवनंतपुरम में भाजपा के कार्यालय का किया उद्घाटन

# एलडीएफ-यूडीएफ ने राज्य को बनाया राष्ट्र विरोधी ताकतों के लिए 'सुरक्षित' पनाहगाह

### मजबूत दक्षिणी राज्यों के विकास के बिना विकसित भारत बनाना असंभव



एजेंसी ▶▶ तिरुवनंतपुरम

गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को केरल के तिरुवनंतपुरम में भाजपा की प्रदेश समिति के नए कार्यालय मराजी भवन का उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि भाजपा के नेतृत्व में एनडीए केरल में सरकार बनाने के लिए 2026 का केरल विधानसभा चुनाव लड़ेगा। उन्होंने कहा कि कई अन्य राज्यों की तरह भाजपा तमिलनाडु में भी सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि अगर जनता केरल में बदलाव चाहती है तो एलडीएफ (लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट) या यूडीएफ (यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट) के बजाय बदलाव लाने के लिए राजग और भाजपा को वोट दें। शाह ने केरल में अपने विरोधियों पर आरोप लगाते हुए कहा कि एलडीएफ, यूडीएफ सरकारों ने केरल को राष्ट्र विरोधी ताकतों के लिए पनाहगाह बना दिया। उन्होंने कहा कि मजबूत दक्षिणी राज्यों के विकास के बिना विकसित भारत बनाना संभव नहीं है। केरल में भाजपा का मुख्यमंत्री बनाने से ज्यादा महत्वपूर्ण पार्टी कार्यालय को विकसित केरल का केंद्र बनाना है।

**केरल सरकार पर जमकर साधा निशाना**

### 'विकसित केरलम' मिशन का 'लोगो' 'मोटो' जारी किया

केरल में पार्टी के नए प्रदेश कमेटी कार्यालय का उद्घाटन करने के बाद शाह ने पुथरीकंदम मैदान में वार्ड स्तरीय नेतृत्व बैठक में पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों को संबोधित करने से पहले पार्टी के 'विकसित केरलम' मिशन का 'लोगो' और 'मोटो' भी जारी किया।



### 'मरारजी भवन' में पुष्पांजलि भी दी

शाह ने इस वर्ष होने वाले स्थानीय निकाय चुनावों और अगले वर्ष होने वाले विधानसभा चुनावों के लिए पार्टी के अभियान की शुरुआत करने से पहले भाजपा की प्रदेश कमेटी के नए कार्यालय 'मरारजी भवन' का उद्घाटन किया। शाह ने भाजपा की प्रदेश इकाई के पूर्व अध्यक्ष केजी मरार की आवक्ष कांस्य प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।

### गृहमंत्री शाह का सीएम विजयन पर हमला

### एलडीएफ सरकार भ्रष्ट, विकास के नाम पर यहां हो रहे घोटाले दर घोटाले

शाह ने सीएम पिनाराई विजयन पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि केरल की एलडीएफ सरकार भ्रष्ट है। राज्य में खूब घोटाले हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि केरल में एलडीएफ (लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट) और यूटडीएफ (यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट) का ट्रैक रिकॉर्ड भ्रष्ट सरकार का रहा है। एलडीएफ ने विस्फोटक घोटाला, सहकारी बैंक घोटाला, एआई कैमरा घोटाला, लाइफ मिशन घोटाला, पीपीई किट घोटाला और भारत का सबसे बड़ा सोना तस्करी घोटाला किया।

### यहां के विकास के लिए पीएम मोदी ने दिए 3 मंत्र

उन्होंने कहा कि भाजपा और माकपा दोनों ही कैडर आधारित पार्टियां हैं, लेकिन दोनों में बड़ा अंतर है। केरल में कैडर कल्याण राज्य के विकास से बड़ा है, जबकि भाजपा के लिए कैडर से ऊपर विकसित केरलम है। उन्होंने कहा कि केरल के विकास के लिए प्रधानमंत्री मोदी के तीन मुख्य दृष्टिकोण हैं कि भ्रष्टाचार मुक्त शासन, सरकारी योजनाओं में कोई भेदभाव नहीं और राजनीतिक लाभ से परे केरल का विकास। उन्होंने कहा कि भाजपा ने कार्यकर्ता सम्मेलन को अन्य राजनीतिक दलों के सार्वजनिक समारोहों जितना ही बड़ा बना दिया है और यह केरल में भाजपा के भविष्य का प्रतीक है।

### 'विकसित केरलम' से बनेगा विकसित भारत' का रास्ता

शाह ने कहा कि भाजपा के लिए सरकार में मुख्यमंत्री रखने से ज्यादा महत्वपूर्ण यह सुनिश्चित करना है कि यहां उसका राज्य कार्यालय विकसित केरलम का केंद्र बने। विकसित भारत' का रास्ता 'विकसित केरलम' से होकर ही जाता है। अब से भाजपा का मूल उद्देश्य विकसित केरलम होगा।

### देश 31 मार्च, 2026 तक नक्सलवाद से मुक्त होगा

शाह ने कहा कि भारत 31 मार्च, 2026 तक नक्सलवाद से मुक्त हो जाएगा। आतंकवाद का जवाब पीएम मोदी और भाजपा के अलावा कोई नहीं दे सकता। हमने उरी हमले का जवाब सर्जिकल स्ट्राइक से, पुलवामा हमलों का जवाब एयर स्ट्राइक से, ऑपरेशन सिंदूर से घर में घुस के मारा से दिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार ने केरल के लिए कांग्रेस सरकार द्वारा जारी धनराशि से कई गुना ज़्यादा धनराशि जारी की है। मैं भाजपा मुख्यालय के माध्यम से इसके बारे में हर विवरण सार्वजनिक रूप से जारी करूंगा।

## केरल में स्कूल व्यवस्था पर उठे सवाल

# एक समुदाय के लिए स्कूल का समय नहीं बदला जाएगा

राज्य के सामान्य शिक्षा मंत्री शिवनकुट्टी ने कहा



एजेंसी ▶▶ तिरुवनंतपुरम

केरल के सामान्य शिक्षा मंत्री वी. शिवनकुट्टी ने शुक्रवार को दोहराया कि किसी खास समुदाय के लिए स्कूल का समय नहीं बदला जा सकता क्योंकि सरकार को लाखों छात्रों के हितों का ध्यान रखना होता है। शिवनकुट्टी ने यह भी कहा कि स्कूल का समय 30 मिनट बढ़ाने का फैसला केरल हाईकोर्ट के निर्देशों के आधार पर लिया गया है और इसलिए, इससे आहत कोई भी व्यक्ति कानूनी उपाय अपना सकता है। उनकी यह प्रतिक्रिया कुछ मुस्लिम संगठनों द्वारा स्कूल के समय में बदलाव के बढ़ते विरोध के मद्देनजर आई है, जिनमें समस्त केरल जेम-इय्यातुल उलमा भी शामिल है, जो सुन्नी विद्वानों का एक प्रमुख संगठन है। मंत्री ने यह भी कहा कि मदरसा शिक्षा पर सरकार की ओर से कोई प्रतिबंध नहीं है, लेकिन यह स्पष्ट किया कि उनके लिए स्कूल के समय में कोई रियायत नहीं दी जाएगी।

### सुन्नी विद्वान संघ बदवाल की मांग

### संशोधन के पहले विचार विमर्श करना चाहिए

समस्त केरल जेम-इय्याथुल उलमा ने शनिवार को कहा कि स्कूल के संशोधित समय को लागू करने से पहले विचार-विमर्श किए जाने की आवश्यकता है। समस्त केरल जेम-इय्याथुल उलमा, केरल के सुन्नी मुसलमानों के बीच एक प्रमुख धार्मिक संगठन है और इसे आमतौर पर 'समस्ता' भी कहा जाता है। इसके सैयद जिफरी मुथुकोया थंगल ने कोझिकोड में पत्रकारों से कहा कि इस मुद्दे पर सरकार का प्रतिनिधित्व करने वालों की प्रतिक्रिया 'विनम्र होनी चाहिए न कि अड़ियल'। उन्होंने जवाब में दिया कि शिवनकुट्टी ने कहा है कि किसी विशेष समुदाय के लिए स्कूल के समय में बदलाव नहीं किया जा सकता। इस बीच थंगल ने कहा कि समस्ता ने सीएम पिनराई विजयन के समक्ष लिखित रूप में अपनी चिंताएं बताई थी।

### हमारे समुदाय के मत से जीत रहे चुनाव


उन्होंने कहा कि यह एक बड़े समुदाय की जरूरत है। यही समुदाय चुनाव में मत देते हैं। सरकार को इस मुद्दे पर चर्चा करनी चाहिए। थंगल ने यह भी सवाल उठाया कि क्या मदरसा कक्षाएं सोने के समय आयोजित की जाएंगी और कहा कि दिन में केवल 24 घंटे होते हैं। इस बीच, शिवनकुट्टी ने दोहराया कि केरल उच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुसार स्कूल का समय 30 मिनट बढ़ा दिया गया है, दिन के पहले भाग में 15 मिनट और दूसरे भाग में 15 मिनट।

## राधिका मर्डर केस में ताऊ का खुलासा

# भाई, कन्या वध हो गया! मुझे फांसी दिलवाओ, हिरासत में

एजेंसी ▶▶ गुरुग्राम

यहां राधिका यादव हत्याकांड में गिरफ्तार पिता दीपक यादव से



पुलिस हिरासत में पूछताछ की गई। अदालत ने उसे 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। गुरुवार सुबह की इस खौफनाक वारदात के बाद से राधिका के परिवार सहित पूरा देश स्तब्ध है। इस वारदात के तुरंत बाद क्राइम सीन पर पहुंचे दीपक के बड़े भाई (राधिका के ताऊ) विजय यादव ने चौंकाने वाले खुलासे किए हैं। यादव ने बताया कि जब उन्होंने गोलियों की आवाज सुनी, तो वह दौड़कर ऊपर गए। वहां दीपक बैठा था, रोते हुए बोला -भाई, कन्या वध हो गया। विजय ने तुरंत पुलिस को सूचना दी और उन्हें चेतावनी भी दी कि दीपक किसी भी पल खुद को नुकसान पहुंचा सकता है। दीपक ने अनुरोध किया है कि ऐसी चार्जशीट तैयार की जाए कि उसे फांसी मिले। मुझे डर था कि वो खुद को गोली नाम मार ले। इसमें प्रेम प्रसंग सामने आ रहा है।

## सुकमा में 'नियद नेल्ला नार' का असर

# एक करोड़ से ज्यादा के इनामी 23 नक्सलियों ने किया सरेंडर

एजेंसी ▶▶ सुकमा

छत्तीसगढ़ के सुकमा में 23 नक्सलियों ने सुरक्षाबलों के सामने



घुटने टेक दिए और आत्मसमर्पण किया। इन पर एक करोड़ से ज्यादा का इनाम था। उन्होंने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों पर क्षेत्र में बड़ी नक्सली घटनाओं में शामिल होने का आरोप है। सरेंडर करने वाले 23 नक्सलियों में नौ महिला नक्सली शामिल थीं। नक्सलियों ने छत्तीसगढ़ सरकार की नक्सलवादी आत्मसमर्पण पुनर्वास नीति, 'नियद नेल्ला नार'(आपका अच्छा गांव) योजना से प्रभावित होकर और अंदरूनी क्षेत्रों में लगातार पुलिस के बढ़ते प्रभाव से सरेंडर करने का फैसला किया। इन नक्सलियों पर कुल 1.18 करोड़ का इनाम था। सरेंडर करने वाले में लोकेश,रमेश, कवासी मासा, प्रवीण, नुप्पो गंगी , पुनेम देवे, परस्की पांडे ,माड़वी जोगा, नुप्पो लच्छु , पोड़ियाम सुखराम और दूधी भीमा शामिल हैं।

## फ्लाइट में थे पिता, फर्स्ट ऑफिसर थी बेटी

# टेक ऑफ से पहले का वीडियो वायरल



**चेन्नई।** गौरी धवलीकर ने विमान में सवार यात्रियों का स्वागत करते हुए कहा कि उनके पिता इसी विमान में यात्रा कर रहे हैं। टेक ऑफ से पहले गौरी ने अपने पिता दीपक धवलीकर का आभार व्यक्त किया। गौरी ने कहा कि 'शुक्रिया! आपने मुझे अपने सपनों को साकार करने की शक्ति दी, आपने मुझे यह दुनिया दी। महाराष्ट्रवादी गोमांतक पार्टी के अध्यक्ष और गोवा के पूर्व मंत्री दीपक धवलीकर की बेटी गौरी धवलीकर का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। दीपक चेन्नई से गोवा जा रहे थे, जिस इंडिगो में धवलीकर यात्रा कर रहे थे, उसकी फर्स्ट ऑफिसर उनकी बेटी थीं।

## सीजेआई ने नालसार विधि विवि के दीक्षांत समारोह में कहा

# भारतीय न्याय व्यवस्था में सुधार की सख्त जरूरत

### सीजेआई गवई बोले- मैं आशावादी हूं मेरे साथी नागरिक चुनौतियों का सामना करेंगे

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

सीजेआई बीआर गवई ने शनिवार को कहा कि भारतीय न्याय प्रणाली में सुधार की सख्त जरूरत है। गवई ने कहा कि यह अनूठी चुनौतियों का सामना कर रहा है। इसमें अक्सर दशकों तक चलने वाले मुकदमे भी शामिल हैं। सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस गवई हैदराबाद स्थित नालसार विधि विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में छात्रों को संबोधित करते हुए न्यायपालिका प्रणाली की स्थिति पर चिंता व्यक्त की। सीजेआई गवई ने कहा कि हालांकि मैं इस निष्कर्ष पर पहुंचा हूं कि हमारी न्याय प्रणाली में सुधार की सख्त जरूरत है, फिर भी मैं आशावादी हूं कि मेरे साथी नागरिक चुनौतियों का सामना करेंगे।



### आने वाली पीढ़ी पर विश्वास जताया

सीजेआई ने भारतीय न्यायिक प्रणाली के सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करने में आने वाली पीढ़ी पर विश्वास जताया और उन्हें अपने परिवारों पर आर्थिक बोझ डालने के बजाय छात्रवृत्ति पर विदेश में आगे की पढ़ाई करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस दीक्षांत समारोह में तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी,सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश न्यायमूर्ति पीएस नरसिम्हा और तेलंगाना हाई कोर्ट के कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सुजॉय पॉल ने भाग लिया।

**कई मुकदमों पर काफी देरी देखी गईः** उन्होंने कहा कि मुकदमों में देरी कभी-कभी दशकों तक चल सकती है। हमने ऐसे मामले देखे हैं जहां विचाराधीन कैदी के रूप में वर्षों जेल में बिताने के बाद भी कोई निर्दोष पाया गया है। हमारी सर्वश्रेष्ठ प्रतिभाएं समस्याओं को सुलझाने में मदद कर सकती हैं।

**शक्तिशाली नहीं, ईमानदार को मेंटॉर बनाएं :** उन्होंने पास होने वाले छात्रों से आग्रह किया कि वे ऐसे मार्गदर्शक चुनें जिनमें शक्ति नहीं, बल्कि ईमानदारी हो।

### यह पेशा अकेलापन देने वाला

सीजेआई गवई ने कानूनी पेशे से जुड़ी मानसिक चुनौतियों, अकेलेपन और संरचनात्मक असमानताओं को लेकर खुलकर बात की। उन्होंने कहा कि यह पेशा अक्सर अकेलापन देने वाला और भावनात्मक रूप से थका देने वाला हो सकता है। काम के घंटे लंबे होते हैं। अपेक्षाएं बहुत अधिक होती हैं। आप केवल सफल होने का नहीं, बल्कि सफल दिखने का भी दबाव महसूस करेंगे। कई लोग अपनी परेशानियां छिपाते हैं। मैं आपसे आग्रह करता हूं कि ऐसा न करें।

## कोलकाता में फिर रेप, मामले ने पकड़ा तूल

# आईआईएम के बॉयज हॉस्टल में लड़की के साथ रेप, अरेस्ट

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल के इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट में आरोप लगा है एक सेकंड ईयर की लड़की के साथ बॉयज हॉस्टल में रेप किया गया। पुलिस ने एक संदिग्ध को गिरफ्तार भी किया है। पीड़िता ने बताया है कि काउंसलिंग सेशन के नाम पर उसे बॉयज हॉस्टल में बुलाया गया था। उसे कुछ चीज खाने की दी गई और पीने के लिए ड्रिंक भी मिली। वह बेहोश हो गई और जब होश में आई तो उसने खुद को हॉस्टल में पाया और उसे पता चला कि उसके साथ रेप हुआ है। आरोपी ने धमकी दी थी।



### बेटी के साथ कुछ नहीं हुआः पिता

इस मामले में पीड़िता के पिता ने कहा कि मेरी बेटी के साथ रेप या टॉर्चर जैसा कुछ नहीं हुआ। रात करीब 9:34 बजे उन्हें बेटी का कॉल आया था। लड़की ने बताया कि वह कार से गिर गई थी और कुछ देर तक बेहोश रही। उसने अपनी लोकेशन साझा नहीं की थी।


इसरो के मानव अंतरिक्ष मिशन की तैयारियां तेज, सिस्टम अलग-अलग चरणों और इंसान को सुरक्षित ले जाने की जरूरतों पर खरा उतरा

# गगनयान की उड़ान के लिए इंजन तैयार, मिशन एबॉर्ट परीक्षण सफल

एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने शनिवार को बताया कि उसने गगनयान मिशन के लिए सर्विस मॉड्यूल प्रोपल्शन सिस्टम (एसएमपीएस) का काम सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। इसके साथ ही इस सिस्टम के सभी जरूरी परीक्षण भी पूरे कर लिए गए हैं। शुक्रवार को इस सिस्टम का 350 सेकंड (करीब 6 मिनट) तक एक बड़ा परीक्षण किया गया। इसका मकसद यह देखना था कि अगर उड़ान के दौरान कोई गड़बड़ी हो जाए और मिशन को बीच में रोकना पड़े (जिसे 'मिशन एबॉर्ट' कहा जाता है), तो यह सिस्टम सही तरीके से काम करता है या नहीं।

*यह सिस्टम उस हिस्से को मदद करता है जो इंसानों को लेकर अंतरिक्ष में जाएगा। इसका काम रॉकेट को सही कक्षा (ऑर्बिट) में पहुंचाना, उड़ान के दौरान दिशा को नियंत्रित करना, जरूरत पड़ने पर रॉकेट की गति को धीमा करना और अगर कोई गड़बड़ी हो जाए तो मिशन को बीच में रोककर अंतरिक्ष यात्रियों को सुरक्षित वापस लाना है*



### प्रोपल्शन सिस्टम में दो इंजन लगे हुए


इस सिस्टम में दो खास तरह के इंजन काम करते हैं - लिक्विड एपोजी मोटर (एलएएम) रॉकेट को उसकी सही कक्षा में लाने और फिर धीरे-धीरे नीचे लाने में मदद करते हैं। रिएक्शन कंट्रोल सिस्टम (आरसीएस) रॉकेट की दिशा को बहुत सटीक तरीके से नियंत्रित करता है। इसरो ने बताया कि एसएमपीएस को अच्छे से परखने के लिए एक मॉडल तैयार किया गया, जिसे सिस्टम डेमोंस्ट्रेशन मॉडल (एसडीएम) कहा जाता है। इस मॉडल में वह सभी हिस्से शामिल थे जो असली सिस्टम में भी होंगे - जैसे ईंधन टैंक से ईंधन भेजने वाला सिस्टम, हीलियम गैस का दबाव बनाए रखने वाला सिस्टम, उड़ान में काम करने वाले छोटे-छोटे इंजन (थ्रस्टर)।

### 4 घंटे तक चले परीक्षण

*इस मॉडल पर इसरो ने 25 बार अलग-अलग तरह के परीक्षण किए - कुछ सामान्य हालातों में और कुछ मुश्किल हालातों में। ये सारे परीक्षण टेस्ट मिलाकर कुल 14,331 सेकंड (करीब 4 घंटे) तक चले। इनका मकसद यह देखना था कि यह सिस्टम गगनयान मिशन के अलग-अलग चरणों और इंसान को सुरक्षित ले जाने की जरूरतों पर खरा उतरता है या नहीं।*

दो तरह के ईंधन से चलाया

### प्रोपल्शन सिस्टम का प्रदर्शन सामान्य रहा



इसरो ने कहा कि हॉट परीक्षण के दौरान प्रोपल्शन सिस्टम का प्रदर्शन पूर्वानुमानों के अनुसार सामान्य रहा। गगनयान के सर्विस मॉड्यूल में एक खास सिस्टम लगाया गया है जो दो तरह के ईंधन से चलता है। यह सिस्टम उस हिस्से को मदद करता है जो इंसानों को लेकर अंतरिक्ष में जाएगा। इसका काम रॉकेट को सही कक्षा (ऑर्बिट) में पहुंचाना, उड़ान के दौरान दिशा को नियंत्रित करना है।

### कल लौटेंगे शुभांशु शुक्ला व अन्य यात्री

एक्सिओम स्पेस ने घोषणा की है कि उनकी मिशन की टीम 14 जुलाई 2025 को भारतीय समयानुसार शाम 4:35 बजे से पहले अंतरिक्ष स्पेस स्टेशन से अलग होगी। इस मिशन में शामिल भारतीय अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला भी पृथ्वी पर वापस लौटेंगे, जो भारत के लिए गर्व का क्षण है। घर वापसी से पहले मिशन के सदस्यों ने पार्टी की। ऐपेटाइज़र के लिए, सदस्यों ने रीहाइड्रेटेड श्रिम्प कॉकटेल और क्रैकर्स बनाए। मुख्य भोजन में चिकन और बीफ़ फजीटा शामिल थे। मीठी ब्रेड, कंडेंस्ड मिल्क और अखरोट से बने स्वादिष्ट केक के साथ रात का समापन किया।



## खबर संक्षेप

### मस्क के एक्स प्लेटफॉर्म की फ्रांस में जांच शुरू

**पेरिस।** फ्रांस की पुलिस ने एलन मस्क के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म



एक्स के खिलाफ जांच शुरू कर दी है। यह जांच डाटा से कथित छेड़छाड़ और धोखाधड़ी के आरोप में की जा रही है। पेरिस अभियोजक कार्यालय ने शुक्रवार को जांच शुरू करने की घोषणा की। कार्यालय ने बताया कि इस जांच को एक खास शाखा- फ्रांसीसी जेंडरमेरी कर रही है। जांच स्वचालित डाटा प्रोसेसिंग सिस्टम के कामकाज के साथ संगठित छेड़छाड़ और स्वचालित डाटा प्रोसेसिंग सिस्टम से संगठित धोखाधड़ी करके डाटा चोरी करने को लेकर की जा रही है।

### जनता बैंक घोटाला में पूर्व चेयरमैन गिरफ्तार

**ढाका।** बांग्लादेश की सबसे बड़ी वाणिज्यिक बैंक जनता बैंक के पूर्व



चेयरमैन और मशहूर अर्थशास्त्री अबुल बरकत को ढाका पुलिस की डिटेक्टिव ब्रांच ने गुरुवार रात गिरफ्तार कर लिया। उन पर लगभग 297 करोड़ टका (करीब 24.4 मिलियन डॉलर) के कर्ज घोटाले में शामिल होने का आरोप है। यह मामला एंटी करप्शन कमीशन ने 20 फरवरी को दर्ज किया था, जिसमें बरकत सहित 23 लोगों को नामजद किया गया है। उन्होंने और पूर्व बांग्लादेश बैंक गवर्नर ने अवैध रूप से कर्ज दिया।

अगले हफ्ते चीन के आधिकारिक दौरे पर जाएंगे विदेश मंत्री एस. जयशंकर

# संबंधों को सामान्य बनाने के साथ दुर्लभ धातुओं की रोक पर होगी चर्चा

एससीओ के विदेश मंत्रियों की परिषद की 15 जुलाई की बैठक में लेंगे भाग

*पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर 2020 के सैन्य गतिरोध के बाद दोनों देशों के बीच संबंधों के अत्यधिक तनावपूर्ण होने के बाद, जयशंकर की यह पहली चीन यात्रा होगी। पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और एनएसए अजीत डोभाल भी चीन की यात्रा पर जा चुके हैं। जयशंकर की यात्रा को दोनों देशों के बीच सामान्य संबंध बहाल करने की दिशा में एक और कदम माना जा रहा है*

एजेंसी ▶▶ बीजिंग

विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर अगले सप्ताह तियानजिन शहर में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के विदेश मंत्रियों की बैठक में भाग लेने के लिए चीन की यात्रा करेंगे। चीनी विदेश मंत्रालय ने यहां शनिवार को यह जानकारी दी। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने शनिवार को यहां एक बयान में कहा कि एससीओ के विदेश मंत्रियों की परिषद की बैठक 15 जुलाई को तियानजिन में होगी।

बयान में कहा गया है कि चीन की कम्युनिस्ट पार्टी के राजनीतिक ब्यूरो के सदस्य और विदेश मंत्री वांग यी के निमंत्रण पर, एससीओ के अन्य सदस्य देशों के विदेश मंत्री और संगठन के स्थायी निकायों के प्रमुख बैठक में भाग लेंगे।

मंत्री विभिन्न क्षेत्रों में एससीओ सहयोग और प्रमुख अंतरराष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय मुद्दों पर विचारों का आदान-प्रदान करेंगे। चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि एससीओ बैठक में भाग लेने के अलावा जयशंकर चीन की आधिकारिक यात्रा पर भी रहेंगे।

विभिन्न क्षेत्रों में एससीओ देश आपसी सहयोग सहित कई मुद्दों पर करेंगे चर्चा



फाइल फोटो

### वर्तमान में चीन एससीओ का अध्यक्ष

चीन वर्तमान में एससीओ का अध्यक्ष है और इसी हैसियत से वह इस समूह की बैठकों की मेजबानी कर रहा है। चीनी रक्षा मंत्री जनरल डोंग जुन के साथ अपनी वार्ता के दौरान सिंह ने 26 जून को प्रस्ताव दिया था कि भारत और चीन को एक रोडमैप के तहत जटिल मुद्दों को हल करना चाहिए, जिसमें सीमाओं पर तनाव कम करने और सीमांकन के लिए मौजूदा तंत्र को फिर से सुचारु करने के लिए कदम उठाना शामिल हैं।

### एससीओ में 10 सदस्य देश शामिल

एससीओ में 10 सदस्य देश चीन, रूस, भारत, ईरान, कजाकिस्तान, किर्गिस्तान, पाकिस्तान, ताजिकिस्तान, उज्बेकिस्तान और बेलारूस शामिल हैं। जयशंकर की चीन यात्रा के दौरान, भारत और चीन के बीच संबंधों को सामान्य बनाने की प्रक्रिया, ऑटोमोबाइल सहित कई उत्पादों के निर्माण के लिए आवश्यक दुर्लभ खनिजों के निर्यात पर चीनी रोक और अन्य द्विपक्षीय मुद्दों पर चर्चा होने की उम्मीद है।

### वांग भी इसी माह आएंगे

ऐसा माना जा रहा है कि वांग इस महीने सीमा विवाद पर विशेष प्रतिनिधि (एसआर) स्तरीय वार्ता के तहत एनएसए डोभाल के साथ बातचीत के एक नए दौर के लिए भारत भी आ सकते हैं। वांग और डोभाल दोनों ही सीमा तंत्र के नामित विशेष प्रतिनिधि हैं। दोनों देशों ने 3,488 किलोमीटर लंबे जटिल सीमा विवाद को सुलझाने के लिए विशेष प्रतिनिधि तंत्र के तहत 23 दौर की वार्ता की है, लेकिन कोई सफलता नहीं मिली। रक्षा मंत्री सिंह पिछले महीने एससीओ के रक्षा मंत्रियों के सम्मेलन में भाग लेने के लिए चीनी शहर चिंगदाओ गए थे।

### चीनी विदेश मंत्री से भी मिलेंगे

जयशंकर 13 जुलाई को बीजिंग में चीनी विदेश मंत्री वांग यी से भी मिलेंगे। पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर 2020 के सैन्य गतिरोध के बाद दोनों देशों के बीच संबंधों के अत्यधिक तनावपूर्ण होने के बाद, जयशंकर की यह पहली चीन यात्रा होगी। उनसे पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल भी चीन की यात्रा पर जा चुके हैं। जयशंकर की यात्रा को दोनों देशों के बीच सामान्य संबंध बहाल करने की दिशा में एक और कदम माना जा रहा है।

भारत-इंडोनेशिया सैन्य वार्ता संपन्न

# क्षेत्रीय शांति व स्थिरता के लिए दोहराई प्रतिबद्धता




एजेंसी ▶▶ बाली

भारत और इंडोनेशिया के बीच बाली में सैन्य स्तर की 11वीं वार्ता संपन्न हुई। यह 8 से 10 जुलाई 2025 तक आयोजित हुई थी। दोनों पक्षों ने द्विपक्षीय रक्षा सहयोग को मजबूत करने और क्षेत्रीय शांति व स्थिरता को बढ़ावा देने के लिए मजबूत साझेदारी पर जोर दिया। भारतीय सेना के जनसंपर्क निदेशालय ने बताया कि दोनों देशों की सेनाओं ने द्विपक्षीय और बहुपक्षीय अभ्यासों, मनोवैज्ञानिक अभियानों और जंगल व पहाड़ों में युद्ध प्रशिक्षण जैसे विषयों पर चर्चा की।

इस साल की शुरुआत में इंडोनेशिया के राष्ट्रपति प्रबोवो सुबिआंतो ने भारत का दौरा किया था और 76वें गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए थे। इस दौरान रक्षा सहयोग के क्षेत्र में कई अहम फैसले लिए गए थे।

### रक्षा उद्योग में बढ़ाएंगे सहयोग

रक्षा सहयोग में भारत-इंडोनेशिया समन्वित गश्त जैसी द्विवार्षिक गतिविधियां, सैन्य अभ्यास 'गरुड़ शक्ति', नौसेना अभ्यास 'समुद्र शक्ति' और 'मिलन', 'कोमोडो', 'तरंग शक्ति', 'सुपर गरुड़ शील्ड' जैसे बहुपक्षीय अभ्यास शामिल हैं। राष्ट्रपति प्रबोवो ने भारत के साथ घरेलू रक्षा निर्माण क्षमताओं को बढ़ाने में सहयोग की इच्छा भी जताई थी। भारत ने इंडोनेशिया के रक्षा आधुनिकीकरण कार्यक्रमों में सहायता देने के लिए अपने अनुभव और विशेषज्ञता साझा करने पर सहमति जताई थी। दोनों देशों ने रक्षा उद्योग में सहयोग को बढ़ाने के लिए संयुक्त रक्षा सहयोग समिति (जेडीसीसी) का उपयोग करने की प्रतिबद्धता दोहराई। साथ ही समुद्री सुरक्षा में सहयोग बढ़ाने की भी बात हुई, ताकि समुद्री मार्गों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

### कई उच्च स्तरीय मुलाकातें हुईं

हाल के महीनों में भारत-इंडोनेशिया के बीच कई उच्च स्तरीय मुलाकातें हुई हैं। मलेशिया में आयोजित आसियान के विदेश मंत्रियों की बैठक के दौरान भारत के विदेश राज्यमंत्री पबित्रा मार्गेरिटा ने इंडोनेशिया के विदेश मंत्री सुगियोनो से भेंट की थी। ब्रिक्स में शामिल होने पर पीएम नरेंद्र मोदी ने भी इंडोनेशिया के राष्ट्रपति का स्वागत किया। जून में भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने स्वीडन में इंडोनेशिया के चुनाव आयोग के प्रमुख से मुलाकत की थी। 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद भारत के सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल ने भी इंडोनेशिया में कई अहम बैठकें कीं, जिनमें वहां के उप विदेश मंत्री से मुलाकात शामिल थी।

मराठों की समृद्ध विरासत को दुनिया ने सराहा

# यूनेस्को की सूची में शामिल हुए 'मराठा मिलिट्री लैंडस्केप्स' किले

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

यूनेस्को की विश्व धरोहर समिति (डब्ल्यूएचसी) ने पेरिस में आयोजित अपने 47वें सत्र में शुक्रवार को भारत के 12 किलों को प्रतिष्ठित सूची में शामिल किया, जो मराठा शासकों द्वारा परिकल्पित असाधारण किलेबंदी और सैन्य प्रणाली का प्रतिनिधित्व करते हैं।

संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक तथा सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) में भारत के राजदूत और स्थायी प्रतिनिधि, विशाल वी. शर्मा ने कहा कि मराठों की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को अंतरराष्ट्रीय समुदाय ने मान्यता देकर सम्मानित किया है।

### 20 देशों के सामने रखा पक्ष



शर्मा ने बताया कि पेरिस स्थित अंतरराष्ट्रीय स्मारक एवं स्थल परिषद (आईसीओएमओएस) पहले नहीं चाहती थी कि इसे सूची में शामिल किया जाए। हमने 20 देशों के सदस्यों के साथ एक वीडियो कॉन्फ्रेंस में, उन्हें इसकी तकनीकी बातें समझाईं। हमने अपना पक्ष रखा और हम मामला जीत गए।

### 12 किले एवं दुर्ग को यह दर्जा दिया गया

मराठा शासकों के 12 किले एवं दुर्ग को यह दर्जा दिया गया, जिनमें महाराष्ट्र में साल्हेर किला, शिवनेरी किला, लोहगढ़, खंडेरी किला, रायगढ़, राजगढ़, प्रतापगढ़, स्वर्णदुर्ग, पन्हाला किला, विजय दुर्ग और सिंधुदुर्ग और तमिलनाडु में जिंजी किला शामिल हैं जो 17वीं और 19वीं शताब्दी के बीच के हैं।

म्यांमार में बौद्ध मठ पर बमबारी

# 4 बच्चों समेत 23 की मौत, 30 घायल, 10 की हालात गंभीर

एजेंसी ▶▶ बैंकॉक

म्यांमार के सागाइंग कस्बे के लिन ता लू गांव स्थित एक बौद्ध मठ पर गुरुवार की रात जमकर हवाई हमले किए गए। मठ परिसर में शरण लिए 23 लोगों की मौत हो गई, जबकि 30 लोग घायल हो गए। इनमें से 10 की हालत गंभीर है।

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, एक इमारत पर रात 1 बजे बम गिराया गया, जहां 4 बच्चों समेत 23 लोग मारे गए। क्षेत्र में लड़ाई से बचने के लिए आसपास के गांवों के 150 से अधिक लोगों ने शरण ली हुई थी। म्यांमार की स्वतंत्र डेमोक्रेटिक



वॉयस ऑफ बर्मा ने बताया, मृतक संख्या 30 तक हो सकती है। सेना ने घटना पर टिप्पणी नहीं की है। दरअसल, फरवरी 2021 में सेना द्वारा आंग सान सू की की निर्वाचित सरकार से सत्ता हथियाने और गृह युद्ध शुरू होने के बाद से म्यांमार उथल-पुथल में है।

मेक्सिको और यूरोपीय संघ पर फूटा यूएस राष्ट्रपति ट्रंप का टैरिफ बम

# 30 प्रतिशत टैक्स लगाने का किया ऐलान, 1 अगस्त से हो जाएगा लागू

एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शनिवार को मेक्सिको और यूरोपीय संघ पर अपना टैरिफ बम फोड़ दिया है। ट्रंप ने मेक्सिको और यूरोपीय संघ के लिए नए टैरिफ को लेकर पत्र जारी किया है। उन्होंने घोषणा की है कि अगले महीने की शुरुआत से यानी 1 अगस्त से मेक्सिको और यूरोपीय संघ से इंपोर्ट होने वाले सभी सामानों पर अमेरिका में 30 प्रतिशत टैरिफ लागू किया जाएगा जो अन्य सभी सेक्टोरल टैरिफ से अलग होगा।



### मेक्सिको ने पर्याप्त मदद नहीं की

डोनाल्ड ट्रंप ने मेक्सिको के राष्ट्रपति क्लाउडिया शिनबाम पार्डो को भेजे गए पत्र में लिखा कि मेक्सिको ने अमेरिका में अवैध प्रवासियों और 'फेंटेनाइल' के प्रवाह को रोकने में मदद की है। हालांकि, मेक्सिको ने उत्तरी अमेरिका को 'नार्को-तस्करी के मैदान' में बदलने से रोकने के लिए पर्याप्त कदम नहीं उठाए हैं। ट्रंप ने यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेन को भेजे पत्र में लिखा कि जो सामान उच्च दरों पर बचने के लिए ट्रांसशिप की जाएगी, उन पर उतना ही उच्च टैरिफ लागू किया जाएगा।

### क्यूबा के राष्ट्रपति पर लगाया बैन

*अमेरिका ने शुक्रवार को क्यूबा के राष्ट्रपति मिगुएल डियाज-कैनेल, रक्षा मंत्री आल्वारो लोपेज मिएरा और गृह मंत्री लाजारो अल्वारेज कासास पर मानवाधिकार उल्लंघन के आरोप में प्रतिबंध लगा दिए हैं। अमेरिका ने इन नेताओं की वीजा तक पहुंच भी सीमित कर दी है। यह कदम जुलाई 2021 में हुए क्यूबा के बड़े विरोध प्रदर्शनों की वर्षगांठ पर उठाया गया है।*

कपिल शर्मा को खालिस्तानी आतंकी पन्नू की धमकी

# कनाडा तुम्हारा खेल का मैदान नहीं खून की कमाई हिन्दुस्तान ले जाओ

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कॉमेडियन कपिल शर्मा के कनाडा स्थित कैफे पर फायरिंग के मामले में कनाडा पुलिस जांच कर रही है। शुरुआती जांच में खालिस्तानी समर्थक के शामिल होने की आशंका जताई गई है। इस बीच खालिस्तानी संगठन सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) के संस्थापक गुरपतवंत सिंह पन्नू ने धमकी भरा वीडियो जारी किया है। पन्नू ने वीडियो मैसेज जारी कर कहा कि कनाडा तुम्हारा खेल का मैदान नहीं है। अपनी खून की कमाई वापस हिन्दुस्तान ले जाओ। उसने कपिल शर्मा पर हिन्दुत्व विचारधारा फैलाने का आरोप लगाया। पन्नू ने कहा कि कनाडा इस तरह की सोच को अपने देश में बढ़ने नहीं देगा। उसने पूछा कि क्या कैपस कैफे कॉमेडी का अड्डा है या हिन्दुत्व फैलाने की साजिश का हिस्सा? बता दें, कपिल शर्मा ने 4 जुलाई को ब्रिटिश कोलंबिया के सरे शहर में अपना कैफे खोला था।

■ कपिल पर हिन्दुत्व विचारधारा फैलाने का आरोप



वायरस या हैकिंग ठीक करने के लिए माइक्रोसॉफ्ट का कर्मचारी बताते थे

# नोएडा के फ्रॉड कॉल सेंटर से ठगी करने के मामले में दो गिरफ्तार

एनसीए, सीबीआई और एफबीआई का संयुक्त अभियान

*अमेरिका में माइक्रोसॉफ्ट ने दी थी संदिग्ध गतिविधि की सूचना, ब्रिटेन की जांच एजेंसी ने सीबीआई के प्रयासों की सराहना की*

एजेंसी ▶▶ लंदन

ब्रिटेन की नेशनल क्राइम एजेंसी (एनसीए) ने भारत की केंद्रीय जांच एजेंसी (सीबीआई) और अमेरिका की एफबीआई (एफबीआई) के साथ मिलकर नोएडा में चल रहे एक फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़ किया है। इस कॉल सेंटर से ब्रिटेन और अमेरिका के लोगों को निशाना बनाकर लाखों पाउंड की ठगी की गई थी। इस अंतरराष्ट्रीय जांच की शुरुआत पिछले साल हुई थी जब माइक्रोसॉफ्ट ने अमेरिका में अपने तकनीकी विशेषज्ञों के जरिए एक संदिग्ध गतिविधि की जानकारी दी। यह जानकारी अमेरिका में मौजूद एनसीए के इंटरनेशनल ऑफिसर्स को मिली, जिन्होंने इसे ब्रिटेन की एक्शन फ्रॉड रिपोर्ट्स से मिलाया। इसके बाद सीबीआई, एनसीए और एफबीआई के बीच आपसी सूचनाओं का आदान-प्रदान हुआ, जिससे जांच को आगे बढ़ाया गया।




### 100 से अधिक लोगों को धोखा दिया

*सीबीआई की त्वरित कार्रवाई के बाद दो लोगों को नोएडा से गिरफ्तार किया गया। जांच में सामने आया कि इस गैंग ने ब्रिटेन में 100 से अधिक लोगों को धोखा दिया था। उनसे कहा गया कि उनके कंप्यूटर में वायरस या हैकिंग हो गई है, जिसे ठीक करने के लिए माइक्रोसॉफ्ट के कर्मचारी उनसे शुल्क मांगते थे। असल में ये लोग माइक्रोसॉफ्ट से जुड़े नहीं थे बल्कि ठग थे।*

### अंतरराष्ट्रीय सहयोग से मिली सफलता

*एनसीए के डिप्टी डायरेक्टर निक शार्प ने कहा कि यह सफलता इस बात को साबित करती है कि जब दुनिया की एजेंसियां और निजी कंपनियां मिलकर काम करती हैं, तो हम कहीं भी बैठे अपराधियों तक पहुंच सकते हैं। वहीं माइक्रोसॉफ्ट के डिजिटल क्राइम्स यूनिट के कानूनी सलाहकार स्टीवन मसादा ने कहा कि तकनीकी फ्रॉड को रोकने के लिए सरकारी और निजी क्षेत्रों का मिलकर काम करना जरूरी है। तभी हम ऐसे रैकेट को खत्म कर सकते हैं। इस मामले में ब्रिटेन के फ्रॉड मामलों के मंत्री लॉर्ड डेविड हैंसन ने कहा, फ्रॉड एक वैश्विक समस्या है।*


### ब्रिटेन में 3.9 लाख पाउंड की ठगी

केवल ब्रिटेन में इस गिरोह ने अब तक करीब 3.9 लाख पाउंड (लगभग 4 करोड़ रुपए) की ठगी की है। ठगों ने फर्जी स्क्रीन पॉप-अप और कॉल्स के जरिए लोगों को डराया और फिर उनसे पैसे वसूले। ठगों ने अपनी पहचान छिपाने के लिए स्पूफ्ड कॉल्स, इंटरनेट टेलीफोन (वीओआईपी), और कई देशों के सर्वरों का इस्तेमाल किया।

एआई अब केवल विशिष्ट ही नहीं लगभग हर क्षेत्र में अपनी पैठ बढ़ा रहा है। लेकिन इसके पॉजिटिव के बजाय मिसयूज होने की आशंका से पूरी दुनिया के लोग चिंतित हैं। यही वजह है कि एआई यूज करने को लेकर कुछ ग्लोबल रूल्स-रेग्यूलेशंस डिसाइड करने के उद्देश्य से जापान में सम्मेलन होने जा रहा है। इस सम्मेलन के मुख्य उद्देश्य और चुनौतियों पर एक नजर।

# अब जल्द डिसाइड होंगे एआई यूज करने के रूल्स




कवर स्टोरी
लोकमित्र गौतम

आगामी 27 से 29 जुलाई 2025 तक टोक्यो (जापान) में एआई (आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस) को लेकर तीन दिवसीय सम्मेलन होने जा रहा है। उम्मीद की जा रही है कि इस सम्मेलन में मानव समाज के लिए एआई के इस्तेमाल की निर्णायक दिशा तय होगी।

## पहले भी होते रहे हैं प्रयास

साल 2010 से ही पश्चिमी दुनिया में एआई के मानव जीवन में इस्तेमाल को लेकर जबर्दस्त नैतिक दुविधा का वातावरण रहा है। इसलिए सन 2010 में दुनिया भर की सरकारें, अंतरराष्ट्रीय संगठन और शोध संस्थान मानव केंद्रित एआई के इस्तेमाल के बीच सिद्धांतों की दिशा तय करने के लिए लगातार विचार और विमर्श की एक श्रंखला प्रसारित करते रहे हैं। साल 2010 से शुरू हुए इस व्यापक विचार-विमर्श ने 2021 में यूरोपीय आयोग के उस आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस एक्ट का मसौदा प्रकाशित करने तक के सफर को पूरा किया, जहां से यह तय होना शुरू हुआ कि अंततः एआई को मानव समाज के लिए वर्गीकृत कर लिया जाए और इसकी सुरक्षा, पारदर्शिता तथा जवाबदेही को अलग-अलग दायित्वों के साथ जोड़ा जाए। अमेरिका में 2022 का एल्गोरिद्म जवाबदेही अधिनियम, फरवरी 2022 में कांग्रेस के दोनों सदनों में पेश किया गया था। इसके बाद जून 2022 में कनाडा ने आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस और डेटा एक्ट का प्रस्ताव रखा, जिसमें उच्च प्रभाव वाली एआई प्रणालियों के बारे में जोखिम प्रबंधन और सूचना प्रकटीकरण अनिवार्य कर दिया गया। जापान ने 2023 के जी-7 शिखर सम्मेलन के दौरान एआई के लिए मानव केंद्रित दृष्टिकोण पर चर्चा करने की उम्मीद की और अब अंततः जापान में ही आगामी जुलाई माह में तीन दिनों तक एआई को लेकर जो एक विशद सम्मेलन आयोजित हो रहा है, उसका उद्देश्य एआई के इस्तेमाल की दिशा तय करना है।



## इन मुद्दों पर होगी चर्चा

वास्तव में यह सम्मेलन मानव केंद्रित एआई सिद्धांतों की समीक्षा करेगा- मसलन वैश्विक एआई नीति ढांचों में गहराई से विचार-विमर्श किया जाएगा, ताकि मानव गरिमा, विविधता, समावेश और पारदर्शिता मुख्य मुद्दे के रूप में गहन विचार-विमर्श के केंद्र में रहें। यूरोप, जापान, ओईसीडी तथा जी-7 जैसे संगठनों के बीच विचारों के आदान-प्रदान पर जोर होगा ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि एआई वैश्विक रूप से अनुकूल और एकीकृत दिशा ले सके। इस सम्मेलन में सिर्फ सिद्धांतों तक बात सीमित नहीं रहेगी बल्कि तकनीकी सुरक्षा पर भी फोकस होगा। तकनीकी जोखिम जैसे बायस, एलाइनमेंट, आउटपुट के स्पष्टीकरण इत्यादि की भी केंद्रीय चर्चा होगी। सबसे ज्यादा इस बात पर जोर दिया जाएगा कि इंसानी समाज के नजदीकी नैतिक मुद्दों के साथ-साथ भविष्य की चिंताओं जैसे मानव-समान बुद्धिमत्ता और चेतना जैसी जटिल स्थितियां भी विचार में रहेंगी। अगर यह कहा जाए कि अंततः यह सम्मेलन एआई के इस्तेमाल की निर्णायक दिशा तय करेगा या उस दिशा की ओर आगे बढ़ेगा, तो गलत नहीं होगा।

## कुछ नियम होंगे निर्धारित

यह जरूरी नहीं है कि इस सम्मेलन के बाद एआई से संबंधित कोई वैश्विक नियम लागू हो ही जाए कि एआई का इस्तेमाल इस नियम के तहत किया जाएगा। हो सकता है अभी यहां तक बात न पहुंचे, लेकिन इस सम्मेलन से यह तय होगा कि एआई किन क्षेत्रों को प्रोत्साहित करेगी। मसलन स्वास्थ्य, शिक्षा, सतत विकास, जैसे मानव हितैषी क्षेत्रों में एआई का किस तरह ज्यादा से ज्यादा सकारात्मक इस्तेमाल करके मानव समाज को बेहतर बनाया जाए। इस सम्मेलन में यह भी तय होगा कि एआई का उपयोग हथियारों को घातक बनाने, इंसान की सूक्ष्म निगरानी करने या उसके विरुद्ध अमानवीय प्रयोगों में न किया जाए। इसके लिए सिर्फ रोक-टोक भर काफी नहीं होगी बल्कि स्पष्ट रूप से नियम बनाए जाएंगे और कड़े से कड़े नैतिक सवालों से उन्हें घेरा जाएगा।




## एआई विकास की दिशा तय होगी

सवाल है आखिर किन मूल्यों के आधार पर भविष्य में एआई का विकास हो और उसके इस्तेमाल की दिशा तय हो? सुनिश्चित रूप से अभी तक इस सम्मेलन की जो विमर्शगत थीम तैयार हुई है, उसके मुताबिक इस सम्मेलन में एआई की पारदर्शिता, उसकी जवाबदेही, मानव गरिमा और अधिकारों का सम्मान तथा विविधता व समावेशिता के नियमों पर कड़ाई से एआई को खरा उतरना पड़ेगा। इस बात पर पूरी दुनिया के बीच एक निर्णायक समझ बनेगी। यह सम्मेलन एआई तकनीकी विकास की भी दिशा तय करेगा। मसलन, ऐसी तकनीक विकसित होगी, जिसका उद्देश्य मानव समाज के व्यापक हित में हो और जिसके विकास का निर्णय समझाया जा सके। इस सम्मेलन में बायस फ्री एआई यानी ऐसी आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के प्रति सहमति बनेगी, जिसमें पहले से कोई पूर्वग्रह न हो और हां, अंतिम रूप से यह तय किया जाएगा कि एआई का अंतिम नियंत्रण मनुष्य के हाथ में रहे, एआई के हाथ में मनुष्य का नियंत्रण न जाए। यह सम्मेलन विभिन्न देशों, विभिन्न टेक्नो कंपनियों और समाज के बीच क्या सही है, क्या गलत है, इस पर अंतिम रूप से अपनी निर्णायक सोच विकसित करेगा ताकि भविष्य में एआई का इस्तेमाल बेतरतीब न हो बल्कि यह नैतिक और जिम्मेदारी के नियंत्रण में रहे। कुल मिलाकर यह सम्मेलन मानव केंद्रित एआई विकास, वैश्विक नैतिक दिशा निर्देश, तकनीकी सुरक्षा और एआई को लेकर एक दीर्घकालिक समझ को विकसित करेगा। *

### कई वजहों से महत्वपूर्ण होगा यह सम्मेलन

**अगर कहा** जाए कि होने वाला यह सम्मेलन मानव समाज के लिए अंततः एआई के इस्तेमाल की दिशा तय करेगा, इसके लिए कानून भले न बनाए, लेकिन नीति, प्राथमिकता और नैतिक दिशा तय करेगा, तो गलत नहीं होगा। वास्तव में यह सम्मेलन इसीलिए बहुत महत्वपूर्ण है क्योंकि- इसमें नीति और नवाचार के बीच सेतु बनाया जाएगा। इस सम्मेलन में एआई को लेकर जारी वैश्विक दिशा में जापान की अपनी भागीदारी बढ़ेगी। तकनीकी संरक्षण और नैतिक शासन के दृष्टिकोण से जापान को भी केंद्रीय भूमिका निभाने के लिए अवसर इस सम्मेलन के जरिए हासिल होगा। साथ ही इस सम्मेलन में स्वतंत्र अनुसंधानों और मल्टी स्टेकहोल्डरों की दृष्टि साझी होगी। मतलब यह कि यह सम्मेलन सिर्फ सरकार या तकनीकी विशेषज्ञों तक सीमित नहीं रहेगा बल्कि उद्योग जगत, शिक्षाविद और नागरिक समाज के प्रतिनिधि भी इस सम्मेलन के जरिए इसमें निर्णायक हस्तक्षेप करेंगे।

फ्यूचर प्लानिंग / शैलेंद्र सिंह

# बहुत जल्द अंतरिक्ष में होगा इंडियन स्पेस स्टेशन

फिलहाल आईएसएस और चीन के स्पेस स्टेशन अंतरिक्ष में एक्टिव हैं। इनके अलावा जल्द ही भारत का अपना स्पेस स्टेशन भी स्पेस में पहुंच जाएगा। इसकी प्लानिंग और खासियतों पर एक नजर।



अब से दो वर्ष पहले 23 अगस्त 2023 को जब भारत, चंद्रयान-3 को चंद्रमा के दक्षिण ध्रुव पर सॉफ्ट लैंडिंग कराने वाला दुनिया का पहला देश बना था, उसके पहले किसी को यह उम्मीद नहीं थी कि भारत जैसा देश भी आने वाले एक दशक के भीतर स्पेस में अपना अंतरिक्ष स्टेशन बनाने की भी घोषणा कर सकता है। लेकिन जब हम चांद पर सॉफ्ट लैंडिंग कराने में सफल हुए, उसके बाद यह घोषणा की थी। अब किसी को इस बारे में आशंका नहीं रह गई है कि निकट भविष्य में भारत, अंतरिक्ष में अपना स्पेस स्टेशन बना लेगा।

**तीन साल बाद होगा लांच:** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने साल 2028 तक भारत का पहला अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन लांच करने का ऐलान किया है। उसके मुताबिक 2028 में लांच होने वाला मॉड्यूल एक रोबोटिक मॉड्यूल होगा यानी, एक ऐसा उपग्रह जहां हम डॉक कर सकते हैं, प्रयोग कर सकते हैं और वापस आ सकते हैं। लेकिन इंसान का अंतरिक्ष स्टेशन पर जाना साल 2035 के बाद ही संभव होगा।

**कुछ ऐसा था पहला आईएसएस:** अंतरिक्ष स्टेशन (एसएस) पृथ्वी की निचली कक्षा में एक मॉड्यूलर स्पेस स्टेशन या रहने योग्य कृत्रिम उपग्रह होता है। दुनिया का पहला अंतरिक्ष स्टेशन साल्युट 1 था, जिसे तत्कालीन सोवियत संघ (अब मुख्य तौर पर रूस) ने 19 अप्रैल 1971 को कजाकिस्तान के बायकोनूर कॉसमोड्रोम से लांच किया था। यह अंतरिक्ष स्टेशन करीब 20 टन वजनी और बेलनाकार था। इसकी लंबाई 12 मीटर और चौड़ाई 4.25 मीटर थी। सिंगल डॉकिंग पोर्ट वाला यह स्टेशन, तीन कार्यशील खंडों में विभाजित था। इसके भेजने का मुख्य मकसद लंबी अवधि की अंतरिक्ष यात्रा में इंसान के शरीर पर पड़ने वाले प्रभावों का अध्ययन करना और अंतरिक्ष से पृथ्वी की निरंतर तस्वीरें लेना था।


दुनिया का पहला एसएस साल्युट-1

**अभी एक्टिव हैं दो एसएस:** अभी तक पृथ्वी की निचली कक्षा में पूरी तरह से कार्यरत दो अंतरिक्ष स्टेशन मौजूद हैं। पहला आईएसएस (अंतरराष्ट्रीय स्पेस स्टेशन) और दूसरा चीन का तियांगोंग अंतरिक्ष स्टेशन यानी टीएसएस। वर्तमान में जो कार्यरत अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन है, उसे 20 नवंबर 1998 को लांच किया गया था। अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा के नेतृत्व में संचालित यह स्पेस स्टेशन एक बहुराष्ट्रीय सहयोग से संचालित परियोजना है। इसमें 5 देशों की अंतरिक्ष एजेंसियां भागीदार हैं। अमेरिका की नासा (नेशनल एयरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन), रूस की रोस्कोस्मोस, जापान की जेएएक्सए (जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी), यूरोप की ईएसए (यूरोपीय स्पेस एजेंसी) और कनाडा की सीएसए (कनाडियन स्पेस एजेंसी)। इस स्पेस स्टेशन में छह भाग हैं, जिसमें दो बाथरूम, एक जिम और एक 360 डिग्री का दृश्य दिखाने वाली खिड़की। नासा के मुताबिक इस अंतरिक्ष स्टेशन की माप करीब 109 मीटर है। इसे 1984 और 1993 के बीच डिजाइन किया गया था। साल 2000 से इस अंतरिक्ष स्टेशन में दुनिया के अलग-अलग देशों के एस्ट्रोनॉट्स ने रहना शुरू किया। ये अंतरिक्ष यात्री यहां रहकर दूसरे ग्रहों की स्टडी और विभिन्न तरह के दूसरे प्रयोग करते हैं। मौजूदा आईएसएस धरती से करीब 400 किलोमीटर की ऊंचाई पर रहकर पृथ्वी के चक्कर काटता है। इसकी रफ्तार 28 हजार किलोमीटर प्रतिघंटा है, जिससे यह महज 90 मिनट में धरती का एक चक्कर पूरा कर लेता है।

आईएसएस के अलावा अंतरिक्ष में जो दूसरा अंतरिक्ष स्टेशन मौजूद है, वह चीन का तियांगोंग है। यह एक स्थाई अंतरिक्ष स्टेशन है, जिसकी लंबाई 55 मीटर या 180 फीट है। इसमें तीन मॉड्यूल हैं, जिसमें एक कोर मॉड्यूल है, जहां छह अंतरिक्ष यात्री रह सकते हैं। इसके अलावा चीन के इस अंतरिक्ष स्टेशन में 3,884 क्यूबिक फुट या 110 क्यूबिक मीटर के दो मॉड्यूल हैं। चीन का अंतरिक्ष स्टेशन, नासा के नेतृत्व वाले इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन से छोटा है। यह पृथ्वी से 450 किमी तक कक्षीय ऊंचाई पर काम करता है।

**ऐसा होगा इंडियन स्पेस स्टेशन:** इसरो ने अपनी इस महत्वाकांक्षा का खुलासा साल 2019 में ही कर दिया था और तब ही ऐलान भी किया था कि अगले 20 से 25 सालों में भारत का अंतरिक्ष में अपना बेस होगा। कहने का मतलब यह कि अंतरिक्ष स्टेशन इसरो के फ्यूचर प्लान में काफी पहले से शामिल रहा है। इसरो के मुताबिक प्रस्तावित अंतरिक्ष स्टेशन के पहले मॉड्यूल का वजन 8 टन होगा, जिसका वजन बाद में 20 टन का भी हो सकता है। इसमें एक साथ 4 से 5 एस्ट्रोनॉट्स रह सकेंगे और इसे पृथ्वी की सबसे निचली कक्षा में रखा जाएगा, जिसे एलईओ (लोअर अर्थ ऑर्बिट) कहते हैं और यह धरती से 400 किलोमीटर दूर स्थित है। भारत अपने गगनयान मिशन को भी पृथ्वी के लोअर आर्बिट में ही भेजने वाला है, वहीं पर इसरो का अपना स्पेस सेंटर भी स्थापित होगा। भारत सरकार ने इसके लिए जरूरी फंड कई साल पहले जारी कर दिया था। *




गजल
अवतार सिंह अक्षरजीवी

## सच बोलने वाले

सच बोलने के खतरे बहुत हैं
सच बोलने वाले मरते बहुत हैं
सब जानते हैं फिर भी सच
कहते हैं कम, डरते बहुत हैं
न देखा न सुना जाता है ये
हौव्वा है इससे छुपते बहुत हैं
गिर गया तो उठाता नहीं कोई
सच से लोग हिचकिचाते बहुत हैं
ठहाकों में कभी छुपाते हैं लोग
सच कहने वाले पे हंसते बहुत हैं
सच बोलने वाले गिनती के हैं बस
झूठ पर जीने वाले मिलते बहुत हैं

लघुकथा / गीता सिंह

# बांझिन का घर



सुजाता अपने सास-ससुर के लिए चाय-नाश्ता बना रही थी, जो बस थोड़ी देर पहले ही आरा से पटना आए थे। सुजाता के सास-ससुर अपनी पोती से मिलने के लिए अकसर आरा से पटना आ जाया करते थे। बेटे की शादी के काफी सालों बाद उन्हें दादा-दादी बनने का सौभाग्य जो प्राप्त हुआ था।

रविवार की छुट्टी थी। सुजाता का पति समीर आज घर पर ही था। वह सोफे पर बैठा हुआ टीवी देख रहा था। पास ही तीन साल की बेटी बिट्टो भी अपने खिलौनों से खेल रही थी। बीच-बीच में वह अपने पापा से टीवी पर कार्टून चैनल लगाने की जिद्द भी करती, लेकिन समीर बिट्टो को झिड़क देता। बच्ची डरकर शांत बैठ जाती या रोते हुए अपनी मम्मी के पास पापा की शिकायत लेकर पहुंच जाती। सुजाता, बेटी को कभी प्यार तो कभी गुस्से से समझाकर वापस खेलने के लिए भेज देती।

तभी सुजाता ने समीर को आवाज लगाई, 'चाय-नाश्ता तैयार हो गया है। टीवी बंद कर मम्मी-पापा के कमरे में चले जाइए। आप भी वहीं बैठकर उनके साथ नाश्ता कर लीजिए।'

समीर अनमने मन से टीवी बंद करके दूसरे कमरे में मम्मी-पापा के पास चला गया। कमरे में घुसते ही वहां का हाल देखकर झल्लाते हुए बोला, 'बिट्टो तो घर में कोई सामान जगह पर नहीं रहने देती। सब सामान इधर-उधर फैलाती रहती है। बेड का हाल तो देखो जरा, कितनी बुरी हालत हो रही है। उफ्फ! बेडशीट पर इतनी सिलवटें हैं, कितनी गंदी हो गई है। कभी घर साफ ही नहीं रहता।'


इस बात पर सुजाता कुछ बोलती, उससे पहले उसकी सासू मां बोल पड़ीं, 'अरे, बच्चे वाला घर है, किसी बांझ-बांझिन का घर थोड़ी न है, जो हरदम साफ रहेगा।' उन्होंने ऐसा बोलकर अपने बेटे को तो शांत कर दिया, किंतु सुजाता के भीतर घोर अशांति फैला दी। उसका मन अशांत होता भी क्यों नहीं? आखिर सुजाता के मन-मस्तिष्क पर जमे कुछ शब्दों के अर्थ आज सामने जो थे।

बरसों से करीने से सजे साफ-सुथरे घर रखने पर तब जो तारीफ सुजाता को दूसरों से मिला करती थी, सासू मां मौजूद होने पर थोड़ा मुस्कुराते हुए हमेशा यही बात बोला करती थीं, 'घर तो साफ रहेगा ही...।'

सासू मां इतना बोलकर चुप हो जाती थीं। सुजाता को तब लगता कि शायद सासू मां उसकी तारीफ में ऐसा बोला करती हैं। ...लेकिन आज उन्होंने पूरी बात बोलकर, उन शब्दों के अर्थ अनजाने में ही सुजाता के सामने प्रकट कर दिए थे- 'घर तो साफ रहेगा ही... बांझिन का घर जो ठहरा...' *

पुस्तक चर्चा / विज्ञान भूषण

# आत्मीय ऊष्मा से भीगे संस्मरण




कवयित्री और कथाकार आरती 'आस्था' के द्वारा लिखे गए दस संस्मरणों की किताब 'उनसे मिले जैसे जिंदगी से मिले' हाल में छपकर आई है। इनमें एक तरफ जहां उनके निजी जीवन की छवियां उजागर होती हैं, वहीं आज के संवेदनहीन होते जा रहे समय में भावनात्मक संबंधों की अत्यंत सघन अनुभूतियां, मन को आश्वस्त करती हैं कि अब भी दुनिया में बहुत कुछ सुंदर और संजोने लायक बचा हुआ है। इनमें राजेंद्र राव, ओम निश्चल, कृष्ण बिहारी, विनोद श्रीवास्तव, पंकज चतुर्वेदी और आशीष शुक्ला जैसे साहित्यकारों के सान्निध्य में अर्जित अनुभूतियों को लेखिका ने मार्मिकता के साथ शब्दों में पिरोया है। इनके अलावा कुछ ऐसे स्नेही स्वजनों के प्रति भी उन्होंने शाब्दिक कृतज्ञता अर्पित की है, जिन्होंने जीवन के कठिन समय में उन्हें संबल दिया। शिल्पगत कृत्रिमता से मुक्त, सहज भाषा में लिखे गए ये संस्मरण मन में ठहर जाते हैं। वास्तव में ईमानदारी और सहजता ही इन संस्मरणों का सौंदर्य है, जो पारंपरिक संस्मरण विधा की बनी-बनाई परिधि से इतर इन संस्मरणों को अलग पहचान प्रदान करता है। प्रख्यात साहित्यकार यश मालवीय ने पुस्तक की भूमिका में उचित ही लिखा है, 'पृष्ठ-पृष्ठ पर जैसे यादों का लोहबान जल रहा है। आत्मीय ऊष्मा से नहा गया है मन।' *

**पुस्तक:** उनसे मिले जैसे जिंदगी से मिले, **लेखिका:** आरती 'आस्था', **मूल्य:** 180 रुपए, **प्रकाशक:** सर्व भाषा ट्रस्ट, दिल्ली

इंजेक्शन की नवीन तकनीक से स्पाइन रोगों का उपचार

सर्जरी के बिना ही सिर्फ इंजेक्शन तकनीक के जरिये स्पाइन (रीढ़) रोगों का बेहतर और विश्वसनीय उपचार विश्वविख्यात डॉ. प्रमोद पहारिया द्वारा ग्वालियर में हो रहा है। आईये जानते हैं इस तकनीक के असाधारण लाभ-


मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश ने डॉ. प्रमोद पहारिया को प्राईड ऑफ एम.पी. अवार्ड दिया।

इस ट्रीटमेंट की कितनी बार आवश्यकता होती है?
सिर्फ एक ही बार पर्याप्त है।

सर्जरी की अपेक्षा इस तकनीक के क्या फायदे हैं?
सर्जरी के दौरान पैरालिसिस, पैलाप्लेजिया, ब्लैडर एवं बोवेल के कंट्रोल में क्षति, पैरों में कमजोरी, इंफेक्शन, इंप्लांट फैलियर जैसे जो कॉम्पिलकेशन देखने को मिलते हैं, वैसा इसमें खतरा नहीं है।

किन मरीजों का इलाज इस तकनीक से संभव है?
डिस्क प्रोलेप्स जैसे L4-L5, L5-S1, साइटिका, लंबर या सर्वाइकल रेडीक्युलोपैथी, डिजरनेरेटिव डिस्क, फैसिट जॉइन्ट सिंड्रोम, माइलोपैथी, लंबर कैनाल स्टेनोसिस, स्पॉन्डिलाइटिस आदि में कारगर है।

जो रोगी ऑपरेशन करवा चुके हैं उसमें भी यह कारगर है ?
यदि ऑपरेशन के बाद दबाव बना रहता या दोबारा दबाव आ जाता है तो उसमें भी यह तकनीकी कारगर है।

किस उम्र के लिये यह चिकित्सा है?
15 से 85 वर्ष के मरीजों के लिये।

एक डिस्क लेवल के ट्रीटमेंट में कितना खर्च आता है?
स्पाइन सर्जरी में जहां 3 लाख तक का खर्चा आता है वहीं यह उपचार मात्र 20000 तक में हो जाता है। विदेशों में इसका खर्च 50 गुना तक है।

कितने समय में रोगी घर जा सकता है?
एक घण्टे बाद ही घर जा सकता है। जबकि सर्जरी में 3 माह तक रोगी को अपने काम से अलग रहकर आर्थिक क्षति उठाना पड़ती है।

इस ट्रीटमेंट की सफलता की दर कितनी है?
90 से 95% सफल है। अब तक लगभग 7,500 मरीज हमेशा के लिए ठीक हो चुके हैं। यह इंजेक्शन प्रॉब्लम साइट में लगाया जाता है।

इस ट्रीटमेंट का असर कब तक रहता है?
इसमें जड़ से इलाज होता है।

क्या यह स्टेरॉइड इंजेक्शन है?
नहीं, यह एक भ्रम है। यह एक सेफ अमेरिकन प्रोसीजर है, जो एक **विशेष मशीन** की निगरानी में किया जाता है।

Advt...

NBC@

डॉ. प्रमोद पहारिया
स्पाइन सर्जन
MBBS, D.Ortho, DNB, M.Ch. (Ortho)
पूर्व सर्जन- सर गंगाराम हॉस्पिटल एवं इंडियन स्पाइनल इंज्यूरी सेन्टर, नई दिल्ली
देहली हॉस्पीटल, ओल्ड श्री टॉकीज, बारादरी, मुरार, ग्वालियर (म.प्र.)
समय: दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक
व्हाट्सएप पर रिपोर्ट भेजकर ही संपर्क करें
सम्पर्क - 7354858466
www.nonsurgicalspinecentre.in

# विंबलडनः हैट्रिक बनाने कोर्ट में उतरेंगे अल्काराज, सिनर की निगाह पहले खिताब पर

एजेंसी ▶▶| लंदन

पिछले दो बार के विजेता कार्लोस अल्काराज रविवार को होने वाले विंबलडन टेनिस टूर्नामेंट के पुरुष एकल के फाइनल में खिताबी हैट्रिक पूरी करने के इरादे से कोर्ट पर उतरेंगे जबकि उनके कट्टर प्रतिद्वंदी और विश्व के नंबर एक खिलाड़ी यानिक सिनर ऑल इंग्लैंड क्लब में पहली बार चैंपियन बनने की कोशिश करेंगे। इस मैच में फ्रेंच ओपन के फाइनल की पुनरावृति होगी, जिसमें अल्काराज ने पहले दो सेट गंवाने और तीन मैच प्वाइंट बचाकर जीत हासिल की थी।



## पुरुष एकल का फाइनल मुकाबला आज

### अल्काराज ने सेमीफाइनल में टेलर फ्रिट्ज को दी मात

अल्काराज ने विंबलडन के शुक्रवार को खेले गए पहले सेमीफाइनल में टेलर फ्रिट्ज़ को 6-4, 5-7, 6-3, 7-6 (6) से हराकर लगातार तीसरी विंबलडन चैंपियनशिप जीतने की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए। इसके बाद सिनर की बारी आई और उन्होंने पूरी तरह से फिट नहीं दिख रहे नोवाक जोकोविच को 6-3, 6-3, 6-4 से हराकर पहली बार ऑल इंग्लैंड क्लब में फाइनल में प्रवेश किया।



### अल्काराज विंबलडन में लगातार 24 मैच जीते

अल्काराज का ग्रैंड स्लैम फाइनल में रिकॉर्ड 5-0 है। सिनर के नाम पर तीन ग्रैंड स्लैम खिताब हैं। अल्काराज विंबलडन में लगातार 24 मैच जीत चुके हैं और वह इस संख्या में इजाफा करने के लिए प्रतिबद्ध होंगे। इन दोनों खिलाड़ियों के बीच अभी तक जो 12 मैच खेले गए हैं उनमें से अल्काराज ने आठ और सिनर ने चार मैच जीते हैं। अल्काराज ने हालांकि इटली के खिलाड़ी के खिलाफ पिछले पांचों मुकाबले जीते हैं।

### फ्रेंच ओपन के 5 सप्ताह बाद दोनों खिलाड़ी फिर होंगे आमने-सामने

फ्रेंच ओपन के फाइनल के ठीक 5 सप्ताह बाद यह दोनों खिलाड़ी फिर से एक दूसरे के आमने सामने होंगे। फर्क सिर्फ इतना है कि फ्रेंच ओपन का फाइनल लाल बजरी पर खेला गया था जबकि विंबलडन का फाइनल ग्रास कोर्ट पर होगा। अल्काराज ने फ्रेंच ओपन का फाइनल 5 घंटे 29 मिनट में जीता था और रविवार को यहां इन दोनों के बीच फिर से कड़ा मुकाबला होने की संभावना है। स्पेन के इस खिलाड़ी ने स्वीकार किया कि वह उनके करियर का सबसे कड़ा मैच था। उन्होंने कहा, ' यह अब तक का मेरा सबसे अच्छा मैच था। मुझे इस बात से कोई हैरानी नहीं है कि उसने मुझे मेरी आखिरी सीमा तक धकेल दिया। उम्मीद है कि रविवार को मैं अपनी सीमा में रहूंगा। यह एक शानदार फाइनल होगा और मैं इसमें खेलने के लिए उत्साहित हूं।' अल्काराज ने कहा, 'मैं बस यही उम्मीद करता हूं कि मुझे फिर से कोर्ट पर साढ़े पांच घंटे न बिताने पड़ें, लेकिन अगर इसकी जरूरत पड़ी तो मैं इसके लिए तैयार हूं।' इटली के खिलाड़ी सिनर को भी उम्मीद है कि यह रोमांचक फाइनल होगा। सिनर ने कहा, 'उम्मीद है कि यह मैच भी पिछले मैच की तरह रोमांचक होगा। मुझे नहीं पता कि यह और बेहतर होगा या नहीं, क्योंकि मुझे नहीं लगता कि यह संभव है।

## खबर संक्षेप



### अमुंडी एवियन चैंपियनशिपः अदिति संयुक्त 7वें स्थान पर

**एवियन ले बेंस।** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक ने यहां द अमुंडी एवियन चैंपियनशिप के दूसरे दौर में दो अंडर 69 का कार्ड बनाया, जिससे वह संयुक्त सातवें स्थान से शीर्ष 10 में बनी हुई हैं। पिछले 34 मेजर में वह शुरू में कभी भी शीर्ष 10 में नहीं रह पाई थीं। लेकिन उन्होंने यहां 67 और 69 के कार्ड खेले, जिससे वह शीर्ष पर चल रही दक्षिण कोरिया की सोमी ली (67, 65) से चार शॉट पीछे हैं। अदिति ने बैक नाइन से शुरूआत की और दोनों तरफ दो बर्डी लगाईं और एक बोगी की।

### 3 अगस्त से एआईएफएफ फुटसल क्लब चैंपियनशिप




**नई दिल्ली।** एआईएफएफ फुटसल क्लब चैंपियनशिप 3 से 18 अगस्त तक उत्तराखंड के रुद्रपुर में मनोज सरकार स्टेडियम में आयोजित की जाएगी। टूर्नामेंट के चौथे चरण में 17 क्लब ट्रॉफी के लिए प्रतिस्पर्धा करेंगे। टीमों को चार ग्रुप में बांटा गया है। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष दो टीमें क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी। उत्तराखंड की टीम कॉर्बेट एफसी गत विजेता है, जिसने वडोदरा में 2023-24 के फाइनल में गोलाजो एफसी को 3-2 से हराया था। दिल्ली एफसी ने 2021-22 में उद्घाटन चरण जीता था। इसके बाद मिनर्वा अकादमी एफसी ने 2022-23 में खिताब हासिल किया था।

### जोटा के जर्सी नंबर का कोई खिलाड़ी नहीं करेगा उपयोग



**लिवरपूल।** लिवरपूल ने पिछले सप्ताह कार दुर्घटना में डिओगो जोटा की मौत के बाद उनके जर्सी नंबर 20 को रिटायर कर दिया है और क्लब में किसी भी स्तर पर कोई खिलाड़ी इस नंबर का उपयोग नहीं करेगा। पुर्तगाल के अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी 28 वर्षीय जोटा और उनके भाई आंद्रे सिल्वा (जो स्वयं फुटबॉल खिलाड़ी थे) की स्पेन के उत्तर-पश्चिमी शहर जमोरा के निकट हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। लिवरपूल ने कहा कि महिला टीम और अकादमी सहित क्लब के सभी स्तरों पर उनके नंबर को हटा दिया जाएगा। प्रीमियर लीग क्लब ने एक बयान में कहा, 'यह वह नंबर था, जिसे उन्होंने गर्व के साथ पहना था और हमें कई जीत दिलाई थी। डिओगो जोटा हमेशा लिवरपूल फुटबॉल क्लब का नंबर 20 खिलाड़ी रहेगा।' जोटा ने लिवरपूल के लिए 182 मैच खेले और 65 गोल किए। लिवरपूल ने उनके रहते हुए प्रीमियर लीग के साथ-साथ एफए कप और इंग्लिश लीग कप भी जीता।


### टेस्ट : लॉर्ड्स में राहुल ने जड़ा शतक, पंत और जडेजा ने खेली अर्धशतकीय पारी

# तीसरे दिन का खेल खत्म, भारत की पारी 387 पर सिमटी, इंग्लैंड ने बनाए 2 रन

एजेंसी ▶▶| लंदन

भारत-इंग्लैंड के बीच एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी 2025 का तीसरा मुकाबला लंदन के ऐतिहासिक लॉर्ड्स क्रिकेट ग्राउंड पर हो रहा है। इस मुकाबले का तीसरा दिन खत्म हो गया है। टीम इंडिया की पहली पारी 387 के स्कोर पर सिमट गई है। बढ़त लेने से भारतीय टीम चूक गई है। इंग्लैंड ने भी पहली पारी में 387 का स्कोर बनाया था। भारत की ओर से ऋषभ पंत ने 74 रन, केएल राहुल ने शतक और जडेजा ने 72 रन बनाए। इसके जवाब में उतरी इंग्लैंड की टीम ने दिन का खेल खत्म होने तक बिना विकेट गंवाए 2 रन बनाए।

भारत-इंग्लैंड के बीच पांच मैचों की यह टेस्ट सीरीज फिलहाल 1-1 से बराबरी पर है। टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला लीड्स के हेडिंग्ले क्रिकेट ग्राउंड पर खेला गया था, जिसमें इंग्लैंड को 5 विकेट से जीत मिली थी। फिर बर्मिंघम के एजबेस्टन मैदान पर हुए मुकाबले में भारतीय टीम ने 336 रनों से शानदार जीत हासिल की। अब यह मुकाबला दोनों टीमों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। भारतीय टीम की पहली पारी में सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (13 रन) कुछ खास नहीं कर पाए और दूसरे ओवर में जोफ्रा आर्चर का शिकार बने। करुण नायर ने भी सेट होने के बाद अपना विकेट गंवाया। करुण ने 62 बॉल पर 40 रन बनाए, जिसमें चार चौके शामिल रहे। वहीं कप्तान शुभमन गिल 16 रन बनाकर क्रिस वोक्स की गेंद पर आउट हुए। इसके बाद केएल राहुल और पंत के बीच शतकीय साझेदारी हुई। लेकिन तीसरे दिन लंच ब्रेक से ठीक पहले पंत रन आउट हो गए। इसके बाद केएल राहुल ने शतक लगाया लेकिन वो 100 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद जडेजा ने 72 रनों की पारी खेली और भारतीय टीम 387 के स्कोर पर सिमट गई।




### वेंगसरकर के बाद लॉर्ड्स में दो टेस्ट शतक लगाने वाले दूसरे भारतीय बने राहुल

सलामी बल्लेबाज केएल राहुल शनिवार को मध्यक्रम के दिग्गज खिलाड़ी दिलीप वेंगसरकर के बाद लॉर्ड्स में एक से ज्यादा शतक लगाने वाले दूसरे भारतीय बल्लेबाज बन गए। राहुल ने इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच के तीसरे दिन लंच ब्रेक के तुरंत बाद जोफ्रा आर्चर की गेंद पर कवर्स में एक रन लेकर यह उपलब्धि हासिल की। हालांकि राहुल तिहरे अंक तक पहुंचने के तुरंत बाद ऑफ स्पिनर शोएब बशीर की गेंद पर आउट हो गए। यह खेल के पारंपरिक प्रारूप में कुल मिलाकर उनका 10वां और विदेशी धरती पर नौवां शतक था। कर्नाटक के इस खिलाड़ी ने 177 गेंद में 13 चौकों की मदद से 100 रन बनाए। लीड्स में श्रृंखला के पहले मैच में शतक लगाने के बाद मौजूदा पांच मैचों की श्रृंखला में यह उनका दूसरा शतक है। राहुल ने क्रीज पर कुछ शानदार ड्राइव और फ्लिक खेले। वेंगसरकर ने 1979, 1982 और 1986 में लॉर्ड्स में तीन शतक लगाए हैं। राहुल और वेंगसरकर सहित 10 भारतीय लॉर्ड्स में 'ऑनर्स बोर्ड' पर जगह बनाने में कामयाब रहे हैं। वेंगसरकर क्रिकेट के मक्का कहे जाने वाले इस प्रतिष्ठित स्थल पर सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले भारतीय बल्लेबाज हैं। राहुल ने इस स्थल पर पहला शतक 2021 में लगाया था जब उन्होंने भारत की 151 रन की जीत में 129 रन बनाए थे। श्रृंखला अभी 1-1 से बराबर है।

### मोनाको डायमंड लीग

## 200 मीटर स्पर्धा में चौथे स्थान पर रहे अनिमेष, दौड़ पूरी नहीं कर पाए साबले



एजेंसी ▶▶| मोनाको

तेजी से उभरते धावक छत्तीसगढ़ के अनिमेष कुजूर ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रगति जारी रखते हुए मोनाको डायमंड लीग में अंडर-23 की 200 मीटर स्पर्धा में चौथा स्थान हासिल किया। वहीं अनुभवी स्टीपलचेज धावक अविनाश साबले गिरने के कारण मोनाको डायमंड लीग में दौड़ पूरी नहीं कर सके।

ओलंपियन और राष्ट्रीय रिकॉर्ड धारक साबले को अपनी पसंदीदा 3000 मीटर स्टीपलचेज स्पर्धा में शीर्ष 5 में जगह बनाने की उम्मीद थी लेकिन वह दौड़ के शुरू में ही गिर गए। इसके बाद वह असहज महसूस करने लगे। मौजूदा एशियाई चैंपियन साबले लंगड़ाते हुए ट्रैक से बाहर चले गए और उनकी चोट की गंभीरता अभी तक ज्ञात नहीं है। यह 30 वर्षीय खिलाड़ी सितंबर में तोक्यो में होने वाली विश्व चैंपियनशिप के लिए पहले ही क्वालीफाई कर चुका है, लेकिन इस वर्ष वह अभी तक अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं।

वह पिछले दो डायमंड लीग मुकाबलों में 13वें और आठवें स्थान पर रहे हैं। मोरक्को के सौफियान एल. बक्काली ने 8:01.18 सेकंड के समय के साथ दौड़ जीती, जबकि जापान के रयुजी मिउरा 8:03.43 सेकंड के समय के साथ 19 धावकों में दूसरे और कीनिया के एडमंड सेरिम 8:04.00 सेकंड के समय के साथ तीसरे स्थान पर रहे।

### डायमंड लीग : चोपड़ा और नदीम होंगे आमने-सामने

सिलेसिया (पोलैंड)। दोहरे ओलंपिक पदक विजेता नीरज चोपड़ा 16 अगस्त को पोलैंड के सिलेसिया में होने वाली डायमंड लीग (डीएल) में गत चैंपियन पाकिस्तान के अरशद नदीम के खिलाफ एक बहुप्रतीक्षित मुकाबले में आमने-सामने होंगे। पेरिस ओलंपिक 2024 के बाद दोनों खिलाड़ियों की यह पहली टक्कर होगी। चोपड़ा और नदीम 8 अगस्त, 2024 को पेरिस में हुए पुरुषों की भाला फेंक प्रतियोगिता के एक साल बाद एक-दूसरे का सामना करेंगे।

### तीरंदाजी विश्व कप

## महिला टीम ने रजत पदक के साथ खोला खाता



एजेंसी ▶▶| मैड्रिड

भारत ने शनिवार को महिला कंपाउंड टीम स्पर्धा में रजत पदक के साथ तीरंदाजी विश्व कप के चौथे चरण में अपना खाता खोला लेकिन इस नतीजे ने एक बार फिर टीम की दबाव भरी परिस्थितियों से निपटने में अक्षमता को उजागर किया। क्वालीफिकेशन दौर में कुल 2116 अंकों के साथ शीर्ष स्थान हासिल करने वाली ज्योति सुरेखा वेन्नम, परनीत कौर और पदार्पण कर रही 16 वर्षीय पृथिका प्रदीप की तिकड़ी स्वर्ण पदक की ओर बढ़ती दिख रही थी और तीसरे दौर के बाद 170-169 की बढ़त बनाए थी। लेकिन यह तिकड़ी निर्णायक क्षण में आए दबाव में लड़खड़ा गई और चीनी ताइपे से 225-227 से हारकर स्वर्ण पदक से चूक गई। चीनी ताइपे की हुआंग आई-जौ, चेन यी-ह्सुआन और चिउ यू-एर्ह की तिकड़ी ने संयम बनाकर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। हालांकि भारत कंपाउंड वर्ग में और पदक जीतने की दौड़ में बना हुआ है। ज्योति मिश्रित टीम कांस्य प्लेऑफ के लिए ऋषभ यादव के साथ मिलकर हैट्रिक बनाने का लक्ष्य रखेंगी। वह परनीत कौर के साथ व्यक्तिगत स्पर्धा में भी प्रतिस्पर्धा में हैं और दोनों तीरंदाजों को दिन में अपने-अपने सेमीफाइनल में भाग लेना है।

### भारत ने फ्रांस को 3-2 से हराकर दर्ज की तीसरी जीत

**इंधोवेन (नीदरलैंड)।** भारत ए पुरुष हॉकी टीम ने शनिवार को फ्रांस को 3-2 से हराकर मौजूदा यूरोपीय दौरे पर अपनी लगातार तीसरी जीत दर्ज की। भारत के लिए फॉरवर्ड आदित्य अर्जुन लालगे ने दो गोल किए जबकि बॉबी सिंह धामी ने भी गोल किया। लालगे ने पहले मैदानी गोल किया और फिर पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदला जबकि बॉबी ने बाद में गोल किया। फ्रांस के लिए दोनों गोल क्लेमेंट ने किए। लगातार तीसरी जीत पर भारत ए के कोच शिवेंद्र सिंह ने कहा, 'भारत ए पुरुष हॉकी टीम इस दौरे की तैयारी में कड़ी मेहनत कर रही है और यह देखकर बहुत अच्छा लग रहा है कि मैदान पर भी चीजें अच्छी चल रही हैं।' उन्होंने कहा, 'इस दौरे पर हमें कुछ और मैच खेलने हैं और मुझे विश्वास है कि टीम अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखेगी और अपनी लय बनाए रखेगी।' भारत ए रविवार को फिर से फ्रांस से भिड़ेगा और यूरोप दौरे में अभी उनके पांच मैच बाकी हैं। टीम ने पहले आयरलैंड को दो बार और फ्रांस को एक बार हराया था।

### धीमी ओवर गति के लिए टीमों पर जुर्माना लगाना पर्याप्त नहीं, क्योंकि खिलाड़ी काफी अमीर : वॉन

**लंदन।** भारत और इंग्लैंड के बीच लॉर्ड्स में खेले जा रहे तीसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन केवल 75 ओवर फेंके गए, जिसके बाद इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने यह सुनिश्चित करने के लिए कहा, जिससे कि टीम टेस्ट मैच के पांचों दिन 90 ओवर का कोटा अनिवार्य रूप से पूरा करें। भारत ने टेस्ट के पहले दिन 83 ओवर फेंके, जबकि दूसरे दिन 75 से भी कम ओवर फेंके जा सके, जिससे दोनों दिनों में कुल मिलाकर लगभग 23 ओवर कम हो गए। वॉन ने कहा कि धीमी ओवर गति के लिए टीमों को दंडित करना पर्याप्त नहीं है, क्योंकि खिलाड़ी काफी अमीर हैं और उन पर लगाए गए जुर्माने से वे प्रभावित नहीं होंगे।



#### दूसरे, तीसरे और चौथे दिन खेल इतनी धीमी गति से क्यों

वॉन ने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि जुर्माना काम करेगा। मुझे लगता है कि ये लड़के (क्रिकेटर) काफी अमीर हैं। मुझे नहीं लगता कि जुर्माना लगाने से उन पर किसी तरह का प्रभाव पड़ेगा।' वह यह समझ नहीं पा रहे हैं कि टीमें पहले चार दिनों में ओवरों का कोटा पूरा क्यों नहीं कर पाई जबकि पांचवें और अंतिम दिन उन्होंने पूरे 90 ओवर किए।

## 25वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने से चूके जोकोविच, कहा- यह मेरा आखिरी विंबलडन नहीं, एक बार और खेलूंगा

एजेंसी ▶▶| लंदन

नोवाक जोकोविच ने सेमीफाइनल में यानिक सिनर से हारने के बाद स्पष्ट किया कि यह उनका विंबलडन में आखिरी मैच नहीं था और वह कम से कम एक बार और इस प्रतिष्ठित टेनिस टूर्नामेंट में खेलने का इरादा रखते हैं। मैच के बाद 38 वर्षीय जोकोविच ने कहा, 'मैं आज अपना विंबलडन करियर खत्म करने की योजना नहीं बना रहा हूं। मैं निश्चित रूप से कम से कम एक बार और वापसी की योजना बना रहा हूं।' सेंटर कोर्ट पर विश्व के नंबर एक खिलाड़ी सिनर से 6-3, 6-3, 6-4 से मिली हार ने जोकोविच के विंबलडन में रोजर फेडरर के आठ चैंपियनशिप के पुरुष रिकॉर्ड की बराबरी करने और 25वां ग्रैंड स्लैम खिताब जीतने के प्रयास पर पानी फेर दिया।



### सेमीफाइनल में नहीं दिखे अपने पूरे रंग में

जोकोविच क्वार्टर फाइनल मैच के दौरान आखिरी सेट में चोटिल हो गए थे और सेमीफाइनल में वह अपने पूरे रंग में नहीं दिखे। जोकोविच ने कहा, 'मैं अपनी चोट के बारे में विस्तार से बात नहीं करना चाहता। मैं सिर्फ अपने प्रदर्शन को लेकर बात करना चाहता हूं। मुझे इस बात की निराशा जरूर है कि मैं उतना अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाया जितना मैंने सोचा था या उम्मीद की थी।' इस स्टार खिलाड़ी ने सिनर के खिलाफ मैच में तीसरे सेट से पहले बाएं पैर के ऊपरी हिस्से के उपचार के लिए ट्रेनर की मदद ली और इसके बाद पहले तीन गेम जीते। वह हालांकि असहज महसूस कर रहे थे और उन्हें आखिरी सात गेम में से छह में हार का सामना करना पड़ा।

### दोनों टीमों ने की ताबड़तोड़ बल्लेबाजी, 14.18 की औसत से बने रन

# टी20 इंटरनेशनल का नया वर्ल्ड रिकॉर्ड, मैच में लगे 41 छक्के

एजेंसी ▶▶| बुल्गारिया

एसीएन बुल्गारिया टी20 ट्राई सीरीज के एक मैच में रिकॉर्ड तोड़ रन बने हैं। यह मैच बुल्गारिया और जिब्राल्टर के बीच खेला गया। इस मैच को बुल्गारिया ने अपने नाम किया हो लेकिन दोनों टीमों के बल्लेबाजों ने इस मैच में गेंदबाजों की जमकर धुनाई की। इस मैच में 14.18 के रन रेट से रन बनाए गए हैं, जो कि टी20 क्रिकेट में पहली बार हुआ है। इससे पहले न्यूजीलैंड और स्कॉटलैंड के बीच 2009 में 13.76 के रन रेट से रन बने थे। इस टी20 मैच में कुल 41 छक्के लगाए गए हैं। यही नहीं दोनों पारियों को मिलाकर 35 ओवर से भी कम में यहां 450 से ज्यादा रन बने।



### जिब्राल्टर ने 20 ओवर में बनाए 243 रन

इस मैच में जिब्राल्टर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 243 रन बनाए। टीम की ओर से सलामी बल्लेबाज फिल रैक्स ने 33 गेंद पर 73 रन बनाए। उन्होंने अपनी इस पारी के दौरान चार चौके और आठ छक्के जड़े। यही नहीं कप्तान इयान लैटिन ने 51 रन का योगदान दिया। उन्होंने अपनी इस पारी में 7 चौके और दो छक्के जड़े। लुईस ब्रूस ने 24 रन की पारी खेली जबकि क्रिस पाईल ने 22 रन बनाए। बुल्गारिया की ओर से जैकब गुल ने चार ओवर में 37 रन देकर चार विकेट झटके।

### बुल्गारिया ने 15 ओवर में जीता मैच

लक्ष्य का पीछा करने उतरी बुल्गारिया ने इस मैच को 15 ओवर के भीतर ही जीत लिया। टीम की ओर से मनन बशीर ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए 21 गेंद पर 3 चौके और 9 छक्कों की मदद से 70 रन की विस्फोटक पारी खेली। यही नहीं सलामी बल्लेबाज इसा जरू ने 24 गेंद पर 9 चौके और 5 छक्कों की मदद से 69 रन की पारी खेली। मिलन गोगेव ने 69 रन का योगदान दिया। यही नहीं कप्तान क्रिस लाकोव ने 19 रन बनाए। बुल्गारिया की ओर से लुईस ब्रूस ने चार ओवर में 48 रन देकर दो विकेट झटके।

### टॉप पर बुल्गारिया

इस मैच में बल्लेबाजों ने धमाकेदार बल्लेबाजी की। इस जीत के साथ बुल्गारिया के चार अंक हो गए हैं और वो पॉइंट्स टेबल में पहले स्थान पर है। जिब्राल्टर भले ही मैच हार गए हो लेकिन उनके भी चार अंक हैं। टीम का नेट रन रेट बुल्गारिया से कम है और इसी वजह से वो दूसरे स्थान पर हैं। इस ट्राईसीरीज में तुर्की में भाग ले रही है जिसने दो मैच खेले हैं और दोनों में उन्होंने हार का सामना किया है। टीम का खाता नहीं खुला है और वो पॉइंट्स टेबल में सबसे नीचे है।



# धनुष की 'कुबेर' ओटीटी प्लेटफॉर्म पर होगी रिलीज

मुंबई। दक्षिण भारतीय सिनेमा के जाने-माने अभिनेता धनुष की फिल्म 'कुबेर' को 20 जून को सिनेमाघरों में रिलीज किया गया था। नागार्जुन अक्किनेनी और रश्मिका मंदाना ने भी इस फिल्म में अपनी अदाकारी का तड़का लगाया है। इस फिल्म से निर्माताओं के साथ-साथ दर्शकों को काफी उम्मीदें थीं, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर यह कुछ खास कमाल नहीं दिखा सकी। अब 'धनुष' अपनी ओटीटी रिलीज के लिए तैयार है। 'कुबेर' का प्रीमियर 18 जुलाई, से ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर होगा। जो दर्शक इस फिल्म को सिनेमाघरों में नहीं देख पाए, वह अब इसे ओटीटी पर देख सकते हैं।

लाइफ Style



# रोशनी

## 'सन ऑफ सरदार 2' में आएंगी नजर

अभिनेता अजय देवगन जल्द ही फिल्म 'सन ऑफ सरदार 2' में नजर आएंगे, जिसके निर्देशन की कमान विजय कुमार अरोड़ा ने संभाली है। फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो गया है, जिसे दर्शक काफी पसंद कर रहे हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

'सन ऑफ सरदार 2' में मृणाल ठाकुर, नीरू बाजवा, संजय दत्त और रवि किशन जैसे सितारे भी नजर आएंगे। अभिनेत्री रोशनी वालिया भी इस फिल्म का हिस्सा हैं, जिनकी इस वक्त खूब चर्चा हो रही है। रोशनी वालिया बॉलीवुड की एक उभरती हुई अभिनेत्री हैं। उनका जन्म 20 सितंबर, 2001 को उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में हुआ था। 24 वर्षीय रोशनी वर्तमान में मुंबई में रहती हैं। उन्होंने अपनी शुरुआती पढ़ाई प्रयागराज से ही पूरी की है। हालांकि, उन्हें बचपन से ही अभिनय में रुचि थी, जिसके चलते उन्होंने मुंबई का रुख किया और विज्ञापनों में काम किया। रोशनी ने टीवी शो 'मैं लक्ष्मी तेरे आंगन की' के जरिए अभिनय की दुनिया में कदम रखा था।

रोशनी ने 'बालिका वधूः कच्ची उमर के पक्के रिश्ते', 'देवों के देव... महादेव', 'ये वादा रहा' और 'भारत का वीर पुत्रः महाराणा प्रताप' जैसे धारावाहिकों में भी काम किया है। वह वेब सीरीज 'नाम नमक निशान' में नजर आ चुकी हैं। रोशनी ने कॉमेडियन और अभिनेता कपिल शर्मा की फिल्म 'फिरंगी' में भी अभिनय किया है। अब वह 'सन ऑफ सरदार 2' के जरिए बड़े पर्दे पर धमाल मचाती नजर आएंगी।

## हॉलीवुड मसाला



# सेंसर बोर्ड पर भड़के भारतीय दर्शक

**नई दिल्ली।** भारत में 'सुपरमैन' देखने गए दर्शक निराश हुए क्योंकि फिल्म से किसिंग सीन हटा दिए गए थे। सोशल मीडिया पर लोगों ने सेंसरशिप की आलोचना की। सीबीएफसी ने कथित तौर पर कई सारी एडिटिंग की है, जिसमें डेविड और रेचल के बीच 33 सेकंड के किसिंग सीन को छोटा कर दिया गया है। उनका कहना है कि सीबीएफसी एक साधारण किस दिखाने की इजाजत नहीं दे रहा है। सोशल मीडिया पर लोगों के शिकायतों की बाढ़ आ गई, कई फैंस ने सेंसरशिप की आलोचना की और उन रोमांटिक सीन्स को काटने के पीछे के कारण पर सवाल उठाए जिन्हें वे मानक मानते थे।

# 'एवेंजर्सः डूम्सडे' का सीन हुआ लीक...



**लॉस एंजिल्स।** मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स के फैंस को 'एवेंजर्स' फ्रेंचाइज की अगली फिल्म 'एवेंजर्सः डूम्सडे' का बेसब्री से इंतजार है। मार्वल स्टूडियो के लिए भी यह फिल्म बहुत मायने रखती है, क्योंकि 2019 में 'एवेंजर्सः एंडगेम' के बाद से एमसीयू की किसी भी फिल्म ने वो सफलता नहीं पाई है, जिसकी इससे उम्मीद रहती है। 'डूम्सडे' जहां 2026 में रिलीज होगी, वहीं उससे पहले 25 जुलाई को 'फैंटास्टकि फोरः फर्स्ट स्टेप्स' भी आ रही है। बहरहाल, इस बीच 'एवेंजर्सः डूम्सडे' के सेट से कुछ नई तस्वीर सामने आई हैं, जिसके बाद यह कहा जा रहा है कि फिल्म का प्लॉट लीक हो गया है! 'एवेंजर्सः डूम्सडे' के सेट से जो नई तस्वीरें आई हैं।

दरअसल, तस्वीर में फैंटास्टिक फोर के द थिंग, थंडरबोल्ट्स के यूएस एजेंट और द फाल्कन को एक ही फ्रेम में देखा जा रहा है। ये सभी फुल कॉस्ट्यूम में हैं। इन्हें कंट्रोल रूम के अंदर खड़े देखा जा रहा है। एजेंट का किरदार निभाने वाले वायट रसेल ने भी अपना सूट पहना रखा है। उन्हें 'थंडरबोल्ट्स' के पोस्ट-क्रेडिट सीन में दिखाए गए फैंटास्टिक फोर के जहाज के कंट्रोल पैनल की जांच करते हुए देखा जा रहा है। तस्वीर में सुपरहीरोज के चारों ओर की खिड़कियों से अंदाजा लगाया जा रहा है कि यह किसी अंतरिक्ष यान का कॉकपिट हो सकता है। द थिंग का किरदार निभाने वाले एबन मॉस-बचराच ने अपना सूट पहना हुआ है, जिसे बाद में असली सुपरहीरो में बदल दिया जाता है।



# बैटल ऑफ गलवान में आएंगी नजर

**मुंबई।** अभिनेता सलमान खान पिछले कुछ दिनों से फिल्म 'बैटल ऑफ गलवान' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं, जिसके निर्देशन की कमान अपूर्व लाखिया को सौंपी गई है। इस फिल्म में सलमान की जोड़ी अभिनेत्री चित्रांगदा सिंह के साथ बनी है और यह पहला मौका होगा, जब ये दोनों कलाकार पर्दे पर साथ दिखाई देंगे। अब चित्रांगदा ने पहली बार सलमान के साथ काम करने को लेकर अपनी उत्सुकता साझा की है। चित्रांगदा ने बताया कि वह फिल्म में शामिल होने पर बेहद खास महसूस कर रही हैं। उन्होंने कहा, मुझे आज भी याद है कि मिस्टर खान कहते थे कि हमें साथ काम करने का मौका जरूर मिलेगा और आखिरकार अब ऐसा हो रहा है। जैसे कि सलमान कहते हैं, 'एक बार मैंने कमिटमेंट कर दी तो मैं अपने आप की भी नहीं सुनता।'

# शनाया की पहली फिल्म देख भावुक हुईं मां



**मुंबई।** अभिनेता विक्रांत मैसी की फिल्म 'आंखों की गुस्ताखियां' आखिरकार 11 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। फिल्म को समीक्षकों के साथ-साथ दर्शकों की तरफ से मिली-जुली प्रतिक्रिया मिली। खास बात यह है कि इस फिल्म के जरिए अभिनेता संजय कपूर और उद्यमी महीप कपूर की बेटी शनाया कपूर ने अभिनय की दुनिया में कदम रखा है। अब शनाया की पहली फिल्म देख उनकी मां महीप भावुक हो गई हैं। उन्होंने अपनी खुशी साझा की है। महीप ने हाल ही में अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम पर पर शनाया की बचपन की तस्वीरें साझा की हैं। इसके साथ उन्होंने कैप्शन में लिखा, 'मेरी बच्ची की पहली फिल्म सिनेमाघरों में आ गई है। भगवान का आभार। आंखों की गुस्ताखियां आपके नजदीकी सिनेमाघरों में।'







# 'मालिक' ही नहीं, देखिए मार-धाड़ से लबरेज बॉलीवुड की ये गैंगस्टर फिल्में

*मुंबई। अभिनेता राजकुमार राव फिल्म 'मालिक' को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। इस फिल्म में उनके साथ पहली बार मानुषी छिल्लर नजर आ रही हैं। राजकुमार पहली बार पर्दे पर गैंगस्टर बन मार-पिटाई करते दिखे हैं और उनका यह एक्शन अवतार प्रशंसकों को खूब भा रहा है। वैसे 'मालिक' से पहले भी बॉलीवुड में कई ऐसी शानदार गैंगस्टर फिल्में बन चुकी हैं, जिनमें एक्शन के साथ-साथ हीरो की डॉनगिरी आकर्षण का केंद्र रही।*

***'वास्तव'*** *: महेश मांजरेकर के निर्देशन में बनी इस फिल्म में संजय दत्त ने 'रघु भाई' बनकर धमाल मचा दिया था। फिल्म में बहुत ही शानदार तरीके से मुंबई अंडरवर्ल्ड और नेताओं के रिश्ते को दिखाया गया है। आईएमडीबी ने इसे 8 की रेटिंग से नवाजा है। 7 करोड़ रुपये के बजट वाली इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर 20 करोड़ रुपये कमाए थे। अमेजन प्राइम वीडियो और यूट्यूब पर यह फिल्म देखी जा सकती है।*



***'सत्या'*** *: राम गोपाल वर्मा के निर्देशन वाली गैंगस्टर फिल्म सत्या से ही मनोज बाजपेयी को बॉलीवुड में पहचान मिली थी या कहें यही वो फिल्म थी, जो उनके करियर में मील का पत्थर साबित हुई। भीखू महात्रे की भूमिका में मनोज ने अपनी तगड़ी एक्टिंग से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया था। दो करोड़ रुपये में बनी इस फिल्म ने 15 करोड़ रुपये कमाए थे। आईएमडीबी पर 8.2 रेटिंग वाली ये फिल्म सोनी लिव और यूट्यूब पर मौजूद है।*

### 'गैंग्स ऑफ वासेपुर'

इस फिल्म का निर्देशन अनुराग कश्यप ने किया था। जब भी बॉलीवुड की बेहतरीन गैंगस्टर फिल्मों की बात होती है तो 'गैंग्स ऑफ वासेपुर' का जिक्र जरूर होता है। फिल्म में नवाजुद्दीन सिद्दीकी ने फैजल खान का किरदार निभाकर पर्दे पर तबाही मचा दी थी। 8.2 रेटिंग लेने वाली 3 परिवारों के बीच की दुश्मनी और राजनीति पर आधारित इस फिल्म का लुत्फ आप नेटफ्लिक्स और जियो हॉटस्टार पर ले सकते हैं।

**'वन्स अपॉन ए टाइम इन मुंबई' और 'मकबूल':** आईएमडीबी पर 7.4 रेटिंग पा चुकी अजय देवगन, इमरान हाशमी और कंगना रनौत की वन्स अपॉन ए टाइम इन मुंबई बेहतरीन गैंगस्टर फिल्मों में से एक है। इसके हरेक सीन पर तालियां बजी थी। आईएमडीबी पर इसे 7.4 रेटिंग मिली है। उधर बॉलीवुड में अलग धाक जमाने वाले दिवंगत अभिनेता इरफान खान ने फिल्म 'मकबूल' में 'मकबूल' बनकर दर्शकों का दिल जीत लिया था। इसकी रेटिंग 8.0 है। दोनों फिल्में अमेजन प्राइम वीडियो, एमएक्स प्लेयर और यूट्यूब पर हैं।

**फिल्म 2 जिद्दी लोगों के बीच अहंकार की लड़ाई देखने को मिलेगी**

# 'लव एंड वॉर' में रणबीर-विक्की के बीच भयानक भिड़ंत, बनेगा भव्य सेट

*मुंबई। निर्देशक संजय लीला भंसाली अपनी भव्य फिल्मों के लिए जाने जाते हैं। उनकी पिछली वेब सीरीज 'हीरामंडी' उदाहरण के लिए काफी है। अब भंसाली की अगली फिल्म का उनके प्रशंसक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। पिछले काफी समय से वह फिल्म 'लव एंड वॉर' की शूटिंग कर रहे हैं, जिसे लेकर दर्शकों का उत्साह चरम पर है। फिल्म से जुड़ीं अब कुछ ऐसी जानकारियां सामने आई हैं, जिनके बाद इसकी राह देख रहे दर्शकों की बेताबी और बढ़ जाएगी।*



### जबरदस्त टक्कर देख रोंगटे खड़े हो जाएंगे

रिपोर्ट के मुताबिक, अगस्त में रणबीर कपूर और विक्की कौशल के बीच एक जबरदस्त सीक्वेंस की शूटिंग होने वाली है, जिसे देख दर्शकों रोंगटे खड़े हो जाएंगे। भंसाली की टीम इस वक्त एक काफी बड़ा सेट तैयार करने में लगी है, जहां नई पीढ़ी के ये 2 सबसे दमदार सितारे एक-दूसरे से भिड़ते दिखेंगे। भंसाली ने रणबीर और विक्की के बीच डायलॉग से भरे इस झन्नाटेदार सीन को प्लान और डिजाइन करने में काफी वक्त लगाया है।

### कब रिलीज होगी फिल्म?

बता दें कि रणबीर और विक्की ने इस फिल्म के लिए शारीरिक तौर पर काफी बदलाव किए हैं। रणबीर ने जहां 12 किलो वजन घटाया है तो वहीं विक्की ने भी 15 किलो वजन कम किया है।

अगर सब योजना के मुताबिक चलता रहा, तो मार्च 2026 तक इस फिल्म को रिलीज किया जा सकता है। ये फिल्म वॉर के बैकग्राउंड पर सेट एक लव स्टोरी है, जिसमें 2 जिद्दी लोगों के बीच अहंकार की लड़ाई देखने को मिलेगी।

### कब पूरी होगी 'लव एंड वॉर' की शूटिंग?

सूत्र ने बताया कि 'लव एंड वॉर' की 100 दिनों की शूटिंग पूरी हो चुकी है। 90 दिनों की शूटिंग अभी बाकी है। भंसाली 2025 के अंत तक 'लव एंड वॉर' की शूटिंग पूरी करना चाहते हैं। हालांकि, शूटिंग का एक बड़ा हिस्सा मुंबई के अलग-अलग स्टूडियो में शूट होगा, लेकिन टीम ने अक्टूबर के बाद यूरोप में एक आउटडोर शूटिंग की भी योजना बनाई है। अपनी बाकी फिल्मों की तरह ही भंसाली इसे भी काफी नाप-तौलकर बना रहे हैं।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930